CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 16°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 31 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 72 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2083 11 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय जल्द बढ़ाया जाएगा: योगी पेज 2



पंजाब की नजर घरेलू मैदान में वापसी पर खेल टाइम्स



अहिंसा का शाश्वत संदेश: क्यों आज भी प्रासंगिक हैं महावीर सम्पादकीय



जल्द समझौता नहीं हुआ, तो तबाह कर देंगे खर्ग द्वीप: ट्रम्प पेज 12

# स्पेन ने अमेरिका के लिए एयरस्पेस बंद किया, मिलिट्री बेस के इस्तेमाल पर भी लगाई रोक

तेल अवीव/तेहरान, वार्ता

**स्पेन ने ईरान** के खिलाफ युद्ध में शामिल अमेरिकी सैन्य विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। साथ ही, मिलिट्री बेस के इस्तेमाल पर भी रोक लगा दी गई है।

स्पेन की रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स ने कहा कि देश अपने एयरस्पेस और सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल ईरान से जुड़े किसी भी सैन्य अभियान के लिए नहीं करने देगा। इस फैसले के बाद अमेरिकी विमानों को रूट बदलने पड़ेंगे, हालांकि मानवीय और आपातकालीन उड़ानों को छूट दी गई है। स्पेन के अर्थव्यवस्था मंत्री कार्लोस कुएर्पो ने कहा कि यह फैसला एकतरफा और अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ शुरू युद्ध का समर्थन न करने के आधार पर लिया गया है। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज पहले ही अमेरिका-इजरायल सैन्य अभियान की आलोचना कर चुके हैं। वहीं, डोनाल्ड ट्रम्प ने इस फैसले के जवाब में व्यापारिक कार्रवाई की धमकी दी है। वहीं ईरान ने लेबनान के निष्कासन आदेश को ठुकराते हुए कहा है कि उसका राजदूत बेरूत में ही अपना काम जारी रखेगा। विदेश मंत्रालय ने साफ किया कि राजदूत अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता रहेगा। दरअसल, लेबनान ने पिछले हफ्ते ईरान के राजदूत मोहम्मद रजा शिबानी को पर्सोना नान ग्राटा घोषित कर 29 मार्च तक देश छोड़ने का निर्देश दिया था।



■ कहा: ईरान के विरुद्ध युद्ध अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ, अमेरिकी विमानों को रूट बदलने पड़ेंगे

## ईरान का इजरायल के केमिकल प्लांट पर हमला

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान ने दक्षिणी इजरायल में एक केमिकल प्लांट पर मिसाइल हमला किया है, जिससे प्लांट में भीषण आग लग गई है। इससे इलाके में जहरीले रिसाव का खतरा पैदा हो गया है। एक व्यक्ति घायल भी हुआ है।

हमला नियोत होवाव इंडस्ट्रियल जोन में हुआ, जो बीयरशेवा शहर से करीब 9 किलोमीटर दूर स्थित है।

■ जहरीले रिसाव की चेतावनी, लोगों को आदेश, घर में रहें, खिड़कियां बंद रखें

हमले के बाद अधिकारियों ने आसपास के लोगों को घरों में रहने और खिड़कियां बंद रखने की सलाह दी है, क्योंकि प्लांट में खतरनाक रसायन मौजूद हैं। बगदाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास स्थित इस ठिकाने पर हुई घटना में एक अमेरिकी हेलीकॉप्टर को निशाना बनाया गया हो सकता है। उधर, इराकी सशस्त्र समूह ने यूएस ठिकानों पर हमलों की ज़िम्मेदारी ली। इराकी सशस्त्र समूह 'सराया औलिया अल-दम' ने अपने टेलीग्राम चैनल पर कहा है कि उसने पिछले 24 घंटों में इस क्षेत्र में यूएस ठिकानों को निशाना बनाते हुए आठ हमले किए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बड़े पदों पर कमजोर वर्ग की हिस्सेदारी सुनिश्चित हो : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश के संस्थानों में बहुजन समाज की बड़े पदों पर हिस्सेदारी कम है और उनकी उचित भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण से आगे बढ़कर नीतिगत सुधार किए जाने चाहिए। श्री गांधी में सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उनसे मिलने जब भी किसी संस्थान या संगठन के लोग आते हैं तो सबकी शिकायत यही रहती है कि उनके संस्थान में वरिष्ठ पदों पर कमजोर वर्ग के लोगों की हिस्सेदारी नहीं के बराबर है। उन्होंने कहा कि हाल ही में जनसंसद में ग्रामीण बैंक के एससी-एसटी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान भी यह बात सामने आई कि प्रोन्नति में रोस्टर नियम होने के बावजूद दलित और आदिवासी कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जाता है।

### पुलिस ने लश्कर कमांडर शब्बीर को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने बांग्लादेश सीमा के पास से एक समन्वित कार्रवाई में लश्कर-ए-तैयबा (लश्कर) के कमांडर शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार कर लिया है। मामले से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि लोन ढाका के बाहरी इलाके में स्थित एक गुप्त ठिकाने से लश्कर का एक मॉड्यूल चला रहा था। यह सफलता दो महीने की कड़ी मशक्कत भरी खोज के बाद मिली, जिसकी निगरानी खुद दिल्ली पुलिस के आयुक्त सतीश गोलचा कर रहे थे।

### ममता बनर्जी पर मतदाताओं को धमकाने का आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को चुनाव आयोग से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने और मतदाताओं को धमकाने का आरोप लगाया है। इस मुद्दे को लेकर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और किरेन रिजिजू के नेतृत्व में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग पहुंचकर औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। भाजपा प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, किरण रिजिजू और सुकांत मजूमदार के साथ-साथ अनिल बलूनी और पार्टी के कई नेता शामिल थे। नेताओं ने आयोग को एक ज्ञापन सौंपकर राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की।

# जनगणना- 2027 का पहला चरण एक अप्रैल से होगा शुरू

## पहले चरण के लिए 33 सवाल तय, ऑनलाइन पोर्टल पर भी दे सकेंगे जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जनगणना-2027 का पहला चरण एक अप्रैल 2026 से शुरू हो रहा है। इसमें 33 सवाल पूछे जाएंगे। इसके मुताबिक, स्थिर रिश्ते में रहने वाले लिव-इन कपल्स को भी शादीशुदा माना जाएगा। ऐसा तब ही होगा जब कपल मानेगा कि उनका रिश्ता लंबा चलने वाला है।

पहले फेज के लिए ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया गया है, जहां लोग खुद अपनी जानकारी भर सकेंगे। उनकी मदद के लिए इस पोर्टल पर फेक (अक्सर पूछे जाने वाले सवाल) भी दिए गए हैं। यह चरण 'हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना' कहलाता है। इसका मकसद देश में घरों और बुनियादी सुविधाओं की जानकारी जुटाना है, ताकि सरकार बेहतर योजनाएं बना सके। दूसरे चरण में आबादी से जुड़ी डिटेल जानकारी ली जाएगी। भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण कहते हैं कि जनगणना की संदर्भ तिथि (रेफरेंस डेट) बहुत महत्वपूर्ण है। संदर्भ समय एक मार्च की आधी रात है, जो 28 फरवरी 2027 और एक मार्च 2027 के बीच पड़ती है। इस संदर्भ तिथि का उल्लेख 16 जून 2025 को जारी पहली अधिसूचना में किया गया था, जिसमें जनगणना कराने के इरादे की घोषणा की गई थी। इसी संदर्भ तिथि के कारण इसे जनगणना 2027 कहा जाता है। 16 जून, 2025 को अधिसूचना प्रकाशित होने के बाद प्रक्रिया शुरू हो गई थी, लेकिन संदर्भ तिथि एक मार्च 2027 ही बनी हुई है। जनगणना के परिणामों से प्रत्येक प्रशासनिक इकाई, राज्य, जिले, गांव और वार्ड की जनसंख्या और विभिन्न आंकड़ों की एक झलक मिलेगी, जैसा -**शेष पृष्ठ दो पर**




■ लिव-इन कपल्स को शादीशुदा का दर्जा मिलेगा
■ जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी
■ करीब 30 लाख कर्मचारी मोबाइल एप के जरिये देशभर में जानकारी जुटाएंगे

### व्यक्तिगत डेटा पूरी तरह गोपनीय

**नई दिल्ली।** रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने जनगणना अधिनियम की धारा 15 का हवाला देते हुए कहा कि जनगणना के दौरान जुटाया गया व्यक्तिगत डेटा पूरी तरह गोपनीय रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति की जानकारी न तो आरटीआई के तहत साझा की जा सकती है, न ही अदालतों में साक्ष्य के रूप में पेश की जा सकती है और न ही किसी अन्य संस्था के साथ साझा की जाएगी।

# अंगोला से गैस खरीदने की तैयारी में भारतीय कंपनियां

## होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों को नहीं गुजरना पड़ेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत में गैस की कमी और होर्मुज स्ट्रेट संकट की वजह से सरकारी तेल और गैस कंपनियां अब नए देशों से रसोई गैस (एलपीजी) खरीदने का ऑप्शन तलाश रही है। इसी वजह से इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और गेल जैसी कंपनियां अफ्रीकी देश अंगोला की सरकारी कंपनी सोनानगोल से एलपीजी खरीदने पर बातचीत कर रही हैं।

ये कंपनियां सोनानगोल के साथ लंबे समय का समझौता करने पर विचार कर रही हैं। हालांकि, बातचीत अभी शुरुआती दौर में है और सरकार स्तर पर भी चर्चा चल रही है। दरअसल, भारत की 92 फीसदी एलपीजी खाड़ी देशों से आती है। भारत सरकार इस निर्भरता घटाना चाहती है। ऐसे में अगर अंगोला से करार हो जाता है, तो जहाज अटलांटिक और अरब महासागर होते हुए सीधे भारत पहुंचेंगे। उन्हें होर्मुज स्ट्रेट से नहीं गुजरना होगा। भारत और अंगोला के बीच पहले से तेल और गैस का व्यापार होता रहा है, इसलिए दोनों देशों के बीच भरोसा और सप्लाई सिस्टम पहले से बना हुआ है। इसी वजह से नई डील करना आसान हो जाता है। अंगोला में गैस उत्पादन होता है और वहां एलपीजी के लिए जरूरी प्रोपेन और ब्यूटेन भी मिलते हैं, जिससे भारत को सीधे गैस मिल सकती है। सप्लाई के लिहाज से भी अंगोला सही विकल्प है, क्योंकि समुद्र के रास्ते गैस 12 से 18 दिन में भारत पहुंच सकती है और वहां एक्सपोर्ट की अच्छी सुविधा भी मौजूद है। अंगोला में एनर्जी सेक्टर सरकार के कंट्रोल में है, जिससे सरकारी स्तर पर समझौता करना आसान होता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अफ्रीका से गैस सप्लाई अमेरिका की तुलना में 10 से 15 दिन जल्दी भारत पहुंच सकती है। ऐसे में अंगोला भारत के लिए एक अच्छा ऑप्शन बन सकता है। अगर यह करार होता है, तो अंगोला पहली बार भारत को रसोई गैस सप्लाई करेगा। भारतीय कंपनियां एलपीजी के लिए करीब एक साल और एलएनजी के लिए कम से कम 10 साल का करार करने पर विचार कर रही हैं।



■ अंगोला सोनानगोल के साथ लंबे समय का समझौता करने पर विचार

# तेलंगाना में पैरेंटल सपोर्ट बिल पास

**नई दिल्ली।** तेलंगाना सरकार बुढ़ापे में माता-पिता को 'बोझ' समझने वाले बच्चों पर अब तक की सबसे बड़ी सख्ती करने जा रही है। राज्य विधानसभा ने पैरेंटल सपोर्ट बिल, 2026' सर्वसम्मति से पास कर दिया। इसके तहत, यदि कोई कर्मचारी अपने माता-पिता की देखभाल नहीं करता, तो उसकी कुल सैलरी में से 15 फीसदी या 10,000 (जो भी कम हो) की कटौती की जाएगी।

देश में पहली बार ऐसा कानून बना है, जिसमें सरकारी के साथ ही प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों, विधायकों, सांसदों और सरपंचों तक को जवाबदेह बनाया गया है। खास बात यह है कि माता-पिता को इसके लिए कोर्ट नहीं जाना होगा, वे सीधे जिला कलेक्टर के पास आवेदन कर सकेंगे। जांच में शिकायत सही मिलने पर कलेक्टर सीधे कंपनी या विभाग को सैलरी काटकर माता-पिता के खाते में भेजने का आदेश देंगे। विधेयक पेश करते हुए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भावुक हो गए। उन्होंने बताया कि मैं एक ऐसे जनप्रतिनिधि को जानता हूं जिसके पिता की कैंसर से मौत हो गई, लेकिन बेटे ने सुध तक नहीं ली। जब माता-पिता की आंखों में आंसू होते हैं, तो वह समाज के पतन का संकेत है। समाज को ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार करना चाहिए जो सक्षम होकर भी अपनों को छोड़ देते हैं। केरल और असम में भी हैं ऐसे कानून- केरल (2023) - यहां 25 फीसदी तक कटौती का प्रावधान है। मुख्य रूप से उन लोगों पर लागू होता है जिन्हें 'अनुकंपा नियुक्ति' मिली है।

■ मां-बाप को बेसहारा छोड़ा, तो कटेगी 15% सैलरी
■ पहली बार सांसद-विधायक भी कानून की जद में आएंगे

# यूपी समेत 20 राज्यों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश में बेमौसम बारिश का दौर जारी है। यूपी और राजस्थान समेत 20 राज्यों में आज बारिश का अलर्ट है।

राजस्थान के 25 जिलों में आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है। वहीं, यूपी के 46 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी का दौर जारी है। हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई है। उत्तराखंड के नैनीताल में सोमवार सुबह बूंदाबांदी हुई। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में सोमवार सुबह बारिश हुई। वहीं, गुलमर्ग, पहलगाम, यूसमर्ग, गुरेज, रजदान टाप और सोनमर्ग-जोजिला जैसे ऊंचाई वाले इलाकों में रविवार को बर्फबारी हुई। पंजाब के सभी जिलों में बारिश का अलर्ट है।

■ जम्मू-कश्मीर और हिमाचल में बर्फबारी, दिल्ली में आंधी के साथ बारिश की संभावना




# संकटग्रस्त कंपनियों के समाधान की प्रक्रिया होगी तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक 2025 ध्वनिमत से पारित हो गया। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह विधेयक संकटग्रस्त कंपनियों के समाधान की प्रक्रिया को तेज करने के मुख्य उद्देश्य से लाया गया है।

उन्होंने कहा कि इस विधेयक के कानून बन जाने के बाद कंपनियों के दिवाला मामलों का अदालत के बाहर समाधान किया जा सकेगा। इससे निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि यह विधेयक अगस्त 2025 में लोकसभा में लाया गया था, तथा इसे प्रवर समिति को भेज दिया गया था। प्रवर समिति ने गहनता और गंभीरता से विचार करने के बाद 11 संशोधन सुझाए हैं और सभी को इसमें शामिल कर लिया गया है। इसमें क्रेडिटर को अधिक अधिकार दिए गए हैं। क्रेडिटर समाधानकर्ता की चयन प्रक्रिया में अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर सकेंगे। इससे पूरी प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाई जा सकेगी और समाधान प्रक्रिया तेज होगी। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि इस विधेयक में प्रावधान किए गए हैं कि एनसीएलएटी में अपील के बाद तीन महीने के अंदर उसका फैसला आ जाए। उन्होंने कहा कि इस संशोधन विधेयक में बीमार कंपनियों के समाधान में देरी से बचने के पर्याप्त उपाय किए गए हैं। इसमें कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा गया है। उनकी जितनी देयता है, उसे प्राथमिकता पर रखा जाएगा। 'कर्मचारियों के हितों से हम बिलकुल समझौता नहीं करेंगे।'



■ लोकसभा में दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक 2025 पारित

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी बसपा

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अगले साल होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की तरफ से 31 मार्च को लखनऊ स्थित राज्य कार्यालय में समीक्षा बैठक बुलाई गई है। यह बैठक आगामी चुनावी रणनीति और संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से बुलाई गई है। बैठक में प्रदेश स्तर से लेकर जिला स्तर तक के सभी छोटे-बड़े पदा. धिकारी शामिल होंगे। बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति, जमीनी पकड़ और कार्यकर्ताओं की सक्रियता की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। साथ ही, पार्टी के जनाधार को बढ़ाने और आगामी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए विशेष रणनीति पर चर्चा होगी। बैठक का मुख्य फोकस बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना और नए मतदाताओं को जोड़ने की योजना बनाना है।

### तृणमूल कांग्रेस नेता काजी अब्दुल रहीम कांग्रेस में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में विधानसभा चुनावी सरगर्मियों के बीच बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। टीएमसी के विधायक काजी अब्दुल रहीम ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस का दामन थाम लिया। कांग्रेस महासचिव व पश्चिम बंगाल के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने पार्टी में शामिल होने पर उनका स्वागत करते हुए कहा कि रहीम राज्य की राजनीति में एक जाना-माना नाम हैं और अपने क्षेत्र में जनसेवा के लिए पहचाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि रहीम आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ मिलकर अपने क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए काम करना चाहते हैं।

# उप्र में पेट्रोल-डीजल आपूर्ति पहले से बेहतर, एलपीजी वितरण अब भी प्रभावित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** दो दिनों तक चली घबराहट में हुई खरीदारी के बाद उत्तर प्रदेश में ईंधन आपूर्ति की स्थिति अब काफी हद तक सामान्य हो गई है। राज्य की राजधानी लखनऊ सहित अधिकांश शहरी इलाकों में रविवार तक हालात लगभग सामान्य हो गए, हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों और घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरण में अभी भी चुनौतियां बनी हुई हैं।




शनिवार और रविवार को पेट्रोल पंपों पर पहले जैसी लंबी कतारें और अफरा-तफरी नहीं दिखी। लखनऊ में दोपहर बाद तक अधिकांश पंपों पर सामान्य रूप से वाहन ईंधन भरवाते नजर आए। अधिकारियों और पेट्रोल पंप संचालकों ने स्पष्ट किया कि पेट्रोल-डीजल की कोई वास्तविक कमी नहीं थी, बल्कि अफवाहों के कारण मांग अचानक बढ़ गई थी। लखनऊ के जानकीपुरम, विकास नगर और मड़ियांव जैसे इलाकों में, जहां पहले भारी भीड़ देखी गई थी, अब स्थिति पूरी तरह सामान्य रही। यहां ग्राहकों को बिना इंतजार के आसानी से ईंधन मिल रहा है। डीलरों के मुताबिक सप्ताह की शुरुआत में बिक्री में जो असामान्य बढ़ोतरी हुई थी, वह अब घटकर सामान्य स्तर के करीब आ गई है। राज्य भर के आंकड़ों के अनुसार 24 से 27 मार्च के बीच पेट्रोल-डीजल की खपत में तेज उछाल दर्ज किया गया। 24 मार्च को पेट्रोल की बिक्री 19 प्रतिशत, 25 मार्च को 36 प्रतिशत और 26 मार्च को 77 प्रतिशत तक बढ़ गई। 27 मार्च को भी यह 70 प्रतिशत अधिक रही, जो 26 मार्च से सात प्रतिशत कम थी। 26 मार्च को पेट्रोल की बिक्री 2.9 करोड़ लीटर तक पहुंच गई थी, जो 27 मार्च को घटकर 2.78 करोड़ लीटर रह गई। इसी तरह डीजल की खपत भी 36 प्रतिशत, 77 प्रतिशत और 75 प्रतिशत तक बढ़ी, जबकि 26 मार्च को यह 5.1 करोड़ लीटर तक पहुंच गई थी। गोरखपुर रीजन में भी स्थिति में सुधार देखा गया। हालांकि देवरिया और गोरखपुर के कुछ ग्रामीण इलाकों में टैंकरों की आवाजाही में देरी के कारण आंशिक दिक्कतें बनी रहीं। प्रयागराज में भी अधिकांश पेट्रोल पंपों पर स्थिति सामान्य रही। कमला नगर, कटरा, अलोपीबाग, सोहबतियाबाग, मीरापुर, करेली और सिविल लाइंस जैसे इलाकों में कहीं भी भीड़ नहीं दिखी और लोग सामान्य रूप से ईंधन भरवा रहे थे।

### विदेश नीति पर चिंता जताते हुए प्रमोद तिवारी ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सांसद प्रमोद तिवारी ने देश की विदेश नीति को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साध है। तिवारी ने सोमवार को यहां एक बयान में कहा कि जिस पाकिस्तान ने पहलगाम जैसी घटनाओं में देश की बहनों का सुहाग उजाड़ने का काम किया, उसी पाकिस्तान को आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मध्यस्थ के रूप में पेश किया जा रहा है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा अमे. रिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा पाकिस्तान की मध्यस्थता की बात कहना और इस्लामाबाद में संभावित वार्ता को भारत के लिए अत्यंत चिंताजनक बताया। श्री तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'अब की बार ट्रम्प सरकार' का नारा दिया था लेकिन आज देश की विदेश नीति को किस दिशा में ले जाया जा रहा है, यह सवाल खड़ा हो रहा है।

# यूपी पुलिस के 1592 आरक्षियों को मिली पदोन्नति, बनाए मुख्य आरक्षी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस में बड़े स्तर पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी करते हुए 1592 आरक्षी नागरिक पुलिस को मुख्य आरक्षी (हेड कॉन्स्टेबल) पद पर पदोन्नत किया गया है। यह पदोन्नति चयन वर्ष 2025-26 में उत्पन्न रिक्तियों के सापेक्ष ज्येष्ठता के आधार पर की गई है। इस बावत पुलिस मुख्यालय की तरफ से सोमवार को आदेश जारी कर दिया गया है।




पुलिस अधीक्षक स्थापना अमृता मिश्रा के स्तर से जारी आदेश के मुताबिक यह निर्णय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा 14 मार्च को जारी चयन परिणाम के आधार पर लिया गया है, जिसे पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा अनुमोदित किया गया है। कुल 2271 योग्य पाए गए कर्मियों में से फरवरी 2026 की रिक्तियों के अनुसार 1592 आरक्षियों को पदोन्नति दी गई है। आदेश के अनुसार पदोन्नत मुख्य आरक्षी अपने वर्तमान तैनाती स्थल पर ही कार्यभार ग्रहण करेंगे और कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 2 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर रहेंगे। यह अवधि आवश्यकतानुसार बढ़ाई भी जा सकती है। साथ ही सभी पदोन्नत कर्मियों के लिए मुख्य आरक्षी पद से संबंधित आधारभूत प्रशिक्षण उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। आदेश के मुताबिक पदोन्नति से पहले संबंधित कर्मियों से स्वघोषणा पत्र लिया जाएगा, जिसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उनके विरुद्ध कोई निलंबन, अनुशासनात्मक कार्रवाई या आपराधिक मामला लंबित न हो। यदि किसी कर्मचारी द्वारा गलत जानकारी दी जाती है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए पदावनति तक की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

# यूजीसी पर रोलबैक किया, तो होगा पुरजोर विरोध: आजाद

**सीतापुर, वार्ता**




आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चन्द्रशेखर आजाद उर्फ रावण सीतापुर में प्रदेश बीजेपी सरकार पर जमकर बरसे और कहा कि उत्तर प्रदेश में जंगलराज कायम है और सभी लोग इससे निजात पाना चाहते हैं। आजाद ने आगे कहा कि यूपी की बीजेपी सरकार घबराई हुई है, इसीलिए वह पंचायत चुनाव समय पर कराने के बजाय आगे के लिए टाल रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी आजाद समाज पार्टी विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है।

चंद्रशेखर आजाद रविवार को लखीमपुर में पार्टी की रैली करने के बाद सीतापुर पहुंचे थे। जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि वह पिछले करीब 6 माह से 2027 में होने जा रहे उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी कर रहे हैं। लखीमपुर में उनकी आठवीं रैली है जिसकी सफलता देखकर लोग घबरा उठे हैं। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि यूपी में सिर्फ जंगलराज ही नहीं, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, फर्जी एनकाउंटर, नौकरियों की भर्ती में गड़बड़ी से लोग आक्रोशित हैं। अब खुद बीजेपी के विधायक कैमरे के सामने ऐसे गम्भीर आरोप लगा रहे हैं, जिससे स्थिति का अनुमान स्वयं ही लगाया जा सकता है। इन चीजों से निजात के लिए जनता विकल्प की तलाश कर रही है। हम जनता को अच्छा विकल्प देने का प्रयास करेंगे।

## योगी ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन व नियुक्ति पत्र किए वितरित

# यूपी में आंगनवाड़ियों का मानदेय जल्द बढ़ेगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ सीएम योगी का बड़ा ऐलान, आंगनबाड़ी केन्द्र बनेंगे स्मार्ट, लखनऊ में विपक्ष पर जमकर बरसे मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को स्मार्टफोन और नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि यह बहुप्रतीक्षित पहल है, जिससे जमीनी स्तर पर काम करने वाली महिला कार्यकत्रियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि अब हर आंगनवाड़ी कार्यकत्री के पास स्मार्टफोन होना जरूरी है, ताकि कार्यों का रियलटाइम डेटा उपलब्ध हो सके और योजनाओं की मॉनिटरिंग बेहतर ढंग से हो पाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे आंगनवाड़ी सेवाओं में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगी। योगी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत 3 से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर प्री-प्राइमरी शिक्षा शुरू की जा रही है। इसके लिए पूर्व में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित करीब 27 हजार केंद्र अब आंगनवाड़ी व्यवस्था को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे कार्यकत्रियों की जिम्मेदारी और भी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान देश के भविष्य को संवारने का प्रयास है। यदि नवजात शिशु सुपोषित होगा और मां स्वस्थ होगी, तो देश का भविष्य स्वतः सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में सरकार ने इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं और इन योजनाओं की असली वाहक आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां ही हैं। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को उनकी भूमिका के अनुरूप 'यशोदा मैया' की उपाधि दी है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार यशोदा मैया ने भगवान श्रीकृष्ण का पालन-पोषण किया, उसी तरह आज आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां देश के बच्चों के भविष्य को संवारने का कार्य कर रही हैं।

### अभिभावकों और विद्यार्थियों के नाम लिखा पत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर प्रदेश के विद्यार्थियों और अभिभावकों के नाम एक प्रेरणादायक पत्र जारी किया है। योगी की पाती शीर्षक से जारी इस संदेश में उन्होंने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा, संस्कार और समग्र विकास पर विशेष जोर दिया है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि नया शैक्षणिक सत्र नई उम्मीदों और अवसरों के साथ शुरू हो रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और विद्यालय की अन्य गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण और संस्कारयुक्त शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपने संदेश में भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बच्चों को कर्तव्यनिष्ठ और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 71947.55
निफ्टी 22331.40



सोना 146558
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 228149
प्रति किलो



स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

# शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट सेंसेक्स 1636 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**



विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को बड़ी गिरावट देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 1,635.67 अंक (2.22 प्रतिशत) लुढ़ककर 25 महीने से अधिक के निचले स्तर 71,947.55 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 488.20 अंक यानी 2.14 प्रतिशत टूटकर 22,331.40 अंक पर बंद हुआ जो इसका करीब एक साल का निचला स्तर है।

पश्चिम एशिया संकट और उद्योगों पर उनके प्रभाव के कारण शेयर बाजारों में शुरू से ही बिकवाली हावी रही। संसेक्स एक हजार अंक से अधिक की गिरावट में खुला। दोपहर बाद बाजार पर दबाव और बढ़ गया। मझोली तथा छोटी कंपनियों में बिकवाली ज्यादा देखी गई। वृहत सूचकांकों में निफ्टी मिडकैप-50 में 2.68 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 2.66 फीसदी की गिरावट रही। बैंकिंग और वित्तीय शेयरों पर भारी दबाव रहा। ऑटो, मीडिया, एफएमसीजी, रियलटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, फार्मा और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांकों में भी अधिक गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस का शेयर पांच प्रतिशत से ऊपर टूट गया। भारतीय स्टेट बैंक, इंडिगो, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक और ट्रेंट के शेयर तीन से चार प्रतिशत तक लुढ़के। भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक और सनफार्मा के शेयर दो से तीन प्रतिशत फिसल गए। एशियन पेंट्स, अडानी पोर्ट्स, इटरनल, एलएंडटी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस, एनटीपीसी, टीसीएस, बीईएल और मारुति सुजुकी के शेयरों में एक से दो फीसदी की गिरावट रही। हिंदुस्तान यूनी. लिवर, टाटा स्टील और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी लाल निशान में रहे।

### मध्य पूर्व में युद्ध से धड़ाम हुआ सोना-चांदी

**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध की वजह शेयर बाजार में लाल निशान पर ट्रेड कर रहा है। इसके साथ ही सोना-चांदी में भी भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। 30 मार्च को एमसीएक्स में सोना और चांदी दोनों ही 1400 रुपये से ज्यादा की गिरावट है। एमसीएक्स में 10 ग्राम सोने की कीमत 1,46,558 रुपये चल रही है। इसमें 697 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट है। सोने ने अब तक 1,44,212 रुपये प्रति 10 ग्राम का लो और 1,49,250 रुपये प्रति 10 ग्राम का हाई बनाया है। चांदी में सुबह भारी गिरावट थी। हालांकि अब 10.30 बजे तक चांदी में रिकवरी आई है। सुबह 10.40 बजे एमसीएक्स में 1 किलो चांदी की कीमत 2,28,149 रुपये चल रही है। इसमें 195 रुपये प्रति किलो की तेजी है। चांदी ने अब तक 2,25,763 रुपये प्रति किलो का लो और 2,28,786 रुपये प्रति किलो का हाई बनाया है। रायपुर में आज सोना सबसे सस्ता मिल रहा है। यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 1,46,860 रुपये चल रही है। कानपुर और लखनऊ में सोने की कीमत सबसे ज्यादा है। यहां 10 ग्राम सोने का भाव 1,47,070 रुपये चल रहा है। सोने के साथ रायुपर में चांदी भी सबसे सस्ती मिल रही है।

# पेंशन बढ़ाने पर संवेदनशीलता से कर रहे हैं काम: सीतारमण

**नई दिल्ली, वार्ता**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को लोकसभा में कहा कि कर्मचारी पेंशन निधि के तहत पेंशन पाने वाले कर्मचारियों की पेंशन बढ़ाने पर सरकार संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। श्रीमती सीतारमण लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि इस योजना के तहत पेंशन बहुत कम है और इस मामले में उनसे बराबर प्रतिनिधिमंडल मिलने भी आते हैं। उन्हें इस मामले की पूरी जानकारी है और इस पर सरकार गंभीरता से तथा संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। उंन्होंने कहा कि पेंशन कंट्रीब्यूशन के आधार पर तय की जा रही है।

उन्होंने इसे अत्यंत संवेदनशील मुद्दा बताया और कहा कि इस संबंध में उनसे कई लोग मिल चुके हैं। उनका मनाना है कि वृद्धावस्था में सबको पेंशन मिलनी चाहिए और राशि भी ठीक मिलनी चाहिए लेकिन राशि का निर्धारण तकनीकी आधार पर होता है और जो पैसा आ रहा है वह ज्यादा पेंशन देने के लिए अभी पर्याप्त नहीं है। अभी जो पैसा है उसके हिंसाब से 10000 देना भी संभव नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस बारे में चर्चा चल रही है और इसमें समय लग रहा है, क्योंकि धर्म संकट यह है कि जो राशि अर्जित हो रही है वह पर्याप्त नहीं है। इस पर विचार चल रहा है और सब स्थितियों को देखने परखने के बाद इस बारे में निर्णय लिया जाएगा। श्रम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे इससे जुड़े एक सवाल पर कहा कि असंगठित क्षेत्र में पेंशन की फिलहाल कोई योजना नहीं है।

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# कांग्रेस ने असम के लोगों को दी पांच गारंटी

■ खड़गे ने पांच सूत्रीय गारंटी घोषणापत्र लॉन्च किया, हिमंत बिस्वा सरमा के परिवार पर बड़ा आरोप

**लखीमपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने असम की जनता को पांच गारंटियां दी है। कांग्रेस ने असम में मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए विधानसभा चुनावों में पांच-सूत्रीय गारंटी घोषणापत्र जारी किया है, जैसा कि उसने पिछले लोकसभा चुनावों के दौरान घोषित किया था। ये पांच गारंटियां असम की जनता की सुरक्षा और विकास के लिए हैं। खड़गे ने कहा कि अगर कांग्रेस सरकार आती है, तो वह हर महिला को 50,000 रुपये देगी और हर परिवार को 25 लाख रुपये का हेल्थ इंश्योरेंस देगी। वह 100 दिनों के अंदर जुबीन गर्ग के परिवार को इंसाफ दिलाएगी। खड़गे ने कहा कि इस बार हिमंत बिस्वा सरमा को हटाना ही होगा। इस बार चुनावी लड़ाई कांग्रेस और बीजेपी के बीच नहीं होगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**जनगणना- 2027...** कि वे 1 मार्च, 2027 को 00:00 बजे की स्थिति में होंगे। इसलिए यह संदर्भ तिथि बहुत महत्वपूर्ण है। भारत में जनगणना दो चरणों में की जाती है। पहला चरण हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना है, जिसमें घरों की सूची बनाना और उनकी गिनती करना शामिल है। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने 8 जनवरी को बताया था कि देश में होने वाली जनगणना 2027 का पहला फेज एक अप्रैल से 30 सितम्बर के बीच किया जाएगा। हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपने यहां 30 दिनों में यह काम पूरा करेंगे। सरकार ने यह भी कहा कि घरों की लिस्टिंग शुरू होने से 15 दिन पहले लोगों को खुद से जानकारी भरने (सेल्फ एन्यूमरेशन) का विकल्प भी दिया जाएगा। दरअसल, जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से इसे टाल दिया गया था। यह अब 2027 में पूरी होगी। सरकार ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। करीब 30 लाख कर्मचारी मोबाइल एप के जरिये जानकारी जुटाएंगे। मोबाइल एप, पोर्टल और रियल टाइम डेटा ट्रांसफर से जनगणना बहुत हद तक पेपरलेस होगी। ये एप एंडरॉयडऔर आईओ दोनों पर काम करेंगे। जाति से जुड़ा डेटा भी डिजिटल तरीके से इकट्ठा किया जाएगा। आजादी के बाद पहली बार जनगणना में जाति की गिनती शामिल होगी। इससे पहले अंग्रेजों के समय 1931 तक जाति आधारित जनगणना हुई थी। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ने अप्रैल में लिया था। 2011 की पिछली जनगणना के अनुसार, भारत की आबादी करीब 121 करोड़ थी, जिसमें लगभग 51.5 फीसदी पुरुष और 48.5 फीसदी महिलाएं थीं।

# अलग-अलग धर्मों के लड़का-लड़की साथ रह सकते हैं: हाईकोर्ट

**प्रयागराज, वार्ता**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए अहम टिप्पणी की है, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 के तहत अंतरधार्मिक जोड़े का लिव-इन रिलेशनशिप में रहना कोई अपराध नहीं है। दरअसल इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अंतरधार्मिक लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे एक जोड़े द्वारा सुरक्षा की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए उक्त टिप्पणी की है।



■ लिव इन रिलेशनशिप पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की बड़ी टिप्पणी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 और साल 2021 के अधिनियम को ध्यान में रखते हुए यह नहीं कहा जा सकता कि अंतरधार्मिक जोड़े का (लिव-इन रिलेशनशिप) में रहना कोई अपराध है। अदालत ने कहा कि अगर याचिकाकर्ताओं ने कोई अपराध नहीं किया है, तो कोर्ट को ऐसा कोई कारण नजर नहीं आता कि उनकी सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग को क्यों न स्वीकार किया जाए। कोर्ट ने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्राप्त संवैधानिक मौलिक अधिकार का दर्जा कहीं अधिक ऊंचा है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता अंतरधार्मिक जोड़े की याचिका को स्वीकार करते हुए निर्देश दिया कि यदि कोई व्यक्ति याचिकाकर्ताओं की इच्छा के विरुद्ध या किसी भी कपटपूर्ण तरीके, बल, ज़बरदस्ती, प्रलोभन, अनुचित प्रभाव अथवा गलत बयानी के माध्यम से उनका धर्म परिवर्तन करने का प्रयास करता है, तो याचिकाकर्ता इसकी रिपोर्ट या शिकायत पुलिस में दर्ज करा सकते हैं। लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाले एक हिंदू लड़की और एक मुस्लिम युवक ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए कोर्ट से मांग कि थी कि कोर्ट कोई आदेश जारी करे, जिसमें प्रतिवादियों को निर्देश दिया जाए कि वो दोनों के शांतिपूर्ण जीवन और स्वतंत्रता में दखल न दें और साथ ही उन्हें सुरक्षा प्रदान करने का भी निर्देश दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि एक बार जब कोई व्यक्ति बालिग हो जाता है, तो वह जिसके साथ चाहे रह सकता है और उसकी इस पसंद में कोई भी दखल नहीं दे सकता।

# भाजपा-एलडीएफ साथ काम कर रहे: राहुल गांधी

■ सबरीमला मामले पर मौन रहे पीएम

**पथानामथिट्टा (केरल)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने अपने केरल दौरे के दौरा सबरीमला मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी, जो इस बात का संकेत है कि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) असल में भाजपा के नियंत्रण में है।

अडूर में कांग्रेस की एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने दावा किया कि नौ अप्रैल के लिए निर्धारित विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और भाजपा के गठजोड़ से मुकाबला करना पड़ रहा है। एलडीएफ पर भाजपा के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया और दोनों पार्टियों को यूडीएफ की विरोधी ताकतों के तौर पर दिखाया। उन्होंने कहा कि भाजपा-एलडीएफ फ्रंट यूडीएफ के उलट है और इसीलिए भाजपा केरल में यूडीएफ को सत्ता हासिल करने से रोक रही है। गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हाल ही में सबरीमला में हुई सोने की चोरी के बारे में बताने की चुनौती दी और सवाल किया कि प्रधानमंत्री ने इस घटना को नजर. अंदाज क्यों किया। उन्होंने भाजपा-सीपीएम के रिश्ते को मिलीभगत का सबूत बताया और भरोसा दिलाया कि सोने की चोरी में शामिल लोगों को उसी हिसाब से सजा मिलेगी। गांधी ने केरल की धार्मिक एकता की परंपरा की भी तारीफ की और बताया कि कैसे मलयाली एकजुट होकर पूरे देश में एक मजबूत संदेश देते हैं।

# हृदय गति रूकने से दीवान की हुई मौत

## दुर्घटना में महिला सहित तीन लोगों की गई जान, मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अलग-अलग स्थानों पर हैड कांस्टेबल सहित तीन लोगों की मौत हो गई है मृतक दीवान अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मुल्जिम को लेकर मुजफ्फरनगर और सहारनपुर के लिए चले थे जहां अचानक उनकी मौत हो गई। वहीं तितावी क्षेत्र मे कार ने बाइक सवार श्रद्धालु को कुचल डाला जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं जानसठ रोड पर तेज गति से आई कार ने एक वृद्ध को रौंद डाला जहां उनकी मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के बुढ़ाना मोड के निकट भी एक महिला को भी वाहन ने कुचल डाला जिससे उनकी मौत हो गई। अलीगढ़ की पुलिस लाइन में तैनात 40 वर्षीय दीवान नारायण मोहन पुत्र हरेन्द्र सिंह 2005 बैंच के सिपाही थे और प्रमोशन के बाद वह हैड कॉस्टेबल बन गए थे हाल में उनकी ड्यूटी अलीगढ़ की पुलिस लाइन में चल रही थी। सोमवार की सवेरे करीब छह बजे नारायण मोहन होम गार्ड गुलफाम और अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मुल्जिमों को लेकर मुजफ्फरनगर और सहारनपुर के लिए रवाना हुए। जब पुलिसकर्मी मुजफ्फरनगर पहुंचे तो अचानक दीवान नारायण मोहन की हालत बिगड गई तुरंत ही उनको जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। दीवान की मौत के बाद उनके साथ आए पुलिसकर्मियों मे शोक छा गया इस दुखद घटना की जानकारी तुरंत ही परिवार के लोगों को दी गई और पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया।

वहीं दूसरी और जनपद बिजनौर के मौहल्ला काजीवाडा के रहने वाले 80 वर्षीय अलाउद्दीन पुत्र नजीर अपनी बेटी के घर ग्राम शेरनगर में ईद मिलने के लिए आया हुआ था। आज सवेरे सड़क पार करते समय एक वाहन ने उन्हे रौंद डाला जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर इकट्ठी भीड ने घटना की जानकारी पुलिस कोदी जिसके बाद शव को अस्पताल भेज दिया गया। एक अन्य घटना तितावी क्षेत्र की है 58 वर्षीय रमेश चन्द्र उर्फ पप्पू पुत्र सरजीत गांव के ही हरपाल के साथ शाकुम्भरी गए थे। पप्पू व हरपाल जैसे ही बाइक द्वारा अपने गांव लौटते समय गांव लालूखेडी कट के निकट पहुंचे तो अचानक तेज गति से आई कार ने उनको टक्कर मार दी। दोनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनो को स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया जहां डॉक्टरो ने श्रद्धालु पप्पू को मृत घोषित कर दिया और हरपाल को रेफर कर दिया गया। एक अन्य घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के बुढाना मोड पर हुई 45 वर्षीय मालती देवी को 29 मार्च को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था सोमवार को अचानक उनकी हालत बिगड गई और डॉक्टरो ने उनको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरा और उसको मोर्चरी भेज दिया। इन घटनाओं को लेकर मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पूरे गांव में शोक छा गया। पुलिस ने दुर्घटना करने वाले वाहन चालकों की तलाश शुरू की।

# टिकैत की गिरफ्तारी के विरोध में थाने पर धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** उड़ीसा राज्य में सोमवार के दिन भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश सिंह टिकैत की गिरफ्तारी की खबर पर यहां के भाकियू कार्यकर्ताओं व पदाधिका. रियों में उबाल आ गया। उनकी गिरफ्तारी के विरोध में आक्रोशित सैंकड़ों भाकियू कार्यकर्ता व अन्य पदाधिकारी भाकियू जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी प्रधान के नेतृत्व में सीधे बुढ़ाना कोतवाली में पहुंचे और दरा बिछाकर धरना शुरु कर दिया। धरने पर भाकियू तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार, भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार और वसीम राणा ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत को उड़ीसा पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। राकेश टिकैत ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी अरेस्टिंग का वीडियो शेयर किया है।



जिसमें उन्होंने लिखा है कि उड़ीसा राज्य के किसान 22 मार्च 2026 से अपनी सभी मांगों को लेकर पैदल मार्च कर राजधानी भुवनेश्वर पहुंच रहे थे। जहां पर एक सभा होनी तय हुई थी। वे उसमें शामिल होने के लिए भुवनेश्वर पहुंचे थे लेकिन वहां की राज्य सरकार के इशारे पर पुलिस ने दमनकारी नीति अपनाते हुए चौधरी साहब को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी देश के किसान की आवाज को नहीं दबा सकती है। विकास त्यागी ने कहा कि जब तक भुवनेश्वर पुलिस हमारे नेताजी को ससम्मान रिलीज नहीं करेगी हम यहीं धरनारत रहेंगे। देर रात समाचार लिखे जाने तक धरना जारी था।

# नगर में महावीर जयंती पर उमड़ा जनसैलाब

## मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने संभाली रथ की कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फनगर।** भगवान महावीर स्वामी जी के पावन जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर आज प्रेमपुरी स्थित जैन औषधालय पंडाल में आयोजित कार्यक्रम एवं नई मंडी गौशाला रोड से निकली भव्य शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं सारथी बनकर रथ का संचालन किया, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

इस पावन अवसर पर रविन्द्र कुमार जैन एवं उनकी धर्मपत्नी ने भगवान के माता-पिता की भूमिका निभाकर आयोजन को और भी भावनात्मक बना दिया।

नई मंडी चौड़ी गली स्थित जैन मंदिर से प्रारंभ हुई यह भव्य रथयात्रा शहर के प्रमुख मार्गोंख्रगौशाला रोड, बिन्दल बाजार रोड, वकील रोड, संजय मार्ग पटेलनगर, मुनीम कॉलोनी, घेरखत्ती, पीठ बाजार एवं पुरानी गुड़ रोड-से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान आकर्षक झांकियां, भक्ति संगीत एवं धार्मिक नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। मंदिर समिति द्वारा मंत्री कपिल देव अग्रवाल का पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। अपने संबोधन में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि भगवान महावीर का जीवन त्याग, तपस्या, संयम और मानवता की सेवा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा, अहिंसा परमो धर्मः का संदेश आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है और हमें इसे अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह के सिद्धांतों को अपनाकर समाज में शांति, सौहार्द और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करें तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में अध्यक्ष अमित कुमार जैन, प्रवीण जैन, अमित जैन, रोहित जैन, राजेश जैन, चंद्र कुमार जैन, अशोक कुमार जैन एवं कोषाध्यक्ष नवीन कुमार जैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मंत्री ने समस्त क्षेत्रवासियों को महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।



मुजफ्फरनगर: नगर में महावीर जयंती निकालते श्रद्धालु।

## अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध जांच के निर्देश

**बुढ़ाना।** एसडीएम बुढ़ाना कृष्णकांत विश्वकर्मा ने अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ बुढ़ाना पुलिस को जांच करने के निर्देश दिए हैं। भाजपा नेता आदेश त्यागी ने बताया कि खसरा संख्या 2777 रास्ता व बंजर सार्वजनिक रास्ते के उपयोग में आने वाली भूमि पर हसीन पुत्र नूर मौहम्मद व दिलनवाज पुत्र अब्दुल गफ्फार आदि ने अवैध कब्जा कर रखा है। खाली पडी जमीन पर योजनाबद्ध तरीके से आगे दीवार बनाकर पीछे से प्लाटिंग कर लोगों को गुमराह कर 15 हजार रूपये प्रति वर्ग गज के हिसाब से सरकारी जमीन को बैंचकर मोटी रकम ऐंठ रहे हैं जिससे सरकार को राजस्व की हानि हो रही है। उक्त लोगों द्वारा किये गये अवैध कब्जे का ध्वस्तीकरण कराने के साथ ही प्लाटिंग में बैंची जा रही सरकारी जमीन को बैचने वाले भूमाफिया किस्म के लोग हैं। जिन्होने पूर्व में भी नगर पंचायत बुढाना की अत्यधिक भूमि पर अवैध कब्जे किये हुऐ हैं लेकिन उक्त विपक्षी राजनैतिक रसूख के व्यक्ति होने के कारण आज तक विपक्षियों के खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही किसी प्रकार की नही हो पायी है। जिससे विपक्षियों के हौंसले बुलन्द हो रहे हैं ओर विपक्षी मौका मिलते ही सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करके उसे विक्रय कर देते हैं। इस मामले में अब एसडीएम ने पुलिस को निष्पक्ष जांच के आदेश दिए हैं। इन सभी सवालों के बाद पुलिस प्रशासन का कहना है कि जांच के बाद ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल जांच चल रही है।

# अब दहेज के फर्जी मुकदमों पर लगेगी रोक, कोर्ट के आदेश पर होगा निर्णय

## 31 प्रकरण में सीधे दर्ज नहीं होंगे केस, डीजीपी ने भी किए आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दहेज उत्पीडन के मामलों को अब पुलिस सीधा दर्ज नहीं कर सकेगी। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि दहेज उत्पीडन और चैक बाउंस जैसे मामलों में पहले कोर्ट में जाना पडेगा और यदि कोर्ट में इन मामलों को गंभीरता से लिया जाता है तभी यह मामला थाने तक जाएगा। कोर्ट के इस निर्णय से स्पष्ट हो रहा है कि हर व्यक्ति को न्याय मिलेगा, क्योकि मामुली बातों को लेकर थानों में दहेज उत्पीडन के मुकदमों का अंबार लगा हुआ है इतना ही नहीं निर्दोषा होते हुए भी ससुर, जेठ, नन्दोई और पति को कुकर्म जैसे मुकदमे झेलने पड रहे थे, लेकिन कोर्ट के निर्णय के बाद पुलिस अब सीधा मुकदमा दर्ज नहीं कर सकेगी जिससे लोगों की आस यही है कि उनके साथ अब न्याय होगा। उत्तर प्रदेश के महानिदेशक राजीव कृष्ण ने भी सभी जनपदों के पुलिस प्रमुखों को यह आदेश जारी किए है।

बता दे कि हर जनपद में अपराधिक मामलों की दहेज उत्पीडन के मामलों का ग्राफ भी बढ़ रहा है। जरा-जरा सी बात पर ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीडन व अन्य आरोप लगाकर शिकायती पत्र दिए जा रहे है। पिछले मामले में तो यह भीदेखने को मिला कि दहेज उत्पीडन के अलावा पति पर कुकर्म, देवर, ससुर और नन्दोई पर दुराचार के आरोपों का मुकदमा दर्ज कराया गया यह बात अलग है कि पुलिस ने ऐसे मामलों में जब उक्त आरोपो को गलत पाया तो पुलिस ने निर्दोष लोगों के मुकदमे में से नाम हटाए, लेकिन अभी भी दहेज उत्पीडन के साथ चैक बाउंस के मामले लगातार सामने आ रहे है और यूपी के अधिकतर थानों में दहेज उत्पीडन और चैक बाउंस के मामलों के मुकदमों से पुलिस के खाते भरे मिलेगे। ऐसे मामलों में कुछ लोगों ने याचिका दायर करते हुए कोर्ट में अपना पक्ष रखा।

जारी निर्देशों के अनुसार अब कुछ विशेष प्रकार के मामलों को नोन-कोग्निजेबल या शिकायत आधारित प्रक्रिया के तहत लिया जाएगा, यानि ऐसे मामलों में पुलिस संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज नहीं करेगी, बल्कि शिकायतकर्ता को पहले संबंधित मजिस्ट्रेट की कोर्ट में प्रार्थना पत्र देना होगा।

मजिस्ट्रेट के यहां जांच होने के बाद ही यदि कोर्ट इस मामले को गंभीर समझता है तो इसके बाद ही पुलिस एफआईआर दर्ज कर सकेगी।

इन आदेशों से साफ हो रहा है कि अब किसी पर दहेज उत्पीडन का झूठा मुकदमा दर्ज नहीं होगा। हाईकोर्ट लखनऊ पीठ ने गतमाह को अनिरूद्ध तिवारी बनाम यूपी सरकार व अन्य मामलों की सुनवाई करते हुए कडी टिप्पणी की थी। कोर्ट ने बीएनएस की धारा 82 में मुकदमा दर्ज करने पर आपत्ति जताई और कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 219 में यह प्रावधान है कि कोई भी कोर्ट भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 81 से 84 के तहत दण्डनिय किसी अपराध का संज्ञान तब तक नहीं ले सकता जब तक उस अपराध से पीड़ित किसी व्यक्ति की ओर से शिकायत न की गई हो। इसमें हाईकोर्ट की टिप्पणी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस मुख्यालय से आदेश जारी किया गया है। पुलिस अधिकारियों की माने तो इस फैसले से झुठे और फर्जी मामलों पर रोक लगेगी। खासकर दहेज उत्पीडन के फर्जी मुकदमे में नामजद परिवारों को न्याय मिलेगा। अब मजिस्ट्रेट की अनुमति के बिना कोई मामला दर्ज नहीं किया जाएगा। कोर्ट के आदेश के बाद ही केवल वास्तविक मामले में कार्यवाही को आगे बढ़ाया जाएगा। कुल मिलाकर अब दहेज उत्पीडन का मुकदमा दर्ज कराने के लिए अदालत का दरवाजा भी खटखटाना होगा।

**पुलिस को देना होगा जवाबः** इस आदेश के बाद पुलिस की भूमिका और भी अधिक जिम्मेदार और संतुलित हो जाएगी। और अब पुलिस को सीधे मुकदमा दर्ज करने के बजाए कानून के निर्धारित प्रावधानों का पालन करना होगा और डीजीपी ने इन आदेश को जारी कर दिया है। कानून के विशेषज्ञों का कहना है कि इस फैसले से न्याय प्रक्रिया में प्रारदर्शिता आएगा और न केवल झूठी मामलों में कमी आएगी, बल्कि सच्चे मामलों को भी अधिक गंभीरता से लेना पड़ेगा। कोर्ट ने

# नहीं रूक रही टावर व एक्सचेंज की चोरी

## बदमाशों ने एक्सचेंज पीलर बॉक्स के तांबे के तार किए चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** जनपद-गैरजनपद और दूसरे राज्यों में बीएसएनएल एक्सचेंज और अन्य कम्पनियों के टावर की चोरी की घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। ऐसे मामलों में कई जनपद की पुलिस अब तक बदमाशों के साथ कई कबाडियों को जेल भेज चुकी है। जनपद मुजफ्फरनगर के साथ अन्य जनपद की पुलिस टावर व एक्सचेंज के सामानों की चोरी के मामले में करोडो,लाखों की चोरी के खुलासे कर चुकी है। ऐसे मामलों में ऐसे-ऐसे सरमाएं दारों के नाम सामने आए है जिन्हे जनता साफ सुथरी छवि के रूप में मानती है, लेकिन जब ऐसी वारदातों का खुलासा होता है तो तब भोले-भाले



वाले दिखने वाले लोगों की असलियत सामने आती है। हाल में भी अज्ञात चोरों ने बीएसएनएल एक्सचेंज के बाहर बिना लोक लगे पीलर बाक्स को खोलकर लगभग 25 हजार रुपये की कीमत का तांबा चोरी कर लिया। उधर बुढाना पुलिस ने सूचना मिलते ही घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के कैमरे खंगालते हुए अज्ञात चोरों की तलाश शुरु कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के भारत चौक वाया पारसी बस स्टैंड के बीच बीएसएनएल का एक्सचेंज हैं। इसके बाहर पीलर बाक्स लगा हुआ है। जिसमें ताला नहीं लगाया जाता बस वैसे ही खुला रहता है। किसी ने इस बात की जोह ले ली और सोमवार को दिन निकलने से पहले ही अज्ञात चोरों ने इसको खोल. कर इसमें लगी तांबे की कीमती वायर को काटकर चोरी कर लिया। इस घटना की जानकारी जेई अजय पंवार को कर्मचारियों ने उस समय दी जब कर्मचारी एक्सचेंज में आए और देखा कि एक्सचेंज बिल्कुल बंद है। तब पता करने के कुछ देर बाद मालूम हुआ कि अज्ञात चोर तांबा चोरी कर ले गये। इस घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को दी गयी तो पुलिस ने घटनास्थल का दौरा कर कर्मचारियों से घटना की जानकारी ली और घटनास्थल के आसपास के कैमरें खंगाले।

चर्चा है कि एक स्कूटी पर सवार तीन युवकों ने इस घटना को अंजाम दिया है। वहीं दूसरी और परासोली एक्सचेंज में भी इसी तरह की घटना होनी बताई गयी है लेकिन समाचार लिखे जाने तक इसकी पुष्टी नहीं हो पाई थी।

## एसपी सिटी का कौशाम्बी, एसपी देहात का अलीगढ़ तबादला

**मुजफ्फरनगर।** यूपी में 27 आईपीसी का तबादला हुआ है जिमसें मुजफ्फरनगर के पुलिस अधीक्षक नगर और एसपी देहात का भी स्थानांतरण कर दिया गया। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत को कौशाम्बी एसपी के रूप में तैनाती दी गई है और उनके स्थान पर आईपीसी अधिकारी अमृत जैन को भेजा गया है।

वहीं एसपी देहात आदित्य बंसल को अलीगढ़ एसपी सिटी बनाया गया है और उनके स्थान पर महादिक अक्षय संजय को एसपी देहात के रूप में तैनाती दी गई है। महादिक सहायक पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट आगरा के पद पर तैनात थे। और अमृत जैन पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अलीगढ़ के रूप में तैनात थे।

किसान आई हॉस्पिटल
डॉ. गालिब हसन
M.B.B.S., D.O., M.S.
नेत्र रोग विशेषज्ञ व फेको सर्जन
(भूतपूर्व नेत्र सर्जन नेहरू हॉस्पिटल, टाउन हॉल, मुजफ्फरनगर)
M: 9897190592
फीस 100/- रुपये मात्र
सुविधाएं- मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि द्वारा विदेशी लैन्स के साथ, शुगर व बी.पी. के मरीजों की पर्दे की जाँच व इलाज, आँखों के समस्त ऑपरेशन सस्ते दामों पर किए जाते हैं।
हमारे यहाँ जॉनसन एण्ड जॉनसन और एल्कोन के लैंस उपलब्ध है।
J&J Alcon
मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि (लेजर) द्वारा विदेशी लैंस के साथ आधुनिक मशीनों द्वारा बिना इंजेक्शन, बिना दर्द और बिना टांके किया जाता है।
मोतियाबिन्द ऑपरेशन मात्र 7500/- से शुरू
पताः चरथावल-थानाभवन बस स्टैण्ड, मेन रोड, भारत पैट्रोल पम्प के सामने, मुजफ्फरनगर मो. 9045591662



आवश्यकता है
जामिया इस्लामिया अरबिया मुरादिया स्कूल, चरथावल रोड
(English Medium - कक्षा 1 से 5 तक)
विद्यालय हेतु एक योग्य एवं अनुभवी प्रधानाचार्य (Principal) तथा प्रशिक्षित अध्यापकों (Teachers) की आवश्यकता है।
प्रधानाचार्य के लिए योग्यताः स्नातक/स्नातकोत्तर (शिक्षा में वरीयता) B.Ed
अध्यापक के लिए योग्यताः स्नातक/स्नातकोत्तर (संबंधित विषय में) B.Ed/BTC
आकर्षक वेतन (योग्यता एवं अनुभव के अनुसार), अनुशासित एवं शैक्षणिक वातावरण
प्रवेश संबंधित सूचनाः प्रवेश प्रारंभ (Admissions Open)
मासिक शुल्कः 50 रु. मात्र, प्रवेश निःशुल्क (Free Admission)
स्थानः चरथावल रोड। इच्छुक अभ्यर्थी अपना Resume शीघ्र भेजें या संपर्क करें।
M. : 9368215210

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें! FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792 +91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN M.Sc (Phy.), B.Ed.

# टिकैत की गिरफ्तारी पर भड़के किसानों का धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** किसान नेता और भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकेत को उड़ीसा मे गिरफ्तार करने की खबर जैसे ही भाकियू कार्यकर्ताओ को लगी तो उनका गुस्सा सातवे आसमान पर पहुंच गया। आज राकेश टिकेत को उड़ीसा मे किसानों द्वारा अपनी विभिन्न मांगो को लेकर 22 मार्च से एक पैदल मार्च किसानों द्वारा निकाला जा रहा था इसी आंदोलन को समर्थन देने के लिए राकेश टिकेत उड़ीसा मे आयोजित आंदोलन को समर्थन देने के लिए वहा पहुँचे थे जहाँ पुलिस द्वारा राकेश टिकेत को गिरफ्तार कर लिया गया। राकेश टिकेत को गिरफ्तार करने की खबर का जैसे ही भाकियू कार्यकर्ताओ को पता लगा तो यह खबर आग की तरह फैल गयी और



मुज़फ्फरनगर जिले के भाकियू कार्यकर्ता एकदम हरकत मे आ गए और जहाँ अनेको थानो पर धरना देना शुरू किया वही चरथावल थाने पर भी भाकियू कार्यकर्ताओ ने धरना चालू कर दिया और सरकार के विरोध मे नारेबाजी करते हुए किसान नेता राकेश टिकेत को तुरंत रिहाई की मांग करते हुए किसानों की सभी मांगे मांनने की मांग की धरने पर विकास शर्मा, संजय त्यागी सहित अनेको भाकियू कार्यकर्ता मौजूद थे और थाने मे धरना जारी था भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी शाह आलम ने चेतावनी दी कि यदि राकेश टिकैत को तत्काल रिहा नहीं किया गया तो पूरे देश में जेल भरो आंदोलन छेड़ दिया जाएगा।

### तहसीलदार से मिले ई-रिक्शा चालक और रोया दुखड़ा

**बुढ़ाना।** गांव हुसैनपुर कलां में ग्राम प्रधान पद का चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार शिवम जांगिड सोमवार के दिन बुढ़ाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव से मिले और उनको एक ज्ञापन देते हुए बतलाया कि उनके गांव हुसैनपुर कला, गांव लुहसाना और गांव मोहम्मदपुर रायसिंह के ई रिक्शा चाल. कों की जो समस्या है उसको लेकर सभी ई-रिक्शा चालक बहुत ज्यादा परेशान और दुखी हैं क्योंकि इन सभी ई-रिक्शा चालकों के लिए उनकी ई-रिक्शा खड़ी करके सवारियां भरने का कोई भी स्टैंड नहीं है। उपर से पुलिस भी बहुत अभद्रता करती है और यहां तक खड़ी हुई ई-रिक्शा के टायरों में सुआं घोपकर पंचर तलक कर देती है। जिस पर तसहीलदार ने इस संबंध में पुलिस से बात कर समस्या का समाधान अति शीघ्र करने का आश्वासन दिया। इस दौरान तहस. ीलदार से मिलने वालों में मुख्य रुप से शिवम जांगिड के अलावा लविश जांगिड भाकियू बुढ़ाना नगर उपाध्यक्ष, साहिल और रोहित आदि मौजूद रहे।

### पूर्ति विभाग का हास्यास्पद कारनामा चर्चाओं में

# दुबई में फ्लैट-कार बता उपभोक्ताओं के राशन कार्ड किए निरस्त

**( नसीम कुरैशी/महक कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** स्थानीय पूर्ति विभाग के हास्यास्पद कारनामे आजकल यहां पर खूब चर्चा का विषय बने हुए हैं। पूर्ति विभाग ने बिना जांच किए ही दोष ऐसे उपभोक्ताओं के एपीएल राशन कार्डों को यह नोटिस देकर निरस्त कर दिए कि एक के पास दुबई में फ्लैट हैं तो दूसरे के पास एक कार है जबकि हकीकत ये ही है कि दोनों उपभोक्ता ही बहुत गरीब हैं और ना जाने कैसे कैसे परिवार सहित अपना जीवन यापनघ कर रहे हैं। राशन कार्ड कटने पर उपभोक्ता बहुत परेशान हैं और उन्होंने पूर्ति विभाग से रजिस्ट्री करके जवाब मांगा है कि वे उनकी कार की आरसी और फ्लैट का बैनामा उनको दिखाएं ताकि वे अपनी कार और फ्लैट को बैंचकर अपने परिवार का गुजर बसर लाइफ टाईम अच्छे से कर सकें।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय पूर्ति विभाग ने बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला दक्षिणी मण्डी चंधेडी रोड निवासी इरफान इदरीशी का बीती 31 दिसम्बर को राशन कार्ड यह कहकर निरस्त कर दिया कि परिवार अपात्र है चार पहिया वाहन है जबकि दूसरे उपभोक्ता कस्बे के मोहल्ला उत्तरी भटवाडा निवासी राशिद अंसारी पुत्र रफीक का राशनघ कार्ड यह कहकर निरस्त कर दिया गया कि परिवार अपात्र है। दुबई में फ्लेट है। दोनों उपभोक्ताओं को जब यह पता लगा कि उनके राशन कार्ड उक्त कारणों से निरस्त कर दिए गये तो उनकी रातों की नींद उड़ गयी। वे इस नोटिस को लेकर पूर्ति विभाग आफिस में मौहल्ले के लोगोंघ को लेकर गये और बताया कि ना तो उसके पास कोई भी चौपहिया क्या दोपहिया भी वाहन नहीं है और दुबई भी दूर दूर तक उनका अपना कोई नहीं रहता और ना ही वे कभी दुबई गये हैं।

अब इस मामले में पूर्ति निरीक्षक का भी जवाब आया है। जिन्होंने कहा है कि इरफान का राशन कार्ड चार पहियों वाली कार होने के कारण निरस्त किया गया है जबकि दुबई में फ्लेट होने के मामले में भी पूर्ति निरीक्षक अपनी बात पर अडिग हैं। कुल मिलाकर कस्बे में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। जहां दोनों उपभोक्ता कह रहे हैं अगर उनके पास कार या दुबई में फ्लैट होने का कोई छोटा सा भी प्रमाण मिल जाए तो वे कोई भी सजा भुगतने को तैयार हैं लेकिन घर बैठकर जांच करके उनका राशन कार्ड निरस्त करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अगर कोई कार्यवाही न हुई तो वे सीधे कोर्ट का रूख करेंगे। कुल मिलाकर स्थानीय पूर्ति विभाग की धींगामुश्ती कस्बे में चर्चा का विषय बनी है। दोनों उपभोक्ता अधिकारियों से कथित तौर पर कहे जाने वाले अपने फ्लैट का बैनामा व अपनी कार के कागज मांग रहे हैं और अपनी कथित चोपहिया कार और दुबई के कथित फ्लैट को भी देखे जाने की प्रबल इच्छा जता रहे हैं।

# भगवंत ग्रुप में स्वामी विवेकानंद यंग टैलेंट हंट पुरस्कार समारोह सम्पन्न

**मीरापुर।** भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशंस में स्वामी विवेकानंद यंग टैलेंट हंट 2025-26 के अंतर्गत पुरस्कार वितरण समारोह भव्य एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार श्रीवास, चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह, निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस प्रतिभा खोज परीक्षा में मुजफ्फरनगर और बिजनौर जनपद के कुल 8687 विद्यार्थियों ने भाग लिया। समारोह में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 21,000 रुपये, द्वितीय को 11,000 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को 5,100 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इसके अलावा 100 विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रतियोगिता में मिष्ठी प्रजापति शिखर शिक्षा सदन स्कूल मीरापुर, साजन कुमार एलआरडीएसवीएम इंटर कालेज बिजनौर और कपिल कुमार शर्मा वरूण सिंह स्मारक इंटर कालेज कुतुबपुर ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया।

द्वितीय स्थान दीपांशु और आदित्य कुमार ने हासिल किया, जबकि तृतीय स्थान वंशिका कुमारी और वंश कुमार ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की




प्रतियोगिताएं छात्रों की प्रतिभा को निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने का सशक्त माध्यम हैं। कार्यक्रम में छात्रों को करियर काउंसलिंग, विभिन्न पाठड्क्रमों और छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी भी दी गई। अंत में कार्यक्रम का सफल संचालन खुशबू चौधरी एवं अनुजा चौहान ने किया।

### बार एसोसिएशन के नए अध्यक्ष बने सुरेशपाल सिंह वर्मा

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के चुनाव में सुरेश पाल सिंह वर्मा अध्यक्ष तथा सुभाष चंद महासचिव घोषित किए गये। कोषाध्यक्ष पद पर मो. हिद अहमद मलिक ने अपना कब्जा जमाया। इस चुनाव में सभी 148 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया वहीं एक मतपत्र निरस्त हो गया। मुख्य चुनाव अधिकारी ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की। बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी के चुनाव हेतु मतदान प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक हुआ। मतदान के तुरंत बाद मतगणना हुई तथा विजेता प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई। इस चुनाव में 148 अधिवक्ताओं ने अपने मतदाधिकार का प्रयोग किया। निजी पैन से चुनावी निशान लगाने के कारण एक मतपत्र निरस्त हो गया। चुनाव अधिकारी ने बताया कि अध्यक्ष पद पर 147 वोट में से सुरेशपाल वर्मा को 97 वोट तथा प्रतिद्वंदी विवास कुमार को 50 वोट मिले। सुरेशपाल वर्मा ने 47 वोट अधिक लेकर अध्यक्ष पद पर अपना कब्जा जमाया। महासचिव पद पर सुभाषचंद को 88 वोट मिले। प्रतिद्वंदी सुशील कुमार को 58 वोट मिले। 30 वोट अधिक लेकर सुभाष चंद ने सुशील कुमार को पराजित किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर संजीव कुमार ने शिव कुमार से एक वोट अधिक लेकर अपना कब्जा जमाया। कोषाध्यक्ष के पद पर मोहिद अहमद मलिक को 78 तथा प्रतिद्वंदी ज्ञानेंद्र को 64 वोट मिले। मोहिद अहमद मलिक ने 14 वोट अधिक लेकर ज्ञानेंद्र को पराजित किया। बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी में अचल सहरावत, ईश्वर दयाल संगल, अवध बिहारी लाल गर्ग, विपिन कुमार, अनिल कुमार तथा मदन पाल वरिष्ठ सदस्य चुने गए। कनिष्ठ सदस्य के पद पर प्रवेश कुमार प्रथम, शिव कुमार, योगेश कुमार सैनी, रवि कुमार, कमल शर्मा व उधम सिंह राय निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारियों ने सभी विजेता प्रत्याशियों की घोषणा की। मुख्य चुनाव अधिकारी हरबीर सिंह, चुनाव अधिकारी बालकिशन शर्मा, शो सिंह राणा व संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक उत्सव आयोजित

**मीरापुर।** प्रकाशवती प्रेमचंद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, पड़ाव चौक में वार्षिक उत्सव एवं वार्षिक परीक्षा परिणाम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी वंदना वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत मीरापुर की अधिशासी अधिकारी नीलम पांडेय उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सोनू कुमार ने वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए बताया कि नर्सरी से कक्षा 9 तक विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को अतिथियों एवं प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के उपाध्यक्ष दिनेश चंद्र गंगपुरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उनके जीवन को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। मुख्य अतिथि वंदना वर्मा ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आधुनिक युग की नींव बताया, वहीं नीलम पांडेय ने बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। आयोजन को सफल बनाने में समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## टैक्स एडवोकेट बार एसोसिएशन के जिनेंद्र कुमार बने अध्यक्ष

**मुजफ्फरनगर।** टैक्स एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के वर्ष 2026-27 के प्रबंधकारिणी के चुनाव में अध्यक्ष पद पर जिनेंद्र कुमार जैन एवं महासचिव पद पर सचिन कुमार निर्वाचित हुए। इसके अलावा कार्यकारिणी के अन्य पदों पर भी चुनाव किया गया।टैक्स एडवोकेट बार एसोसिएशन के चुनाव का आयोजन रविवार 29 मार्च को नई मंडी के एक रेस्टोरेंट में किया गया, जिसमे वर्ष 2026-27 के लिए नई प्रबंधकारिणी का गठन चुनाव के माध्यम से किया गया। अध्यक्ष पद पर जिनेन्द्र कुमार जैन एडवोकेट, उपाध्यक्ष नरेश कुमार जैन एडवोकेट, महासचिव सचिन कुमार एडवोकेट, सचिव द्धवित्तत्र सुमित मित्तल एडवोकेट, सचिव अवनी कुमार एडवोकेट चुने गए इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य पद पर परवेज़ आलम अंसारी, मयंक जैन, मयूर जैन, निकुंज सैनी, प्रदीप कुमार शर्मा निर्वाचित किए गए। कार्यकारिणी चुनाव के समय वरिष्ठ कर अधिवक्ता प्रवीण कुमार, रामधन सिंह, महावीर प्रसाद जैन, भोजराज अरोरा और मशकूर अहमद आदि भी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

# लाला सुखलाल सनातन धर्म इंटर कॉलेज का परीक्षाफल घोषित



**पुरकाजी।** लाला सुखलाल सनातन धर्म इंटर कॉलेज में आज कक्षा 6, 7, 8, 9 एवं 11 का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक श्याम सुंदर, उप प्रबंधक सुधीर बंसल एवं प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से पढ़ाई करने वाले छात्र ही भविष्य में सफलता प्राप्त करते हैं, इसलिए सभी विद्यार्थियों को निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए।इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार को सेवानिवृत्त होने पर दी गई भावपूर्ण विदाई

**पुरकाजी।** लाला सुखलाल सनातन धर्म इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार के सेवा. निवृत्त होने पर विद्यालय प्रांगण में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई इस अवसर पर समस्त प्रबन्ध समिति व स्टाफ भावुक हो गया प्रबन्धक श्याम सुंदर व नवीन गर्ग ने प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार के कार्यो की सराहना करते हुए कहां की देवेंद्र कुमार जी के नेतृत्व में विद्यालय ने जहां अनुशासन में एक कीर्तिमान स्थापित किया है वहीं कई वर्षो तक विद्यालय का हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट का परीक्षा पर सत प्रतिशत रहने के कारण विद्यालय का दूर-दूर तक नाम रोशन हुआ है उन्हें शाल उड़ाकर एक स्मृति चिह्न भेट करते हुए देवेंद्र कुमार का सम्मान किया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की अपने सम्मान समारोह में बोलते हुए प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार जी ने कहा कि उन्हें कस्बे वह क्षेत्र के अभिभावक एवं स्टाफ का पूर्ण सहयोग मिला जिसके चलते उन्होंने



विद्यालय को बुलंदी तक पहुंचने में अपना जी जान लगाया उन्होंने विद्यालय के छात्राओं एवं विद्यालय प्रबंधन समिति सहित समस्त स्टाफ को अपना परिवार समझा है इस अवसर पर रेवती रमण,अनूप गोयल,दिनेश सिंघल,निर्दोष जैन, मोहन लाल अग्रवाल,सुधीर बंसल तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक धीरज गर्ग द्वारा किया गया

### हुसैनपुर में हुआ पुरुस्कार वितरण समारोह

**बुढ़ाना।** सोमवार के दिन प्राथमिक विद्यालय हुसैनपुर कला नंबर एक में शासन के आदेश अनुसार खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती किरण यादव के नेतृत्व में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में विगत सत्र 2024- 25 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों उनके अभिभावकों सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चों उनके अभिभावकों विद्यालय की गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों वर्तमान सत्र में प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों, विद्यालय प्रबंध समिति के उन सदस्यों को जिन्होंने विद्यालय की एसएमसी बैठकों में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज की सभी को मोमेंटो और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। शासन के आदेश अनुसार विद्यालय में उपस्थित सभी बच्चों को पेंसिलें भी वितरित की गई। आयोजन के अंत में सभी उपस्थित अभिभावकों को सूक्ष्म जलपान कराया गया।इस प्रकार से सफलतापूर्वक आयोजन का समापन हुआ।

### यामीन चौहान के वलीमे समारोह में उमड़ा जन सैलाब

**बुढ़ाना।** विगत दिवस खतौली क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी यामीन चौहान के वलीमा समारोह में आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राव नदीम एडवोकेट शामिल हुए। उनके साथ यहां पर राष्ट्रीय मजदूर किसान यूनियन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरक्रमपाल कश्यप, आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मुहम्मद अली जैदी और आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी मुजफ्फरनगर के जिला अध्यक्ष हाजी कमरूद्दीन सहित अनेक सामाजिक और राजनीतिक गणमान्य लोगों ने शिरकत की। यह वलीमा समारोह भाईचारे, मोहब्बत और सामाजिक एकता का खूबसूरत प्रतीक रहा। जिसमें सभी ने नवविवाहित जोड़े को खुशहाल जिंदगी की दिली दुआएं दी। आयोजक यामीन चौहान को शानदार आयोजन के लिए हार्दिक मुबारकबाद भी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में भाईचारा और एकता को बढ़ावा मिलता है। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने यामीन चौहान और उनके परिवार को बधाई दी और नवविवाहित जोड़े के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी के राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार एडवोकेट राव सलीम की भी उपस्थिति देखने को मिली। यहां पर उन्होंने भी नव दम्पति को आशीर्वाद दिया।

# भगवान महावीर जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर में भगवान महाव. ीर जयंती का पर्व इस वर्ष अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। सुबह की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार महावीर पूजन, जलाभिषेक, शांति धारा और प्रक्षाल से हुई। इसके बाद नियमित पूजा-अर्चना के उपरांत टीकमगढ़ से आए विद्वान पंडित के सान्निध्य में वर्धमान विधान का संगीतमय आयोजन हुआ, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

इस दौरान आचार्य श्री भारत भूषण जी महाराज ने अपने प्रवचन में भगवान महावीर के जीवन दर्शन को सरल शब्दों में प्रस्तुत करते हुए बताया कि आत्मा की साधना के माध्यम से मोक्ष की प्राप्ति संभव है। उन्होंने 'अहिंसा परमो धर्म' और हजियो और जीने दो के सिद्धांतों को जीवन में उतारने का संदेश दिया। दोपहर के समय नगर में आकर्षक रथयात्रा निकाली गई। सजे-धजे रथ में भगवान महावीर की प्रतिमा विराजमान रही, जबकि विभिन्न परिवारों को रथ संचालन और सारथी बनने का अवसर मिला। दिल्ली, मेरठ,



शामली, सहारनपुर और स्थानीय कलाकारों के बैंड-बाजों ने भक्ति संगीत से माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा में भगवान महावीर के जीवन प्रसंगों पर आधारित सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिन्होंने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। रथ के आगे चल रहे बच्चों और साधर्मी बंधुओं ने नृत्य व भक्ति प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। घोड़ा-बग्गी और विभिन्न जैन संस्थाओं की सहभागिता ने यात्रा की भव्यता को और बढ़ा दिया।नगर के अलग-अलग स्थानों पर सामाजिक संगठनों और व्यापारियों द्वारा जलपान, आइसक्रीम, जलजीरा और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। शोभायात्रा अंततः कुंदकुंद जैन इंटर कॉलेज पहुंची, जहां भगवान का जलाभिषेक किया गया। इसके पश्चात प्रतिमा को जैन मंडी स्थित पार्श्वनाथ मंदिर में विधिपूर्वक स्थापित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भक्ति से पिघलता है भगवान का हृदय :मनोज अवस्थी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्रसिद्ध हनुमद्धाम आश्रम में अनेक भव्य कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। आश्रम के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी केशवानन्द महाराज के सानिध्य में हनुमान जी के सामने सुन्दर काण्ड का विशाल यज्ञ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में स्वामी विज्ञानन्द महाराज ने यज्ञ की महिमा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यज्ञ सनातन संस्कृति का मूल आधार है। यज्ञ से इहलोक एवं परलोक का मार्ग प्रशस्त होता है।

श्री हनुमत चरित्र चिंतन के द्वितीय दिवस की कथा में आचार्य मनोज अवस्थी ने सन्तो की उपस्थिति के बीच श्री हनुमान जी के अनेक सद्गुणों का वर्णन करते हुए कहा कि कमल कीचड़ में जन्मता जरूर है किन्तु कीचड़ से ऊपर उठ जाता है।संसार मे जन्म



स्वभाविक है। किन्तु फंसना गलत है।गुणवान कीचड़ से कमल की भांति बाहर निकल आयेगा।हनुमान जी पूजा फलदायी ह

।45 दिनों तक निष्ठा के साथ 100 पाठ करने से बडे से बड़ा कष्ट भी दूर हो जाता है।कितना भी बड़ा संकट हो दूर हो जायेगा।भगवान के चरित्र में राजनीति नहीं है।उनकी कृपा सभी के लिये होती है।निष्ठा एक ही में होनी चाहिये।जिसके प्रति निष्ठावान होकर भक्ति करोगे वह कृपा भी अवश्य करेगा।हनुमान जी से बड़ा निष्ठावान भक्त नही हो सकता है।

भक्ति भगवान के ह्रदय को कोमल करती है।जहां पद होगा वहां भूत एक दिन लगना निश्चित है।पद के साथ भूत लगा है।हनुमान जी भूत पिशाच भगाने वाले हैं।सांसारिक सेवा कार्यो से भूत हो सकता है।प्रभु की सेवाभक्ति से कभी कोई भूत नही हो सकता है।धर्म अधर्म में भेद का ज्ञान हमे सन्तो से प्राप्त होता है। कथा में महामंडलेश्वर स्वामी केशवानन्द महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी विनय स्वरूपानन्दमहाराज, स्वामी गीतानन्द गिरि, स्वामी आनन्द स्वरूप महाराज ,महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज आदि उपस्थित रहे।कथा कार्यक्रम का संचालन स्वामी विज्ञानन्द महाराज ने किया। उन्होंने बताया कि मंगलवार की सुबह विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन आश्रम में किया जायेगा।

### बाइक सवारों पर किशोरी के अपहरण का आरोप

**मोरना।** क्षेत्र के गांव करहेड़ा में नाबालिग युवती को बहका कर अपहरण कर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए किशोरी को जल्द से जल्द बरामद करने की गुहार पुलिस से लगाई है।भोपा थाना क्षेत्र के गांव करहेड़ा निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री गांव में झाड़ू पोंछा लगाने का काम करती है।बीते रविवार की रात करीब 9 बजे वह गांव में झाड़ू पोंछा का काम करके वापस घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में गांव निवासी कपिल व उसका एक अज्ञात साथी बाइक पर आये और बहका कर उसकी पुत्री का अपहरण कर ले गए।परिजनों ने बताया कि काफी तलाश करने के बावजूद लड़की का कोई सुराग नहीं लग पाया।जिसके बाद 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी गयी।

**Name Change**

I, Pardeep Kumar S/O Bir Singh R/O 147/7, Jansath Road, New Mandi, Bhartiya Colony, Muzaffarnagar, Muzaffarnagar, Uttar Pradesh- 251001, have changed the name of my minor son Aditya alias Aditya Kashyap aged 16 years and he shall hereafter be known as Aditya Kashyap.

# आकाश पाल ने यूपीपीएससी में पाया 17वां स्थान

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के बसंत विहार में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई, जब उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPSC) द्वारा सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2024 का परिणाम घोषित किया गया। बसंत विहार निवासी रामपाल सिंह के पुत्र आकाश कुमार पाल ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पूरे प्रदेश में 17वीं रैंक हासिल की है। इस शानदार सफलता के साथ ही आकाश का चयन सब-रजिस्ट्रार के प्रतिष्ठित पद पर हुआ है।आकाश की इस उपलब्धि की सूचना मिलते ही उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। परिजनों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर और पटाखे फोड़कर अपनी खुशी का इजहार किया। आकाश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद और निरंतर कठिन परिश्रम को दिया है।आकाश बचपन से ही मेधावी रहा है और उसका लक्ष्य हमेशा से जनसेवा करना था। जिले के प्रबुद्ध नागरिकों और स्थानीय जनप्रति. निधियों ने भी आकाश को फोन कर और घर पहुंचकर शुभकामनाएं दीं। मुजफ्फरनगर के एक साधारण परिवार से निकलकर प्रदेश की सर्वोच्च सेवाओं में स्थान पाकर आकाश ने युवाओं के लिए एक नई मिसाल पेश की है

# एक्सपर्ट एकेडमी के मेधावियों का किया गया सम्मान

**शाहपुर।** नगर के एक्सपर्ट एकेडमी में कक्षा तीसरी से आठवीं कक्षा तक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान कक्षा तीसरी में प्रीत, रोहिणी, अथर्व कक्षा चौथी में अनवी, अदिति, अशवी कक्षा पांचवी में अवनी चौधरी, आरोही, अदिति मलिक कक्षा छठी में कनिका, रिया, मायरा कक्षा सातवीं में बुशरा, खुशबू, आकांक्षा कक्षा आठवीं में राज, इशिका, नवया ने प्राप्त किया और अपने माता-पिता, विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रोग्राम में मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत, वरिष्ठ प्रमुख चिकित्सक डॉक्टर गौरव सैनी व वरिष्ठ प्रमुख चिकित्सक डॉक्टर लोकेंद्र बालियान रहे। चौधरी नरेश टिकैत को विद्यालय में आते ही आकस्मिक कहीं जाना पड़



गया और डॉक्टर गौरव सैनी ने बच्चों को खूब मेहनत से पढ़ने के लिए और अपने राष्ट्र, माता-पिता, विद्यालय व समाज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। डॉक्टर लोकेंद्र बालियान ने बच्चों को शुभकामनाएं दी और ईश्वर से बच्चों के विकास के लिए प्रार्थना की। विद्यालय प्रबंधक प्रवीन्द कुमार ने बच्चों को कामयाब होने के लिए प्रेरित किया, उनके उज्जवल भविष्य की कामना की व सभी आगंत. ुक का अभिवादन व धन्यवाद दिया। विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ मेहनत से कार्य कर रहा था। अभिभावक इस शानदार प्रोग्राम से प्रोग्राम से काफी खुश थे।

# जीडी गोयनका में प्री-प्राइमरी सत्र समापन समारोह सम्पन्न

**मुज़फ्फरनगर।** जी. डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में शैक्षिक सत्र 2025-26 के समापन पर प्री-प्राइमरी छात्रों का समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अस्मिता अनेजा ने किया तथा मुख्य अतिथि मीना गोयल ने सरस्वती वंदना के साथ दीप



प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।कार्यक्रम में छात्रों ने नृत्य प्रस्तुत कर शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कक्षा दो के विद्यार्थियों ने भी अपने शिक्षकों एवं अभिभावकों को धन्यवाद देते हुए आगामी कक्षा में प्रवेश की खुशी साझा की। अभिभावकों ने विद्यालय एवं शिक्षिकाओं की सराहना करते हुए अपने विचार रखे।इस अवसर पर प्रधानाचार्या स्वाति शर्मा एवं उप-प्रधानाचार्या अंजली आनंद ने छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए परिणाम-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा जीवन में शिक्षक एवं अभिभावकों के महत्व पर प्रकाश डाला।समारोह में समन्वयक शिक्षिकाओं वजीह कहकशां एवं मानसी अग्रवाल सहित अन्य शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

**Public Notice**

I hitherto known as Rahul S/o Ashok singh , R/o Durganpur , PO: Biral, Sub District: Muzaffarnagar, District: Muzaffarnagar, Uttar Pradesh, 247771, have changed my name and shall here after be known as Shakti singh.

# मुजफ्फरनगर में संयुक्त टीम ने किया निजी चिकित्सालयों का औचक निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया के नेतृत्व में आज दूसरे दिन भी संयुक्त टीम द्वारा निजी चिकित्सालयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम में डॉ. अशोक कुमार (अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी), डॉ. अजय कुमार (उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी) तथा स्टेनोग्राफर दीपक कुमार उपस्थित रहे। टीम द्वारा सर्वप्रथम अपना हॉस्पिटल, मदीना चौक का निरीक्षण किया गया, जहां पंजीकृत चिकित्सक मौके पर उपस्थित मिले, किन्तु अभिलेखों में कमी पाए जाने के कारण अस्पताल को नोटिस जारी किया गया। इसके पश्चात टीम ने सोफिया सेंटर, मदीना चौक का निरीक्षण किया, जहां संस्थान आयुर्वेदिक पद्धति में पंजीकृत पाया गया, लेकिन निरीक्षण के दौरान कोई भी मरीज भर्ती नहीं मिला। इसके बाद मलिक मेडिकल का निरीक्षण किया गया, जहां यह अस्पताल भी आयुर्वेदिक पद्धति में पंजीकृत पाया गया तथा आयुर्वेदिक चिकित्सक मौके पर उपस्थित मिले, किन्तु कोई भी भर्ती मरीज नहीं पाया गया। अगले क्रम में अलीना हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया, जहां संस्थान आयुर्वेदिक पद्धति में पंजीकृत पाया गया और आयुर्वेदिक चिकित्सक उपस्थित मिले, लेकिन कोई भी मरीज भर्ती नहीं मिला।

## थानों में किसानों का धरना चालू

**छपार।** भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत को उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जिससे गुस्साए कार्यकर्ताओं ने थाना परिसर में धरना शुरू कर दिया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि जल्द ही रिहा न किया गया तो हाइवे जाम किया जायेगा। सोमवार को भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता उडीसा प्रदेश की राजधानी भुवनेश्वर में एक बैठक में शामिल होने गये तो पुलिस ने उन्हें भुवनेश्वर में हिरासत में ले लिया जिसकी सूचना देश में आग की तरह ैल गई जिस पर गुस्साए कार्यकर्ता एकत्र हुए और थाना परिसर में जिला उपाध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में धरने पर बैठ गए और सरकार के विरुद्ध नारेबा. जी करने लगे। जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने उन्हें जल्द ही रिहा नहीं किया तो हाइवे जाम करेंगे या टोल फी करेंगे यह सब हाईकमान के आदेश पर किया जायेगा। मंगता, शहजाद त्यागी, मुशर्रफ त्यागी, शमजाद उर्फ काला, फरमान, काका त्यागी, मोबिन, सालिम त्यागी, अमजद, राशिद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वन विभाग की भूमि पर कब्जा करने का आरोप

**मोरना।** क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री पोर्टल सहित जिला अधिकारी उप जिलाधिकारी डी एफ ओ से शिकायत करते हुए आरोप लगाया की गांव दरियापुर के जंगल के पास लगी वन विभाग की भूमि पर लगभग अधिकतर किसानों ने अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया है शिकायतकर्ता ने जांच कर सभी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव दरियापुर निवासी जयपाल ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई एवं जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर उप जिलाधिकारी जानसठ प्रभागीय निदेशक वानिकी को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव दरियापुर कैड़ी का जंगल वन विभाग की जमीन से मिला हुआ है जहां पर गांव सहित आसपास के ग्रामीणों द्वारा वन विभाग की जमीन को तोड़कर अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया गया है जयपाल सिंह ने अधिका. रियों से वन विभाग की भूमि की जांच कर कब्जा मुक्त करने की मांग की।

# शुकतीर्थ हनुमद्धाम में हुआ 27 कुण्डीय सुंदरकांड महायज्ञ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना। मुजफ्फरनगर।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित हनुमद्धाम में आयोजित श्री हनुमत जयंती महोत्सव के चौथे दिन सोमवार को 27 कुण्डीय सुंदरकांड महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रांतों से बड़ी संख्या में आए महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने आहुति दी।

जिला मुख्यालय से आए राम सेवक प्रेम प्रकाश अरोरा, राजकुमार अग्रवाल व चंद्रप्रकाश ने 21 कुंडीय सुंदर कांड महायज्ञ में श्लोक, दोहे छंद व सोरठा के उच्चारण से सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ संपन्न कराया। जिसमें हाथरस से पधारे श्री कृष्ण चौतन्य मंडल के संयोजक गिरिराज किशोर, ट्रस्ट के अध्यक्ष आरके टंडन, मधु टंडन, जिया लाल अग्रवाल, कंवर सैन गोयल, भीम सैन गोयल, जीके अग्रवाल, स्वदेश पाठक, संध्या पाठक आदि विभिन्न प्रांतों से बड़ी संख्या में आए महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने आहुति दी। पंडित विजय शास्त्री व पंडित शांतिराम शास्त्री ने सहयोग प्रदान किया। महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद महाराज ने कहा कि सुन्दरकाण्ड में भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी की पराक्रम, भक्ति और समर्पण की अद्भुत गाथा वर्णित है, जिसका श्रवण और पाठ करने से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इससे नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है और परिवार में सुख-समृद्धि का वातावरण बनता है। सुन्दरकाण्ड का पाठ और महायज्ञ मानव जीवन के कष्टों को दूर करने, मानसिक शांति प्रदान करने और आत्मबल बढ़ाने का सबसे सरल एवं प्रभावी माध्यम है।

## सरस्वती शिशु मन्दिर के उत्तीर्ण बच्चे सम्मानित

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के सरस्वती शिशु मन्दिर में वार्षिक एग्जाम में पास हुए बच्चो को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। सरस्वती शिशु मन्दिरों में मुख्य अतिथि के रुप में भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष विनोद सैनी और भारतीय जनता पार्टी बुढाना मंडल के महामंत्री व नगर पंचायत बुढ़ाना के पूर्व सभासद मुकेश शर्मा संयुक्त रूप से रहे। दोनों ही मुख्य अतिथियों के द्वारा उत्तीर्ण हुए बच्चो को पुरुस्कार दिया गया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना ईश्वर से की गयी और साथ में ही सभी बच्चों को कामयाबी के गुर भी बताए गये और कहा गया कि आप सभी को भविष्य में आगे जाकर आपने माता पिता का नाम रोशन करना है और साथ ही यह भी कहा गया कि आप ही देश का उज्ज्वल भविष्य हैं। इसलिए शिक्षा पर विशेष ध्यान देना है। इस दौरान यहां पर स्कूल का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# लेखपाल संघ बुढ़ाना के अध्यक्ष हुए सेवानिवृत्त

**बुढ़ाना।** तहसील बुढ़ाना परिसर में स्थित कार्यालय में तैनात लेखपाल और लेखपाल संघ बुढ़ाना के अध्यक्ष ओमप्रकाश सोमवार के दिन अपनी सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त हो गये। वे विगत कई वर्षो से बुढ़ाना तहसील कार्यालय में कार्यरत थे स उनकी सेवा. निवृत्ति पर बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र के सैंकड़ों गणमान्य लोगों, उप जिला. धिकारी, तहसीलदार और समस्त तहसीलकर्मियों ने श्रद्धा पूर्ण विदाई दी। यहां एसडीएम ख्रष्णकांत ब्विकर्मा ने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें आशा है ओमप्रकाश अब अपनी सेवानिवृत्ति के बाद पारिवा. रिक जिम्मेदारियों को अच्छे से संभालेंगे वे आज अपनी सरकारी सेवा से निर्मित हुए हैं मगर एक अच्छे कर्मचारी की अपने देश और समाज के प्रति मरते दम तक किसी न किसी रूप में कोई ना कोई डडूटी रहती है। ओमप्रकाश ने भावुक होते हुए कहा कि यहां पर जो स्नेह व प्यार उन्हें मिला उसे वे सदैव याद रखेंगे। यहां के कर्मचारी, अधिक. ारी व बुढ़ाना की जनता का भी उन्हें सहयोग मिला। जिसके लिए वे आभारी हैं। यही वजह है कि उनका कई साल का यहां का कार्यकाल बिना किसी विवाद के पूरा हो गया और वह यहीं पर अपनी सरकारी सेवा से भी निवृत्त हो गए।

उन्होंने कहा कि विभाग को यदि कभी भी उनकी किसी भी मामले में मदद की जरूरत होगी तो उसके लिए हमेशा तैयार रहेंगे स यहां मिले लोगों के प्यार स्नेह को कभी भूल नहीं पाएंगे। इस अवसर पर लेखपाल गौरव कुमार, लेखपाल निशा, लेखपाल मोहित, लेखपाल अवनीश, लेखपाल ललित, एडवोकेट मोहम्मद नूर आलम मंसूरी, दीपक, बिजेंदर फौजी, लेखपाल साजिद, सलीम आदि उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त ब्लॉक् प्रतिरक्षण अधिकारी को दी विदाई

**मोरना।** मोरना क्षेत्र में तैनात ब्लॉक प्रतिरक्षण अधिकारी सुमन देवी चौहान को सेवानिवृत होने पर स्टाफ द्वारा भाव भीनी विदाई दी गई उन्हें अधिकारी द्वारा मोमेंटो देकर व शॉल पहनाकर सम्मान किया गया।स्टाफ द्वारा भी उपहार देकर उनका सम्मान किया गया वह उनकी सेवाओं को सराहा गया।मोरना स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर सोमवार को आयोजित विदाई समारोह कार्यक्रम में ब्लॉक् प्रतिरक्षण अधिकारी सुमन देवी को सेवा निवृत्त होने पर विदाई दी गयी।प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार ने कहा की मोरना अस्पताल की श्रेणी को उच्च बनाने में सुमन देवी जैसी कर्मठ कर्तव्य निष्ठ कर्मचारियों का अहम योगदान है।उनकी सेवाएं स्मरणीय रहेंगी।कार्यक्रम के संचालक डॉ. आर डी गौड़ ने कहा कि सुमन देवी ने मोरना क्षेत्र में 39 वर्ष यानी चार दशकों की दीर्घकालिक सेवा दी।उनका सेवा काल निर्विवाद व प्रशंसनीय रहा है।उनकी सेवाएं समस्त स्टाफ के लिये प्रेरणास्रोत है। इस दौरान मुख्य रूप से डॉ. अनिल कौशिक, विजय शर्मा, एएनएम सुलेखा दास, शुभलेश देवी, डोली, श्रुति, सीमा, रेखा, रोमा, रुबीना, पूजा, शाकिर अली, नरेन्द्र कुमार, मोहम्मद आफाक, बबीता, मोनिका, कुसुम लता, आशा त्यागी, महिपाल, संदीप, सतपाल, डॉ. मांगेराम चौधरी, मनीषा, पूजा देवी, अंजू, शबनम बानो, अरविंद कुमार, मण्डल अध्यक्ष अरुणपाल आदि मौजूद रहे।

## सफीपुर में मनाया श्रीराम का जन्म उत्सव

**बुढ़ाना।** सफीपुर में श्रीराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। आयोजन में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सोहनवीर सिंह मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। सोहनवीर सिंह ने लोगों से भगवान श्रीराम के आदर्शों, जैसे मर्यादा, त्याग और समाज सेवा पर चलने का आह्वान किया। यह आयोजन बजरंग दल के प्रखंड संयोजक आशु त्यागी के आवास पर किया गया। कार्यक्रम में लगभग आधा सैंकड़ा बजरंग दल कार्यकर्ता मौजूद थे। इस दौरान जय श्रीराम के जयघोष गूंजते रहे। आयोजकों ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता के साथ साथ सांस्कृतिक मूल्यों को भी बढ़ावा देने में सहायक होते हैं। इस दौरान यहां पर प्रसाद का भी ग्रहण किया।

# सात दिवसीय दुर्गा मेले का हुआ भव्य शुभारंभ



**बुढ़ाना।** हर वर्ष की भांति इस बार भी कस्बा बुढ़ाना के चांदनी वाला मंदिर परिसर में लगने 7 दिवसीय माता दुर्गा मेले का बीती रविवार की देर रात शुभारंभ हो गया। जिसका उदघाटन बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र त्यागी और समाजसेवी नत्थू गर्ग ने अपने कर कमलों द्वारा पूजा अर्चना करने के बाद सैंकड़ों गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामय मौजूदगी में संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। यह धार्मिक मेला आगामी 04 अप्रैल तक चलेगा। इस अवसर पर यहां सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। मेले के उद्घाटन के दौरान मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल देखा गया। श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की। मेले के आयोजकों द्वारा मेले में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। मेले में दूर दराज के गांवों से भी लोग पहुंच रहे हैं। बच्चों के लिए झूले, खान पान की दुकानें और अन्य आकर्षण मेले की रौनक बढ़ा रहे हैं। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने एसडीएम बुढ़ाना कृष्णकांत विश्वकर्मा और सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुख्ता इंतजाम किए हुए हैं। आयोजकों ने बताया कि सात दिनों तक चलने वाले इस मेले में प्रतिदिन भजन कीर्तन और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। मेले के शुभारंभ के साथ ही बुढ़ाना क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का माहौल बन गया है। उद्घाटन समारोह में सभासद अजय संगल, योगेश प्रजापति, प्रेम त्यागी ठेकेदार, लक्की गर्ग, अमित भटनागर, व्यापारी नेता राजेश संगल, सोनू रोहिल्ला, प्रवीण राणा हीरो होंडा एजैंसी और सोमांश संगल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मोजूद रहे।

# डूंगर में किया गया परीक्षाफल का वितरण



**बुढ़ाना।** सोमवार के दिन शासनादेश अनुसार और खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में वार्षिकोत्सव एवं सत्र 2025- 26 की समाप्ति कार्यक्रम तथा परीक्षा फल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा प्रतिभाग किया गया।

इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने बहुत ही उत्साहपूर्वक सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया तथा प्रत्येक कक्षा के होनहार विद्यार्थियों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कार वितरण किया गया। ग्राम प्रधान चौधरी, ऊषा देवी और विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्षा उषा द्वारा सभी छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए और कक्षा एक से लेकर कक्षा 12 तक बच्चों व कक्षा दो के 12 बच्चों का फरवरी में डायट प्रशिक्षुओं द्वारा किए गए निपुण असेसमेंट में हुए निपुण विद्यालय में हुए सब निपुण बच्चों को पुरस्कृत कर स ब क । उत्साहवर्धन किया गया।

स्कूल प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि वार्षिकोत्सव का मुख्य उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेलकूद की उपलब्धियां का जश्न मनाना तथा उन्हें सम्मानित करना था। यह मंच छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने, टीम वर्क को बढ़ावा देने, नेतृत्व कौशल विकसित करने व कलात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है।

## कामदा एकादशी पर खतौली में खाटू श्याम संकीर्तन, भजनों से गूंजा वातावरण

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर के शिवपुरी स्थित नवनिर्माणाधीन खाटू श्याम मंदिर परिसर, श्री झारखंड महादेव देवालय में शुक्ल पक्ष की कामदा एकादशी के अवसर पर भव्य संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे उत्साह के साथ भक्ति रस में डूबे नजर आए।

मंदिर परिसर में बाबा खाटू श्याम का दिव्य दरबार आकर्षक रूप से सजाया गया, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य यजमान राजेंद्र कुमार (गुलशन फूल भंडार) ने परिवार सहित बाबा की ज्योत प्रज्वलित कर की।संकीर्तन के दौरान अर्जुन पुरबा. लियान, भावना रानी (अलीपुर अटेरणा), खुशबू राधा (सकौती), राहुल तिटोलिया, दीपक योगी, हर्ष गुप्ता और रामू पुठा सहित कई भजन गायकों ने अपने मधुर भजनों से समां बांध दिया। वहीं शशि भारद्वाज, ज्योति अरोरा, प्रियांशी और करुणा स्ववती गोस्वामी ने भी भक्ति गीत प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में मोर छड़ी की व्यवस्था सुनील कुमार द्वारा की गई, जबकि फूलों की सुंदर सजावट गुलशन फूल भंडार परिवार ने संभाली।

मंच संचालन का कार्य संजीव कुमार शर्मा (प्रधानाचार्य) ने किया। इस अवसर पर सुधीर गोयल, तरुण सुरी, संजीव अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, मदन छाबड़ा, डॉ. सचिन साहनी, अनुराग शास्त्री, मनोज उपाध्याय सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। महिलाओं में शशि भारद्वाज, सरिता योगी, उपासना अग्रवाल, प्राची अग्रवाल, मिथिलेश महेश्वरी, सोनिया शर्मा, आरती देवी और अन्य का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम में संगीत नटराज ग्रुप, खतौली की संगीतमय प्रस्तुति को खूब सराहा गया, जबकि बाबा का भव्य दरबार मोदीनगर के आदेश भटनागर द्वारा सजाया गया। अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# पीटी ऊषा में वार्षिक परीक्षाफल घोषित




**मुजफ्फरनगर।** पीटी ऊषा कन्या इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षा फल की घोषणा की गई जिसमें कक्षा 6जी में प्रथम अंशिका द्वितीय फ़िज़ा तृतीय महक रही, कक्षा 7जी मे प्रथम वंशिका द्वितीय अवनी तृतीय बिंदिया रही। कक्षा 8जी में प्रथम आयशा द्वितीय महिमा तृतीय इशिका रही। कक्षा 9जी । में प्रथम अंजलि द्वितीय वंशिका तृतीय अक्षरा रही। कक्षा 9जी ठ में प्रथम रिया द्वितीय सोफिया तृतीय दिव्या रही।कक्षा 11जी । में प्रथम अशिका द्वितीय सोफिया तृतीय दिव्या रही । कक्षा 11जी ठ में प्रथम तनु देवीसिंह द्वितीय तनु मुकेश तृतीय सना रही है

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष मास्टर रणधीर सिंह विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर विपिन कुमार सिंह जी विद्यालय के उप प्रबंधक डॉक्टर संजीव कुमार जी विद्यालय की प्रधानाचार्या उषा सिंह तथा विद्यालय के कोर्डिनेटर प्रवीण कुमार पुंडीर ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ़ का पूर्ण सहयोग रहा

## ट्रैक्टरों की दो बैटरियां हुई चोरी, रिपोर्ट हुई दर्ज

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोरों ने ट्रैक्टर की दो बैटरियां चोरी कर ली। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुन कुमार पुत्र सुभाष सिंह निवासी गांव मदीनपुर खिजरपुर ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि मैं हिन्द ब्रिक फील्ड सठेडी बायवाला चौराहे के पास ईट भटे पर मुंशी का काम करता हूं। बीती 29 मार्च की प्रथम रात्रि को भटे की बाउंड्री वाल तोड़कर भटे पर खड़े दो ट्रैक्टरों में से दो बैटरी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। जिनमें एक बैटरी ट्रैक्टर की है तो वही दूसरी बैटरी सोनालिका ट्रैक्टर की है। अर्जुन ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## संक्षिप्त समाचार

### मंदवाडा के स्कूल में हुआ वार्षिक उत्सव

**बुढ़ाना।** सोमवार के दिन शासन के आदेश के अनुपालन में बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र की खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती किरण यादव के नेतृत्व में उच्च प्राथमिक विद्यालय मंदवाड़ा में वार्षिकोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा परीक्षा फल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान अध्यापक शौकीन अली एवं समस्त स्टाफ द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने बहुत ही उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया तथा प्रत्येक कक्षा के होनहार विद्यार्थियों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कार वितरण किया गया। ग्राम प्रधान द्वारा सभी छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करने के लिए उन्हें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से श्रीमती आकाश यादव, रश्मि वशिष्ठ, अंजलि, मानसी शर्मा, पारुल, अंजली, दीपा, रीतू रानी, अंजना आर्य, वैशाली, मोहम्मद साजिद खान तथा शौकीन अली के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### युवक पर लगा पुत्री को भगाने का आरोप

**बुढ़ाना/फुगाना।** एक ग्रामीण ने फुगाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए उसकी पुत्री को भगाकर ले जाने वाले आरोपी युवक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। उधर फुगाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिली जानकारी के मुताबिक बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव फुगाना निवासी एक ग्रामीण ने विगत दिवस फुगाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया था कि उसकी लगभग 28 साल की पुत्री बीती 26 मार्च को रात्रि में कहीं अज्ञात स्थान पर चली गई थी मगर अब मुझे जानकारी हुई है कि मेरी पुत्री को मेरे ही गांव का आकाश वाल्मिकी पुत्र सुनील कुमार भगाकर ले गया है। पीड़ित ग्रामीण ने फुगाना पुलिस से आरोपी आकाश वाल्मिकी के विरुद्ध कडी कार्यवाही की गुहार लगाई है। वहीं दूसरी और फुगाना पुलिस ने भी आरोपी आकाश के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कन्या जूनियर हाईस्कूल का परीक्षाफल घोषित

**बुढ़ाना।** कन्या जूनियर हाई स्कूल बुढ़ाना में सोमवार के दिन वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। जिसमें कक्षा 08 की होनहार छात्रा कशिश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र उमंग ने द्वितीय स्थान, छात्रा सना ने तृतीय स्थान, छात्रा सुनैना ने चतुर्थ स्थान एवं छात्रा सोनम ने पंचम स्थान प्राप्त किया। उक्त विद्यालय स्टाफ द्वारा इन सभी छात्र छात्राओं को रिजल्ट एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यहां शिक्षकों में मुख्य रूप से शिक्षक सुशील सैनी, मनोज सहरावत, अंजलि मलिक, रश्मि गोयल, प्रीति, संगीता जैन, सुकेश, सीमा, पूनम और अरुण इत्यादि अध्यापक उपस्थित रहे। स्कूल के प्रधानाचार्य ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।

### डिग्री कॉलेज में हुआ फेयरवेल पार्टी का आयोजन

**चरथावल।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान चंद्रशेखर आजाद (पीजी) कॉलेज में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर गुलाब सिंह एवं महाविद्यालय सचिव राकेश वशिष्ठ एडवोकेट द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा अनेक मनमोहक संस्कृतिक कार्यक्रम एवं डांस कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । कार्यक्रम में विशाखा ,मेहविश जहां, काजल, पारुल ,माधुरी आदि छात्राओं ने भाग लिया। बीकॉम से नंदिनी एवं बीए से वंशिका शर्मा प्रेशर रही तथा बीए से विशाखा एवं काजल फेयरवेल रही। कार्यक्रम का संचालन तरबिया एवं कशिश ने किया। कार्यक्रम में अनुशासन बनाए रखने में महाविद्यालय प्रवक्ता सुनील कुमार ,ऋषिपाल ,सुमित कुमार, सुखपाल सिंह ,विनीत, पूजा एवं शिखा का कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### जैन समाज ने किया महावीर विधान आयोजित

**बुढ़ाना।** सोमवार के दिन बुढ़ाना कस्बे में स्थित जैन मंदिर के भव्य परिसर में भगवान महावीर स्वामी जी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव और आचार्य श्री 108 ज्ञान सागर जी महाराज की 39वीं दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में महावीर विधान का आयोजन बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ में किया गया और शाम के समय सांस्कृतिक प्रोग्राम भी आयोजित किए गए। जिसमें बड़ी संख्या में जैन भक्तों ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया और हर्ष व्यक्त किया। यहां जैन समाज के अनुयायियों ने इस धार्मिक आयोजन में बढ़ चढ़कर भाग लिया और सभी के द्वारा यहां पर आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के 39वें दीक्षा दिवस के पावन अवसर पर उनके कठोर तप और संयम का स्मरण किया गया और उन्हें श्रीफल अर्पित कर संयम दिवस मनाया गया। बताया जाता है कि यह धार्मिक आयोजन भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और करुणा के संदेश को प्रसारित करने के लिए आयोजित किए गया था। जिसमें ज्ञान सागर महिला मंडल और सकल जैन समाज का भी विशेष योगदान देखने को मिला। यहां ज्ञान सागर महिला मंडल की अध्यक्षा रेखा जैन भी मुख्य रूप से शामिल रही। इस दौरान यहां पर मुख्य रुप से संदीप जैन, अनुज जैन, सुरेंद्र जैन, बिजेंद्र जैन और शरद जैन आदि श्रदालुओं की उपस्थिति रही।

### आर्य कन्या इंटर कॉलेज का रिजल्ट घोषित

**बुढ़ाना।** सोमवार के दिन आर्य कन्या इंटर कॉलेज बुढ़ाना में वर्ष 2025 और 26 का परीक्षा फल घोषित किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाली सभी छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा 06 में प्रथम स्थान छात्रा काव्य अमित ने 94.08 प्रतिशत अंक पाकर प्राप्त किया, द्वितीय स्थान छात्रा पायल राकेश ने 89 प्रतिशत अंक पाकर प्राप्त किया। तृतीय स्थान छात्रा शिबरा साजिम ने 85.08 प्रतिशत अंक पाकर प्राप्त किया। कक्षा 07 में छात्रा साक्षी पुत्री सोनू ने 94. 03 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा निशा पुत्री विकास ने 87. 03 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा छवि पुत्री नीटू पांचाल ने 85.08 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 08 में छात्रा अक्शा पुत्री आस मोहम्मद ने 89.12 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा रिया सैनी पुत्री रकम ने 88.03 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा नेहा पुत्री राजकुमार ने 87.03 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 09 में छात्रा इशिका पुत्री मोनू ने 82.08 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा अमन पुत्री राजेश कुमार ने 82.01 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा विधि सैनी पुत्री रविंद्र ने 76.03 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11 मे छात्रा वंशिका पुत्री सोनू ने प्रथम स्थान पर आकर 88.05 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, छात्रा कीर्ति पुत्री नीरज पांचाल ने 85.07 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा तनु पुत्री मनोज सैनी ने 78.07 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की कक्षा अध्यापिकाओं ने सभी पास छात्राओं को प्रगति पत्र वितरित किए। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रमेश कुमारी ने यहां पर सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### महावीर जयंती के साथ मनाया श्री ज्ञान सागर महाराज का दीक्षा दिवस

**शाहपुर।** जैन धर्म के 24 वे तीर्थन्कर भगवान महावीर स्वामी जी के जन्म जयंती व आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज का दीक्षा दिवस कस्बे मे बड़े ही उल्लास व भक्तिभाव से मनाई गयी। नगर के मंगलापुरी मंडी मे स्थित श्री शांतिनाथ जिनालय से श्री जी की भव्य शोभायात्र का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम रथ व कार्यक्रम के पात्रें का चयन लक्की ड्रा के माध्यम से किया गया। जिसमे धर्म ध्वजारोहण विनय जैन शगुन जैन ने किया। उसके पश्चात राष्ट्र संत, समाधिष्ट आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज की चरण छतरी पर पाद प्रकशालन संजीव जैन, हर्षित जैन परिवार द्वारा किया गया। रथ मे श्री जी का सारथी प्रदीप जैन, श्रेनिक जैन आदि जैन, ख्वाशी अरविन्द जैन, आगम जैन, सौधर्म इंद्र सुरेंद्र पंडित जीद्धटीकमगढ़ वालेऋ, इशान, इंद्र रविंद्र जैन रजत जैन पारस जैन कुबेर पंकज जैन, ;षभ जैन बने। इस दौरान बालेश जैन, जीवेन्द्र जैन, राकेश जैन, मदन जैन, सतीश जैन, राजेंद्र जैन, अनुज जैन, विनय जैन, ललित जैन, उमंग जैन, श्रेनिक जैन, रविंद्र जैन,, अमित जैन, पुनीत जैन, संजीव जैन, नवीन जैन, शकून जैन, टिंकल जैन, अमन जैन, संदीप जैन, शालू जैन, अक्षय जैन, रजत जैन, वैभव जैन, अंकुर जैन, अरिहंत जैन, ;षभ जैन, पारस जैन, लल्ला जैन, अभिनव जैन, नमन जैन, सात्विक जैन, रमेश जैन, अनंत जैन, देव जैन, वंश जैन, हर्षित जैन, शुभम जैन, राहुल जैन, आशीष जैन, अंकित जैन, नितिन जैन आदि मौजूद रहे।

# गांधी कॉलोनी बारात घर में नए हॉल का उद्घाटन



**मुजफ्फरनगर।** गांधी कॉलोनी में पचेड़ा रोड पर स्थित बारात घर में एक सेंट्रली ए सी से सुसज्जित नए हॉल का निर्माण किया गया जिसमें सुबह हवन करके सर्व समाज के लोगों ने आहुति दी और उसके पश्चात सभी अतिथियों के लिए नाश्ते का भी प्रबंध किया गया बारात घर गांधी कॉलोनी पहले से ही एक बड़ा नाम है जहां समाज के सभी वर्गों की शादी समारोह, कथाएं, तेरहवीं आदि के कार्यक्रम सस्ते रेट पर समाज की सेवा भाव से आयोजित किए जाते है। विजय वर्मा ने बताया की कमेटी के अध्यक्ष अशोक डोडा महामंत्री बाल बहादुर कोषाध्यक्ष रघुनाथ नागपाल, प्रमोद अरोड़ा, अनिल धमीजा, प्रेमी छाबड़ा, राकेश ढींगरा, राकेश हुडिया मुकुल दुआ आदि ने कड़ी मेहनत कर एक प्लानिंग के साथ एक प्रोफेशनल आर्किटेक्ट के सलाह से इस हाल का निर्माण किया जिसमें पूरे बारात घर सेंटरली ए सी व जनरेटर की सुविधा से सुसज्जित किया गया बारात घर गांधी कॉलोनी समय-समय पर समाज के उत्थान के लिए गरीबों की शादी करना ,गौशाला में दान देना और समाज के उन सभी लोगों को सहायता प्रदान करता है जिससे कि सभी समाज के लोगों को इस सुविधा का लाभ मिल सके। इस कार्यक्रम में सुदर्शन सिंह बेदी, अमरजीत सिंह सिडाना, अशोक बाटला, अमित अरोड़ा, अनिल आहूजा, अशोक छाबड़ा, पवन छाबड़ा, डॉक्टर सुधीर लूथरा, डॉ अनिल कक्कड़, डॉ चंद्र शेखर, गुरु सिंह सभा समिति, वैष्णो देवी मंदिर समिति, यश कपूर, लक्ष्मी नारायण मंदिर समिति, प्रवीण खेड़ा कुलभूषण बजाज सरदार सतपाल मान ,अनमोल छाबड़ा राम लुभाया अजय ग्रोवर सतीश मालिक, विकास आहूजा विनोद डावर, राजेंद्र साहनी, गिरीश, विनय अरोड़ा एडवोकेट आदि लोग उपस्थित थे

# 35 आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों का लोकार्पण



**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आंगनबाडी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र, ग्रोथ मानीटरिंग डिवाईस एवं स्मार्टफोन का वितरण, आंगनबाडी केन्द्र भवन की नई डिजाइन का विमा. चन, आंगनबाडी केन्द्र भवनों / परियोजना कार्यालय का लोकार्पण लखनऊ में किया गया।

जिसका सीधा प्रसारण राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुजफ्फरनगर में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, सुधीर सैनी, सदस्य विधान परिषद, वंदना वर्मा, जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल पार्टी, संदीप राठी, मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुशील कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग एवं कल्याण अधिकारी श्री शक्ति शरण श्रीवास्तव, आंगनवाड़ी सहायिका आदि ने सीधा प्रसारण को देखा। इसके उपरांत जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल तथा एमएलसी वंदना वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ।

निर्मित 35 आंगनबाड़ी केंद्र भवनों, 4 बाल विकास परियोजना कार्यालय भवन का लोकार्पण माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, सुधीर सैनी, सदस्य विधान परिषद, श्रीमती वंदना वर्मा, जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल पार्टी, संदीप राठी किया गया। जनप्रतिनिधियों द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर मे मुख्य सेविकाओं एवं आंगनबाडी कार्यकत्रियों को ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाईस एवं 142 स्मार्ट फोन का वितरण भी किया गया। इस अवसर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल द्वारा कहा गया कि आंगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा स्मार्ट फोन प्राप्त करने के पश्चात उनका कार्य सरल, तेज एवं प्रभावी हो जायेगा।उन्होंने आंगनबाडी कार्यकत्रियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आंगनबाडी कार्यकत्रियां हमारे समाज की नींव है। मा.सदस्य विधान परिषद ने कहा कि बच्चों को पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य की देखभाल में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अब स्मार्ट फोन के माध्यम से वे सभी जरूरी जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेगीं। समय पर रिपोर्ट भेज सकेगी और सरकारी योजनाओं का लाभ बेहतर तरीके से पात्र लाभार्थियों तक पहुंचा सकेगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजीव द्वारा किया गया। मुख्य विकास अधिकारी, कण्डारकर कमल किशोर देशभूषण, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुशील कुमार, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी शक्ति सरन श्रीवास्तव तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी अत्येन्द्र सिंह, संतोष कुमार शर्मा एवं राहुल कुमार, समस्त मुख्य सेविकाएं तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# चार करोड़ की स्मैक सहित तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत थाना कैराना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शातिर मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध स्मैक, बाइक और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 4 करोड़ 3 लाख रुपये बताई जा रही है, जिससे इस गिरोह की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है।



सोमवार को पुलिस लाइन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि रविवार देर रात थाना कैराना पुलिस टीम बुच्चाखेड़ी से ऊंचागांव मार्ग पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने तीतरवाड़ा निवासी अहसान पुत्र इकराम को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से 2 किलो 15 ग्राम अवैध स्मैक, बिना नंबर प्लेट की टीवीएस अपाचे बाइक तथा एक सैमसंग मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21/29 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह सहारनपुर जनपद के नकुड़ थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति से स्मैक खरीदकर लाता था और उसे छोटे-छोटे पैकेट (पुड़िया) बनाकर गांवों और मोहल्लों में बेचता था। पुलिस ने इस मामले में संबंधित सप्लायर के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी सहारनपुर और शामली जनपद में सक्रिय रूप से स्मैक तस्करी कर रहा था। फिलहाल पुलिस उसके नेटवर्क और इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की गहन जांच में जुटी हुई है। इस कार्रवाई को नशे के खिलाफ चल रहे अभियान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# अंतर्राज्यीय वाहन चोरों को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में अपराध नियंत्रण की दिशा में थाना कांधला पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 16 चोरी की मोटरसाइकिलें, अवैध हथियार तथा कारतूस बरामद किए गए हैं। यह गिरोह उत्तर प्रदेश के साथ-साथ हरियाणा और दिल्ली में भी सक्रिय होकर बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था।



सोमवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि संदिग्ध वाहन और व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान सीओ कैराना हेमंत कुमार के नेतृत्व में कांधला पुलिस टीम ने ग्राम गढ़ी रामकौर रजवाहा पुलिया पर चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में अहसान पुत्र इलियास, दिलशाद उर्फ दिल्ला पुत्र शौकत उर्फ शुक्का, इस्तकार पुत्र इलियास और भूरा पुत्र मकसूद निवासी ग्राम कुड़ाना थाना कोतवाली शामली शामिल हैं। गिरफ्तारी के समय उनके पास से दो चोरी की बाइक बरामद हुईं। तलाशी के दौरान दिलशाद के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस मिला, जबकि अन्य आरोपियों से तीन अवैध चाकू बरामद किए गए। पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों ने और चोरी की बाइकों के बारे में जानकारी दी। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने ग्राम गढ़ी रामकौर के जंगल में स्थित एक पुराने भवन से 14 और चोरी की बाइक बरामद कीं। इस तरह कुल 16 बाइक बरामद की गईं। पुलिस के अनुसार बरामद बाइकों में से चार के संबंध में विभिन्न थानों में पहले से मुकदमे दर्ज हैं, जबकि अन्य वाहनों की जानकारी जुटाई जा रही है। सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें आगे भी मेहनत और अनुशासन के साथ सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

# सड़क हादसे में हुई घायल युवक की मौत

## साथी गंभीर, चालक बाइक छोड़कर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। हादसे के बाद आरोपी चालक अपनी बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

ग्राम भूरा निवासी जाउल हसन ने कोतवाली कैराना में दी तहरीर में बताया कि 24 मार्च को उसका भाई साबिर अपने दोस्त सलीम के साथ बाइक संख्या यूपी 19 एस 7985 से कौराना की ओर जा रहा था। जाउल हसन भी दूसरी बाइक से उनके पीछे चल रहा था। बताया कि जब वे भूरा गांव पार कर मंदिर के पास बड़ी लाइन के नीचे पहुंचे, तभी सामने से आ रही काले रंग की सुपर स्प्लेंडर बाइक के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए साबिर की बाइक में सामने से टक्कर मार दी। हादसे में साबिर के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि सलीम भी बुरी तरह घायल हो गया। दुर्घटना के बाद आरोपी कुछ देर मौके पर रुका, लेकिन लोगों की भीड़ जुटती देख अपनी बाइक मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों की मदद से दोनों घायलों को शामली के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान 28 मार्च की देर रात करीब दो बजे साबिर की मौत हो गई। पोस्टमार्टम मेरठ में कराए जाने के बाद परिजनों ने शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। वहीं घायल सलीम का उपचार करनाल स्थित कल्पना चावला अस्पताल में चल रहा है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।परिजनों का कहना है कि घायल के उपचार में व्यस्त होने के कारण तत्काल तहरीर नहीं दी जा सकी। बाद में बाइक नंबर एचआर 06 एआर 4985 के आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### गमगीन माहौल में किया सुपुर्द-ए-खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी एक युवक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार किया गया गया।थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी 35 वर्षीय सतेंद्र किसी जरूरी कार्य से जनपद बागपत के गाव तिलवाड़ा गांव गया हुआ था। बताया जा रहा है कि कार्य पूरा करने के बाद वह वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान जब वह जनपद बागपत के गाव लूम गांव के समीप पहुंचा तो रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सतेंद्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# सफाईकर्मी न होने से चौसाना बेहाल

## गलियों में बह रहा गंदा पानी, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बे में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। 28 हजार की आबादी वाले इस कस्बे में एक भी स्थायी सफाई कर्मी तैनात न होने से हालात बदतर हो गए हैं। गलियों में गंदगी और नालियों के जाम होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे लोगों में भारी रोष है।

चौसाना कस्बे में सफाई व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा अब खुलकर सामने आने लगा है। सोमवार को लंबरदार मोहल्ला में ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पंचायत प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कई महीनों से मोहल्ले की गलियों की सफाई नहीं हुई है, जिसके चलते नालियां पूरी तरह कूड़ा-कर्कट से भर गई हैं।

ग्रामीण समसाद, साजिद, नसीम, वकील, मजमुल्ला, शाकिर, गुफरान, मन्नान, राकिब और जाकिर ने बताया कि नालियों में जमा गंदगी के कारण पानी निकासी पूरी तरह ठप हो चुकी है। नतीजतन, गंदा पानी नालियों से निकलकर सीधे सड़कों और गलियों में बह रहा है। इससे न सिर्फ आवागमन में दिक्कत हो रही है बल्कि बदबू और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि बाहर से कुछ लोगों द्वारा सफाई कर कूड़े का ढेर मोहल्ले के सामने ही लगा दिया गया है, जिससे स्थिति और ज्यादा खराब हो गई है। कूड़े के ढेर से उठने वाली दुर्गंध ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार पंचायत सचिव से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। सबसे बड़ी समस्या यह है कि 28 हजार की आबादी वाले इस कस्बे में एक भी नियमित सफाई कर्मी तैनात नहीं है, जिससे सफाई व्यवस्था पूरी तरह भगवान भरोसे चल रही है।

> लगभग एक महीने पहले ही सफाई कराई गई थी। वर्तमान में सफाई कर्मियों की कमी है, लेकिन जल्द ही निजी कर्मचारियों को लगाकर पूरे कस्बे में सफाई अभियान चलाया जाएगा और समस्या का समाधान कराया
>
> **राहुल कुमार**
> **ग्राम पंचायत सचिव**

## पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**शामली।** बुढ़ाना मार्ग स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन से जुड़े सुमित गुप्ता, प्रधानाचार्य संजय सैनी तथा पल्लवी गुप्ता द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम 99.3 प्रतिशत घोषित किया गया, जो विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता को दर्शाता है। समारोह में कक्षानुसार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा द्वितीय में संवि, पीहू, अभी गोयल, वैष्णवी और आयुषी कक्षा तृतीय में अनंत सिंघल, सारांश, सिद्धार्थ, कीर्ति और शिवन्या कौशिक कक्षा चतुर्थ में हर्षवर्धन, धानी, अविका आर्य, आरोही और देवराज कक्षा पंचम में गौरी शर्मा, ख्रश्य चौधरी, अनन्या शर्मा, आराध्या और शगुन शेरावत को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसी प्रकार कक्षा 6 में आयुष्मान भारद्वाज, विवेक कुमार, आयुष गोयल, अनुष्का और खुशी कक्षा 7 में सार्थक बच्चा, अंशिका चौधरी, रितिका सुहल, शिवम कुमार और मयंक शर्मा तथा कक्षा 8 में वासु कुमारी, देव कुमार, पीहू शर्मा, अन्य भारद्वाज और सक्षम स्वामी ने श्रेष्ठ स्थान प्राप्त कर सम्मान हासिल किया। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वालों में नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक ऋषभ, कक्षा तृतीय से पंचम तक अनंत सिंघल तथा कक्षा 6 से 8 तक सार्थक बच्चा को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त पूर्ण उपस्थिति, घोष विभाग, विभिन्न विभागों एवं शिशु भारती के पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय के आचार्यगणों को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में बौद्धिक प्रतियोगिता, खेलकूद तथा मेधावी छात्रों की तैयारी कराने वाले शिक्षकों को विशेष सम्मान दिया गया। समारोह ने विद्यार्थियों में आगे बढ़ने की प्रेरणा का संचार किया।

# मखमूलपुर में किसान पंचायत आयोजित

- ☐ स्मार्ट मीटर के विरोध में उठी आवाज।
- ☐ किसान नेता गौरव टिकैत का पगड़ी पहनाकर किया स्वागत, जैविक खेती अपनाने का किया आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव मखमूलपुर मे किसान पंचायत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के किसानों, ग्रामीणों तथा विभिन्न पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान किसानों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।पंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे किसान नेता गौरव टिकैत का ग्रामवासियों ने पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में किसानों को एकजुट रहकर अपने अधिकारों की रक्षा करनी होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का रवैया तानाशाहीपूर्ण होता जा रहा है। किसान नेता राकेश टिकैत की उड़ीसा में गिरफ्तारी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार किसानों की आवाज से घबराई हुई है।पंचायत के दौरान स्मार्ट मीटर लगाने के मुद्दे पर भी किसानों ने कड़ा विरोध जताया। वक्ताओं ने कहा कि यह व्यवस्था किसानों और आम उपभोक्ताओं के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। इसके अलावा किसानों को रासायनिक खेती से दूर रहकर जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहे और किसानों की



लागत भी कम हो सके। कार्यक्रम मे सम्मान समारोह व सक्रिय किसानों तथा संगठन के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। पंचायत में संगठन की सदस्यता अभियान के तहत कई लोगों को सदस्यता भी दिलाई गई।इस दौरान मेनपाल चौहान, शांता प्रधान, विनय राठी, ब्रह्मपाल नाला, रहीस पठान, विकास चौहान, गय्यूर हसन, मेहरदीन, मिंटू सैनी, इंतजार, सहित सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक पर सवार तीन लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्थित गांव जसाला बस स्टैंड के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया. चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया और दो घायलों को छुट्ठी दे दी। कस्बा निवासी रहीस शादी व पार्टियों में खाना बनाने का कार्य करता है। सोमवार को अपने पुत्र आमिर भाई सलीम के साथ शामली स्थित एक शादी समारोह में खाना बनाने के लिए गया हुआ था। और अपना कार्य समाप्त कर तीनो लोग बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर आ रहे थे जैसे ही बाइक सवार थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड गाव जसाला के समीप पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया जिस कारण बाइक पर सवार तीनों लोग सड़क पर गिर कर घायल हो गए।

घायलों की चीख पुकार सुनकर सुनकर मौके पर दर्जनों राहगीर भी जमा हो गए। और हादसे की जानकारी 108 एंबुलेंस को दी मौके पर 108 एंबुलेंस के कर्मचारी पहुंचे और तीनों घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सलीम की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया और बाकी दो घायलों को छुटी दे दी। खबर लिखे जाने तक थाने पर कोई भी तहरीर नहीं दी गई थी।

# श्रम विभाग ने लगाया जागरूकता शिविर

## सैकड़ों श्रमिकों को योजनाओं की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र के खंड विकास कार्यालय कैराना परिसर में श्रम विभाग शामली की ओर से विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सहायक श्रम आयुक्त अरविंद कुमार मद्धेशिया के निर्देशन में लगाया गया, जिसका उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना रहा।




सोमवार खंड विकास कार्यालय कार्यालय के प्रांगण में आयोजित शिविर के दौरान विभागीय अधिकारियों ने श्रमिकों को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना, लघु व्यापारी मानधन पेंशन योजना तथा उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा के साथ-साथ दुर्घटना, शिक्षा, विवाह व अन्य आवश्यक जरूरतों के लिए भी सहायता प्रदान की जाती है। अधिकारियों ने उपस्थित श्रमिकों को योजनाओं में पंजीकरण की प्रक्रिया, पात्रता, आवश्यक दस्तावेज और मिलने वाले लाभों के बारे में सरल भाषा में समझाया। शिविर में कई श्रमिकों का मौके पर पंजीकरण भी कराया गया, जिससे उनमें खासा उत्साह दिखाई दिया। अधिकारियों ने श्रमिकों से अधिक से अधिक संख्या में योजनाओं से जुड़कर अपने भविष्य को सुरक्षित बनाने की अपील की। साथ ही शिविर में श्रमिकों की समस्याएं भी सुनी गईं और उनका मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर श्रम विभाग से मुनव्वर जंग, गुलजार अंसारी, खंड विकास कार्यालय से विकास चौहान, अजीत, अशोक कुमार तथा जन सेवा केंद्र संचालकों सहित अन्य लोग मौजूद रहे। शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों श्रमिकों ने भाग लेकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

## बीए-बीएड की मुख्य परीक्षा संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वीवी पीजी कॉलेज में सोमवार को विश्वविद्यालय की बीएड एवं बीए-बीएड मुख्य परीक्षा कड़ी निगरानी और सख्त व्यवस्थाओं के बीच दो पालियों में संपन्न कराई गई। परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए महाविद्यालय प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए थे। पूरे परीक्षा केंद्र पर अनुशासन और सतर्कता का माहौल देखने को मिला। प्रथम पाली में कुल 635 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 613 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 22 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान महाविद्यालय के आंतरिक सचल दस्ते ने सक्रियता दिखाते हुए 12 परीक्षार्थियों को नकल करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। सभी के खिलाफ विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्रवाई की गई।

इस कार्रवाई से अन्य परीक्षार्थियों में भी अनुशासन बना रहा और नकल करने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगा। परीक्षा केंद्र पर जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से छात्र-छात्राएं परीक्षा देने पहुंचे। इनमें सिल्वर बेल्स स्कूल शामली, सेंट आरसी कॉलेज बनत, डॉ. एसएन देव कॉलेज सिक्का, भास्कर कॉलेज कैराना, केएस कॉलेज शामली तथा ओएसजीएस जसाला के परीक्षार्थी शामिल रहे। सभी अभ्यर्थियों की जांच के बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना को खत्म किया जा सके। द्वितीय पाली में कुल 367 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे और परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। इस दौरान भी कक्ष निरीक्षकों ने पूरी सतर्कता बरती और परीक्षा प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित किया। सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही।

## 31 को खुलेंगे कलेक्ट्रेट, तहसील कार्यालय

**शामली।** सर्वविदित है कि 31 मार्च को वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्त हो रहा है। समाप्ति तिथि को विभिन्न मदों में आवंटित अवशेष बजट को राजस्व परिषद को समर्पित किया जाना आवश्यक है। चूँकि 31 मार्च को महावीर जयन्ती का सार्वजनिक अवकाश है, इसलिए कार्यालयों में अवकाश घोषित है। उक्त के फलस्वरूप शासकीय कार्यहित में अरविन्द कुमार चौहान जिलाधिकारी, शामली ने 31 मार्चग दिन मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय/ समस्त तहसील कार्यालय यथावत् खुले रहने के निर्देश दिये है। समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को कडाई से निर्देशित किया जाता है कि ससमय कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

# प्रीपेड मीटर व्यवस्था से व्यापारी परेशान

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने की सुधार की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रदेश में विद्युत विभाग द्वारा लगाए जा रहे प्रीपेड मीटरों की वर्तमान कार्यप्रणाली को लेकर आम उपभोक्ताओं एवं व्यापारी वर्ग में भारी रोष व्याप्त है। प्रीपेड मीटर प्रणाली का उद्देश्य भले ही पारदर्शिता एवं सुविधा प्रदान करना रहा हो, किंतु वर्तमान में इसकी अव्यवस्थित एवं त्रुटिपूर्ण व्यवस्था के कारण उपभोक्ताओं को निरंतर गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल (पंजी) के सहारनपुर मंडल अध्यक्ष अंकित जैन ने कहा कि वर्तमान प्रणाली में जैसे ही उपभोक्ता का बैलेंस समाप्त होता है, तत्काल प्रभाव से विद्युत आपूर्ति बाधित कर दी जाती है। इस प्रकार की व्यवस्था विशेष रूप से व्यापारी वर्ग के लिए अत्यंत नुकसानदायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने बताया कि सबसे गंभीर समस्या यह है कि विद्युत विभाग की वेबसाइट एवं ऑनलाइन रिचार्ज प्लेटफॉर्म कई बार सुचारू रूप से कार्य नहीं करते। सर्वर डाउन, तकनीकी खामियां एवं नेटवर्क समस्याओं के चलते उपभोक्ता समय पर रिचार्ज नहीं कर पाते। ऐसी स्थिति में उपभोक्ता घंटों प्रयास करते रहते हैं, लेकिन जैसे ही बैलेंस समाप्त होता है, बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली काट दी जाती है, जो कि पूरी तरह अनुचित एवं अव्यावहारिक है। उपभोक्ताओं को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है, जो अत्यंत चिंताजनक विषय है। मंडल अध्यक्ष अंकित जैन ने विद्युत विभाग एवं संबंधित उच्चाधिकारियों से निम्न मांगें रखीं। उपभोक्ताओं को रिचार्ज समाप्त होने से पूर्व कम से कम 48 से 72 घंटे पहले प्री-अलर्ट ढ्ढैडै/ब्ंसस/ॅींजे।चचत्र् के माध्यम से सूचना दी जाए। रिचार्ज समाप्त होने के पश्चात उपभोक्ताओं को कम से कम 72 घंटे का ग्रेस पीरियड ढ्ढळतंबम च्मतपवकत्र् प्रदान किया जाए, ताकि वे बिना किसी बाधा के भुगतान कर सकें। विभागीय वेबसाइट, मोबाइल ऐप एवं ऑनलाइन भुगतान प्रणाली को तकनीकी रूप से सुदृढ़ एवं निर्बाध बनाया जाए। उपभोक्ताओं के लिए ऑफलाइन रिचार्ज केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि नेटवर्क समस्याग्रस्त क्षेत्रों में भी भुगतान की सुविधा उपलब्ध हो सके। आपात स्थिति में उपभोक्ताओं को राहत देने हेतु इमरजेंसी बैलेंस/क्रेडिट सुविधा प्रारंभ की जाए। उन्होंने प्रशासन एवं विद्युत विभाग से आग्रह किया कि उपभोक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से ठोस एवं प्रभावी सुधारात्मक कदम उठाए जाएं, ताकि आमजन एवं व्यापारी वर्ग को राहत मिल सके और प्रीपेड मीटर व्यवस्था वास्तव में सुचारू, पारदर्शी एवं जनहितकारी बन सके। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, शामली द्वारा शीघ्र ही एक विस्तृत ज्ञापन संबंधित विभाग एवं मंत्रालय को प्रेषित किया जाएगा।

# पंडित हेमंत कौशिक का शामली पहुंचने पर हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण सभा पंजीकृत के राष्ट्रीय प्रभारी पंडित केसी गौड, राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित हेमंत कौशिक आदि पदाधिकारीयों का ब्राह्मण समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया।

अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा पंजीकृत एक बैठक मोहल्ला बरखंडी स्थित शिव मंदिर में उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा की अध्यक्षता में व पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी पंडित अरविंद कौशिक के संचालन में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पंडित पंकज शर्मा ने कहा अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण सभा (पंजीकृत) के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम श्राष्ट्रीय वैदिक सनातन पंचांग विमोचन एवं शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम सेक्टर 4 नोएडा (उत्तर प्रदेश) में हुआ। कार्यक्रम के सभापति पंडित जितेंद्र कौशिक जिला संरक्षक रहे।



कार्यक्रम में पंडित नंदकिशोर शर्मा राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक एवं पंडित डॉक्टर केसी गौड़ राष्ट्रीय प्रभारी का सानिध्य रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित हेमंत कौशिक रहे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पंडित मुकेश भारद्वाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पंडित ए.के. शर्मा राष्ट्रीय महामंत्री, पंडित बीडी पाराशर राष्ट्रीय वित्त सचिव, पंडित उमेश शर्मा राष्ट्रीय संगठन मंत्री, पंडित पंडित नानक चंद शर्मा व पंडित प्रमोद हितेषी विशेष आमंत्रित सदस्य रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पंडित कमलकांत शर्मा प्रदेश महामंत्री दिल्ली, पंडित असित व्यास जी मंडल अध्यक्ष मेरठ, पंडित शशिकांत शर्मा जिला अध्यक्ष गाजियाबाद, पंडित अमरनाथ शर्मा जिला अध्यक्ष हापुड़ एवं पंडित दमन शर्मा मंडल अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) मेरठ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु परशुराम की विधिवत पूजा अर्चना व वैदिक मंत्रोच्चार करने के बाद हुआ। कार्यक्रम के सभापति पंडित जितेंद्र कौशिक की सहमती लेते हुए (राष्ट्रीय वैदिक सनातन पंचांग) का विमोचन आए हुए समस्त विप्र बंधुओं एवं विदुषियों ने संयुक्त रूप से किया। उपस्थित सभी विप्र बंधुऔ एवं विदुषियों ने अपने-अपने विचार रखते हुए यह संकल्प लिया कि हम सभी मिलकर ब्राह्मण समाज को सर्वोपरि बनाएंगे। पंडित हेमंत कौशिक राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिला गौतमबुद्ध नगर कार्य समिति के व महानगर नोएडा के पदाधिकारीयों को मानोनयन पत्र देते हुए पद एवं गोपनीयता की संस्था एवं समाज के प्रति शपथ दिलवाई। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक पंडित केएसशर्मा जिलाध्यक्ष एवं पंडित आरएन शुक्ला जिला महामंत्री गौतमबुद्ध नगर ने कार्यक्रम का संचालन कुशलता पूर्वक किया। कार्यक्रम का समापन सभापति पंडित जितेंद्र कौशिक ने अपने आशीर्वचन देते हुए उपस्थित सभी जनों को भोजन प्रसाद के लिए निवेदित किया। कार्यक्रम में पंडित गिरजा शंकर पांडे जिला संरक्षक, पंडित राम अवतार शर्मा जिला कार्यकारी अध्यक्ष, पंडित अशोक कुमार मिश्रा जिला उपाध्यक्ष, पंडित सुरेश कुमार प्रभाकर, जिला उपाध्यक्ष, पंडित रविंद्र शर्मा जिला संयोजक श्विधि प्रकोष्ठश, विदुषी विभा मिश्रा जिला संयोजक श्महिला प्रकोष्ठश, पंडित आशुतोष पांडे जिला वित्त सचिव, पंडित जतिश शर्मा जिला मीडिया प्रभारी, पंडित अशोक कुमार शर्मा जिला संगठन सचिव, पंडित वरुणेंद्र नाथ त्रिपाठी जिला सचिव, पंडित संजय शर्मा जी महानगर अध्यक्ष नोएडा,पंडित सुदेश शर्मा, पंडित हेमंत शर्मा खुर्जा से, पंडित प्रणय सारस्वत, विदुषी दिया शर्मा एवं सैकड़ो विप्र बंधु एवं विदुषी उपस्थित थे।

# शत प्रतिशत दिखे स्वच्छता कार्य: शिपू गिरी

## नगर आयुक्त ने जलकल, निर्माण, गैराज व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक में दिए दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम एक अप्रैल से स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लिए जोर शोर से जुटेगा। नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज जलकल, निर्माण, गैराज व स्वास्थय विभाग के अधिकारियों की बैठक में इस सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वच्छता, सफाई और सौंदर्यीकरण की दिशा में नगर निगम द्वारा शहर में यू तो किया ही जा रहा है लेकिन स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए एक अप्रैल से किया गया कार्य शत-प्रतिशत दिखायी देना चाहिए।



उन्होंने महानगर के नाले-नालियों में फ्लोटिंग ट्रैस बैरियर ( एक तरह से जालियां) लगवाने के निर्देश दिए ताकि नाले-नालियों में बहकर आने वाले रैपर, पॉलिथीन व अन्य कचहरा एक जगह एकत्रित होने पर उसे निकाल कर आगे बहने से रोका जा सके।

नगर आयुक्त शिपू गिरी ने कूड़ा ट्रांस्फर स्टेशन से समय से कूड़ा उठान करने और उसके बाद उनकी तत्काल सफाई करने पर जोर दिया। नगरायुक्त ने कूड़ाघरों एवं सामुदायिक शौचालयों की साफ-सफाई रखने तथा उन पर पेंटिंग कराकर उनका सौंदर्यीकरण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख स्थानों पर साफ सफाई के साथ सेल्फी प्वांइट बनाने का भी सुझाव दिया।

नगरायुक्त ने निर्माण विभाग से उन स्थानों पर तुरंत कार्य शुरु करने को कहा जिन स्थानों पर नालियां न होने या ढलान ठीक न होने आदि समस्या के कारण जल निकासी की समस्या रहती है। गैराज विभाग ने शहर के ऐसे 34 स्थानों को चिह्नित किया था। उन्होंने प्रत्येक वार्ड में सौंदर्यीकरण के लिए वेस्ट टू वंडर पार्क या कॉर्नर विकसित करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, सहायक नगरायुक्त बिकास धर दुबे, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, अधिशासी अभियंता जल वी बी सिंह, जेडएसओ राजीव चौधरी व अनेक विभागों के सहायक अभियंता, जेई तथा सफाई निरीक्षक व एनजीओ के वालंटियर्स आदि भी शामिल रहे।

# स्मार्ट सिटी को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर स्मार्ट सिटी को नोएडा में आयोजित 33 वें कॉन्कलेव इंडिया स्मार्ट सिटीज एक्सपो 2026 में ''कामकाजी महिलाओं को मजबूत करने के लिए स्मार्ट पहल'' श्रेणी के अंतर्गत प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान शहर में कार्यरत महिलाओं के सशक्तिकरण एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विकसित किए गए वूमेन हॉस्टल प्रोजेक्ट के लिए प्रदान किया गया है। सम्मान चिह्न एंव प्रमाणपत्र कॉन्कलेव से लौटकर स्मार्ट सिटी के कंपनी सचिव शंकर तायल ने स्मार्ट सिटी सीईओ/नगरायुक्त शिपू गिरि को सौंपा।

स्मार्ट सिटी सीईओ/नगरायुक्त शिपू गिरि ने पुरस्कार पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी सहारनपुर द्वारा यह अभिनव परियोजना कार्यरत महिलाओं को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं आधुनिक आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वूमेन हॉस्टल को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यह महिलाओं की दैनिक आवश्यकताओं, सुरक्षा एवं आराम को प्राथमिकता देता है। इसमें आधुनिक सुरक्षा प्रणाली, सीसीटीवी निगरानी, 24ग्7 सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छ एवं सुसज्जित कमरे, सामुदायिक स्थान तथा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी की यह पहल न केवल महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करती है, बल्कि




उन्हें आत्मनिर्भर बनने और अपने करियर को आगे बढ़ाने में भी सहायता करती है। स्मार्ट सिटी का यह प्रयास शहरी विकास के साथ-साथ सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि टीम के समर्पण और नवाचार का परिणाम है। भविष्य में भी संस्था द्वारा ऐसे ही जनहितकारी एवं समावेशी प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा दिया जाएगा।

अपर नगरायुक्त/एसीईओ प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि यह पुरस्कार सहारनपुर शहर को एक स्मार्ट, सुरक्षित और समावेशी शहर के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर अपर नगरायुक्त/एसीईओ प्रदीप कुमार यादव, स्मार्ट सिटी जीएम दिनेश सिंघल व लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

# बुलेट सवार की दबंगई से लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** मोहल्ला बंजारान में एक बुलेट सवार की दबंगई से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। आरोप है कि युवक तेज रफ्तार में बाइक चलाकर साइलेंसर से पटाखों जैसी आवाज निकालता है, जिससे दहशत और शांति व्यवस्था बिगड़ने का खतरा बना हुआ है।

मोहल्ले के लोगों के अनुसार बीती रात युवक अपने साथियों के साथ यही हरकतें करता रहा, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों में भय का माहौल बन गया। लोगों का कहना है कि यह केवल शोर नहीं, बल्कि कानून व्यवस्था को खुली चुनौती है। नगर वासियों वसीम उमर, इरफान, फरमान, सद्दाम कुरैशी सहित अन्य ने प्रशासन से आरोपी की बाइक सीज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि क्षेत्र में अमन-चैन बहाल हो।

# नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ।** नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण भाजपा नेता साहब सिंह पुण्डीर द्वारा किया गया। साथ ही पाँच गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा पाँच बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया।



भाजपा नेता साहब सिंह पुण्डीर ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण क्षेत्र में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं और बच्चों को उचित पोषण मिलना बेहद आवश्यक है, जिससे आने वाली पीढ़ी स्वस्थ और सशक्त बन सके। उन्होंने भाजपा राज की सराहना की।

ग्राम विकास अधिकारी वैभव निर्वाल ने सभी लाभार्थियों को बधाई दी। क्षेत्रीय सुपरवाइजर अनिता भट्ट ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से महिलाओं और बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान बाबूराम, सचिव वैभव निर्वाल, सुशील काम्बोज, आंगनबाड़ी सहायिका सरिता काम्बोज, सुषमा, रीना, ममता, वंदना, पूनम देवी, बबीता, सपना, गुड्डी, मधु शर्मा, सुषमा पाण्डेय, मीना गौतम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षक व शिक्षा का मंदिर हमारे मार्गदर्शक: डा.अजय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** मेयर डॉ अजय सिंह ने कहा कि स्कूल शिक्षा का मंदिर और शिक्षक वो मार्गदर्शक हैं जो उन्नति के रास्ते दिखाते हैं।उनका सहयोग और सम्मान किया जाना जरूरी है।

क्षेत्र की प्रसिद्ध शिक्षण संस्था मदरलैंड पब्लिक स्कूल का 24 वां वार्षिकोत्सव प्रयास भव्य रूप से मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ सहारनपुर महापौर डॉ अजय सिंह,एसपी सिटी व्योम बिंदल व श्रीमती सायमा मसूद ने किया। मेयर डॉ अजय सिंह ने कहा कि स्कूल शिक्षा का मंदिर होते हैं और शिक्षक वो मार्गदर्शक होते हैं जो ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं और उन्नति का मार्ग दिखाते हैं। एसपी सिटी व्योम बिंदल ने कहा कि बच्चों को शुरू से अनुशासन का पालन करना सीखना चाहिए।ताकि वे एक अच्छा नागरिक बन कर देश और समाज के लिए कार्य कर सकें। श्रीमती सायमा मसूद ने कहा कि हर संस्था की अपनी विशेषता होती है।मदरलैंड स्कूल में शिक्षा और अनुशासन विशेष हैं जो बच्चों को जीवन के हर क्षेत्र में पारंगत करते हैं। स्कूल के



प्रबंधक सत्य संयम भूर्यान व चेयरपर्सन श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि बच्चों को किताबी की शिक्षा के साथ साथ सभी तरह का ज्ञान देना जरूरी है।हम समय समय पर ऐसे कार्यक्रम करते रहते हैं जिनसे बच्चों का हौसला खुले और वे आगे बढ़ें तरक्की करें।प्रधानाचार्या डॉ शालू भूर्यान ने कहा कि मदरलैंड पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में मिसाल बना है।

इस दौरान चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप बालियान,हिबा मसूद,मनोज भूर्यान,अमिनेश सैनी सहित बड़ी में गणमान्य लोग, छात्र छात्राओं के अभिभावक एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# शिविर में 36 लोगों का स्वैच्छिक रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** जिला अस्पताल तथा एकता जन सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर में 36 लोगों ने रक्तदान किया।




सोमवार को आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि गौ रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरीश पंवार ने कहा कि रक्तदान करना सबसे बड़ा दान है। एक व्यक्ति द्वारा दिए गए रक्त से तीन लोगों की जिंद. गियां बच सकती हैं। हमें समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। समिति के संरक्षक बालकृष्ण शर्मा ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी तरह की कोई कमजोरी नहीं आती है बल्कि रक्तदान से अन्य लोगों को लाभ होता है।

समिति के अध्यक्ष श्याम कुमार सैनी ने समिति की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि समिति अभी तक सात रक्तदान शिविर लग चुकी है। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को एसबीडी जिला अस्पताल द्वारा प्रमाण पत्र दिए गए। शिविर में शक्ति चौधरी, अमित उपाध्याय, सुशील मोगा, डॉ. दीपक सैनी, डॉ. अशोक सैनी, सागर पाल, पवन गुंबर, मनोज सैनी, इंतजार बेग, नाथी सहल, डॉ आबिद हसन, मो. जुनैद, डॉ विदिशा गुप्ता आदि रहे।

# प्रभु चरणों से जुड़े रहें यही सत्संग है: आचार्य कौशिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** टोडरपुर भूकडी मे चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास ने कहा हमारा मन बहुत चंचल होता है। प्रभु कृपा से हमें सत्संग की प्राप्ति तो होती है लेकिन सत्संग में बैठकर हमारा मन कहीं ओर होता है। जब तक सत्संग में बैठकर हम प्रभु चरणों से नहीं जुड़ेंगे तब तक हमें फल की प्राप्ति नहीं होगी

आचार्य मिथिलेश नंदन कौशिक ने कहा कि परमात्मा को प्राप्त करने के लिए आयु निर्धारित नहीं होती। भगवान को बाल्य काल में भी जप, तप, ध्यान, योग के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। ध्रुव जी महाराज ने साढ़े पाँच वर्ष की अवस्था में भगवान की कठिन तपस्या की और नारायण को अपने सामने प्रकट कराया। भगवान और भक्त के बीच में केवल भक्ति ही श्रेष्ठ है, इसलिए किसी भी अवस्था में, किसी भी आयु में परमात्मा को प्राप्त किया जा सकता है। ध्रुव जी महाराज को भी सत्संग का लाभ मिला था।

नारद जी महाराज ने ध्रुव जी को सत्संग सुनाया, जिससे उन्हें सही मार्ग मिला। बाल्यकाल में ही सत्संग के प्रभाव से ध्रुव जी महाराज ने भगवान के दर्शन कर लिए थे। इस दौरान आचार्य सुरेश शास्त्री,चौधरी संजय, चौधरी जनक, संदीप मास्टर,मास्टर सुमेरचंद कपिल, रगबीर भगत जी, भोपाल सिंह, चरण सिंह आदि श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# जैन समाज ने निकाली शोभायात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

चिलकाना। जैन समाज द्वारा भगवान महावीर जयंती शोभा यात्रा बड़े ही धूमधाम के साथ निकली गई।

सोमवार को भगवान महावीर की प्रतिमा को स्वर्ण गजरथ पर सावर कर भगवान महावीर जयंती शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा श्री दिगंबर जैन मंदिर चिलकाना से प्रारंभ होकर नगर के मेन बाजार, बस स्टैंड, मोहल्ला गढ़ी को होते हुए जैन बाग चिलकाना पहुंची। वहां पांडू शीला पर श्री जी का जलाभिषेक किया गया तथा जिसके बाद शोभायात्रा वापस श्री दिगंबर जैन मंदिर पर श्री जी के अभिषेक के साथ संपन्न हुई। शोभायात्रा में रथ पर भगवान महावीर की प्रतिमा को लेकर ख्वासी के रूप में बैठने का सौभाग्य राजीव कुमार जैन व अमित जैन पिंटू, खजांची तरसेम चंद जैन व नगर



सभासद अनुपम जैन तथा सारथी प्रमोद जैन व विपुल जैन को प्राप्त हुआ।

शोभायात्रा मे चिलकाना जैन समाज के अध्यक्ष राकेश जैन, सुल्तानपुर जैन समाज के संरक्षक सुधीर कुमार जैन, सुल्तानपुर जैन समाज के अध्यक्ष राकेश जैन, नकुड विधायक मुकेश चौधरी, नगर सभासद अनुपम जैन, भाजपा नेता जायर हुसैन चाँद मियां, जिनेंद्र जैन, प्रमोद जैन, तरसेम जैन, भाजपा नेता निशांक जैन, विनय जैन, सुनील जैन, अनुज जैन, सचिन जैन, विकास जैन, अंकुर जैन, मन्नू जैन, संजय जैन, श्रेयांश जैन आदि रहे।

# स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**गंगोह।** हिन्दू राष्ट्रीय इण्टर कालेज का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष प्रवीण मित्तल, प्रबन्धक योगेश गर्ग ने बच्चो को अनुशासन मे रहते हुये और अधिक परिश्रम के साथ नियमित पाठन पर बल दिया और अध्यापकगणों को कर्मठता से अध्यापन कार्य करने को प्रेरित किया।

प्रधानाचार्य विजय कुमार ने बच्चो को नैतिकता का पाठ पढाते हुये अनुशासन मे रहकर पढने और बडो को सम्मान करने की सीख दी। कक्षा 6 से 9 और 11 के कुल 909 बच्चों ने परीक्षा दी, जिनमें 824 उत्तीर्ण रहें। कक्षाओं में प्रथम स्थान पाने पर प्रिन्स, शादान, गौरव, अर्श, पीयूष तोमर, गरिमा, सावेज, कनक को पुरस्कृत किया गया। रिजल्ट कार्ड पाकर छात्र छात्राएं बेहद खुश नजर आयें।

# भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत राणा का कार्यकर्ताओ ने धूमधाम से स्वागत किया।



नगर के गंगोह रोड़ स्थित एक धर्मशाला में भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अजीत राणा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए अजीत राणा ने कहा कि नानौता क्षेत्र मेरी जन्म व कर्मस्थली रही है इस क्षेत्र से हमने बहुत कुछ सीखा है आज पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे निष्ठापूर्वक निर्वाहन करूगा। जब गैर भाजपाई सरकार प्रदेश में होती थी हमने हर मौके पर इस क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ उनकी गलत नीतियों का विरोध किया और पार्टी के मिशन को घर-घर तक पहुंचाया आज देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्वगुरू बनने कि दिशा में कार्य कर रहा है वहीं प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार चल रही है। कार्यक्रम कि अध्यक्षता सुंदर लाल अरोड़ा ने कि सभा को नवीन खटाना, भाजपा नेत्री रक्षा नामदेव, व्यापारी नेता राजीव नामदेव, हरीश तनेजा आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विजयपाल सिंह, दर्शन लाल अरोड़ा, सोनू प्रधान, तेजवीर सिंह, चन्द्रपाल राणा, हार्दिक तनेजा, पीयुष अरोड़ा, सचिन गिल, बलकार चौधरी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे

# उद्यमियों की समस्याओं का समाधान हो: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक में औद्योगिक विकास से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को उनके शीघ्र और प्राथमिकता से समाधान के निर्देश दिए गए।

सर्किट हाऊस सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र पिलखनी में दुकानों के भूखण्डों के आवंटन हेतु ई-ऑक्शन प्रक्रिया के संबंध में यूपीसीडा मुख्यालय स्तर पर अनुश्रवण करने के निर्देश दिए। साथ ही पिलखनी मार्ग से पुराने एनएच-73 तक सड़क चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के 10 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित टेंडर खोलने के दृष्टिगत प्रकरण को निस्तारित करने को कहा। मार्ग पर विद्युत पोल शिफ्टिंग के लिए विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित करने के भी निर्देश दिए गए। पिलखनी औद्योगिक क्षेत्र स्थित भूखण्ड संख्या ए-24 को शू-क्लस्टर हेतु पुन: बहाल करने और प्लांट पुनर्स्थापन का मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण उसे फिलहाल स्थगित रखने का निर्णय लिया गया।

जिलाधिकारी ने जनपद शामली में सड़क चौड़ीकरण से जुड़े प्रकरण में लोक निर्माण विभाग को शासन स्तर पर प्रभावी अनुश्रवण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा राज्य कर विभाग को उद्यमियों के रिफंड से संबंधित मामलों का विस्तृत विवरणकृप्राप्त, निस्तारित, आपत्तियुक्त और लंबित आवेदनों की जानकारीकृअगली बैठक से पूर्व उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा में निस्तारित करने के निर्देश भी संबंधित विभागों को दिए।

बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग श्रीमती अंजू रानी, उपायुक्त उद्योग अजय त्रिपाठी, एसीआई आशीष कुमार, उपायुक्त उद्योग शामली श्रीमती रितिका गुप्ता, आईआईए के प्रतिनिधि सुनील सैनी, सीआईएस अध्यक्ष रविन्द्र मिगलानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैने अपने गोद लिये पुत्र ताहिर उर्फ बाबर पुत्र तालिब व उसकी पत्नी मोबिना को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**श्रीमती शाहिदा बेगम पत्नी अब्दुल लतीफ निवासी चांद कालोनी, गली नं.3, पास कुरेशियान मस्जिद, थाना मण्डी, सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने गोद लिये पुत्र फैज व पुत्रवधू रानी को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**श्रीमती शमीम बानो पत्नी महबूब निवासी चांद कालोनी, गली नं.25, निकट अशरफ मस्जिद, थाना मण्डी, सहारनपुर।**

# समस्याओं का ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** भाकियू अराजनैतिक द्वारा किसानों व क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर ब्लॉक कार्यालय परिसर में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों को ज्ञापन भी दिए गए।

बैठक में किसानों व क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाकियू अराजनैतिक के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी जगपाल सिंह ने जहां सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किये वहीं समस्याओं के समाधान में अधिकारियों की लापरवाही को लेकर भी गहरी नाराजगी जताई। भाकियू ने बैठक के दौरान पहुंचे नायब तहसीलदार धर्मेंद्र सक्सेना, विद्युत विभाग के जेई संजीव कुमार को अलग अलग ज्ञापन भी दिये गए। उपजिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम जेहरा मे 7 महिने पहले बिजली का खंभा टूट गया था जो अभी तक विद्युत विभाग द्वारा वह नही लगवाया गया है। पिछले साल को ऑपरेटिव सोसाइटी द्वारा 7 प्रतिशत पर सभी किसानों का लोन जमा किया गया था जिसमे 4 प्रतिशत वापस किसानो के खातों में आना था जो अभी तक वापस नहीं किया गया। ग्राम पंचायत बालू में बडी मस्जिद के पास वाली गली में जलभराव, कीचड से रास्ता अवरुद्ध हो रहा है। तहसील के अंदर आने वाले जितने भी प्राईवेट स्कूल हैं उनमे प्रवेश पर कोई भी एक दुकान नही निर्धारित की जाए जिससे अभिभावक कहीं से भी पुस्तक व ड्रेस खरीद सकें। ग्राम कलसी में 110 किसानों की सर्विस लाईन के लिए मांग पर आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।

# उत्कृष्ट 251 विद्यालय किए सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राजकीय इंटर कॉलेज में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत एक भव्य निपुण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 251 विद्यालयों को उनके सराहनीय कार्य के लिए निपुण प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

ज्ञात हो कि माह जनवरी एवं फरवरी में जनपद के 1214 विद्यालयों का मूल्यांकन डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा निपुण लक्ष्य ऐप के माध्यम से किया गया था, जिसके परिणाम राज्य स्तर से घोषित किए गए। इसी आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को इस समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर



विधायक राजीव गुंबर उपस्थित रहे। उनके साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल एवं जिला विद्यालय निरीक्षक (द्वितीय) हर्ष देव स्वामी की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। उन्होंने निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस अभियान के माध्यम से बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को सुदृढ़ करने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जा रहा है। वहीं, मुख्य अतिथि विधायक राजीव गुंबर ने सभी शिक्षकों एवं विद्यालयों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कायाकल्प योजना के अंतर्गत विद्यालयों के सौंदर्यीकरण एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का संच. ालन गोपाल शर्मा एवं प्रवीण कुमार (एआरपी) द्वारा अत्यंत सुव्यवस्थित एवं प्रभावशाली ढंग से किया गया। समारोह में

जिला समन्वयक अरविंद कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी बलियाखेड़ी सुरेश त्यागी, खंड शिक्षा अधिकारी सरसावा सहदेव, एआरपी पूनम तनेजा, अंकिमा जैन, बृजेश देवी, शशिकांत, हिमांशु सहित अनेक शिक्षाविद, शिक्षक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्री बालाजी के भजनों पर रातभर झूमे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गंगोह।** बाला जी जन्मोत्सव पर नगर में आयोजित जागरण में श्रद्धालु रात भर भक्ति रस का आंनद लेते रहे। भंडारे में भी हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

रविवार रात कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य पूजन से हुई, मुख्य पूजन डा. सुरेंद्र कुमार व अन्य ने संपन्न कराया। कलश पूजन डा. रो. हित वालिया द्वारा कराया गया। चोला अर्पण प्रवीण मित्तल व मुकेश गोयल, माता का श्रंगार अरविन्द्र सिंह मखीजा, झंडा पूजन सभासद आशीष गर्ग आशु ने कराया। जागरण की मुख्य ज्योति शोभित कुलाधिपति कुंवर शेखर वि

जेन्द्र व वरुण गर्ग ने प्रज्ज्वलित की। ज्योति को माल्यार्पण व परिसर में बाबा के सम्मुख 108 दीप बाला जी धाम सेवा समिति द्वारा जलाए। जागरण में देर रात तक भक्ति रस की धार बहती रही। अनेक स्थानों से आए भजन गायकों प्रवेश बजाज व मुजफ्फरनगर के मयंक धीमान ने श्रद्धालुओं को बांधे रखा। ईशरा स्थित श्री भुवनेश्वरी पंचायती देवी मंदिर में सोमवार को बाला जी सेवा समिति द्वारा भंडारा आयोजित किया।

भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह दस बजे से आरंभ हुआ भंडारा शाम तक चलता रहा। कार्यक्रमों में शामिल रहने वालों में प्रवीण ऐरन, सतीश सिंघल, राकेश गोयल, बिजेंद्र, आशीष, सचिन, अशोक गोयल, मुकेश, मनीष, विजय गर्ग, भारत गर्ग, वरूण शर्मा आदि रहे।

# धूमधाम से जैन समाज ने निकाली पालकी यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की 2625वी जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। जैन समाज द्वारा नगर में भव्य पालकी यात्रा निकालते हुए जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना कर भगवान महावीर स्वामी के संदेश जियो और जीने दो के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

नगर में निकाली गई भव्य पालकी यात्रा श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर सारगवाड़ा से प्रारंभ होकर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर बाहरा पहुंची जहां पर भगवान महाव. ीर की प्रतिमा को पालकी में विरा. जमान किया गया। इसके बाद श्री दिगंबर जैन मंदिर कानूनगोयान, हनुमान चौक, मेन बाजार, एमबीडी चौक होते हुए यात्रा श्री दिगंबर जैन मंदिर नेचलगढ़ पहुंची। जैन समाज के पुरुषों द्वारा शुद्ध वस्त्र पहनकर जैन मंदिरों में सुबह नित्य नियम पूजन, श्री



जी का सहस्त्र कलशो से अभिषेक एवं भगवान महावीर स्वामी के जन्म जयंती पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। इससे पूर्व श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर बाहरा में हुई बोलियों में भगवान का ख्वासी बनने का सौभाग्य महेश चंद रजनीश कुमार जैन (सर्राफ), दाये व बाये इंद्र की बोली मुनेश (मोनी) कुमार अनमोल जैन, प्रदीप कुमार मोहित जैन और खजांची की बोली अनुज कुमार लक्ष्य जैन को प्राप्त हुई। बाल ब्रह्मचारी अभय भैया ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान महावीर स्वामी के संदेश जियो और जीने दो के सिद्धांत का पालन करने वाला जैन धर्म है। उन्होंने भगवान महावीर की शिक्षाओं को अपनाकर जीवन को पवित्र बनाने और समाज में शांति और भाईचारा फैलाने का आह्वान किया। शुभम जैन, मनोज जैन, विकास जैन, अतुल जैन, मुकेश जैन, शशांक जैन, विपुल जैन, अंकित जैन, मयंक जैन, अनिल जैन, संजय जैन, अजय जैन ,डा. पारस जैन, सिद्धांत जैन, डोली जैन, पारुल जैन, अनु जैन, सविता जैन, शिल्पी जैन, सपना जैन आदि मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पालकी यात्रा के मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहा।

# श्री बालाजी धाम सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में निकाली शोभायात्रा में झाकियां व बैंड रहे आकर्षण का केंद्र





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री बालाजी धाम सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में बालाजी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर में सोमवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बाला. जी महाराज के स्वर्णिम रथ समेत झाकियां व बैंडबाजे आकर्षण का केंद्र रहे। जगह जगह पुष्प वर्षा के साथ यात्रा का स्वागत हुआ।

रामलीला मैदान से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह रहे जबकि उद्घाटन वरिष्ठ समाजसेवी विनोद गुप्ता ने किया। बालाजी महाराज की आरती योगेंद्र गोयल व आशुतोष जबकि माल्यार्पण राधेश्याम गर्ग द्वारा किया गया। प्रसाद रथ अर्पण मोनिका गोयल व प्रवीण गोयल ने किया। शोभायात्रा में बालाजी महाराज के स्वर्णिम रथ को श्रद्धालु रस्सों से खींच रहे थे। शोभायात्रा में बालाजी महाराज समेत अन्य देवी देवताओं की झांकियां सभी को अपनी ओर आकर्षित किए रहीं। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए बालाजी धाम मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। इससे पूर्व रविवार रात्रि मंदिर में धर्म ध्वज की स्थापना हुई। पूजन अशोक गुप्ता, अध्यक्षता जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन चौधरी राजपाल सिंह, मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह राणा, पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग व भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता रहे। दीप प्रज्जवलित रवि होरा, स्वर्ण चोला अर्पण डा. डीके जैन व छप्पन भोग अर्पण मदनलाल व संजीव सिंघल ने किया। समिति अध्यक्ष राजकिशोर गुप्ता, रोहित अग्रवाल, मनोज गर्ग, हरिकिशन सिंघल, रोहित अग्रवाल, प्रदीप वर्मा, शिवकुमार वर्मा, रविंद्र चौधरी आदि शामिल रहे।

# होटल में युवकों द्वारा फायरिंग की घटना का नहीं लगा कोई सुराग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** होटल में कमरा देने के लिए आईडी की मांग करने पर बाइक सवार युवकों द्वारा होटल के कर्मचारियों से मारपीट एवं फायरिंग के आरोपियों का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस का दावा है तीन टीमें तलाश में जुटी हैं, जल्द गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

रविवार की तड़के चार बजे बाइक पर सवार होकर छह युवक स्टेट हाईवे स्थित वीआईपी रोज होटल पहुंचे थे। इस दौरान रिसेप्शन पर बैठे कर्मचारी ने आईडी की मांग की तो युवकों ने गाली गलौज करते हुए कर्मचारी से मारपीट की और वहां रखा सामान तोड़ दिया। इतना ही नहीं उन्होंने होटल के बाहर खड़े होकर करीब पांच राउंड फायरिंग भी की थी। जिससे होटल के शीशे टूट गए। कर्मचारियों ने कमरों में छिपकर जान बचाई थी।

फायरिंग की घटना से इलाके में दहशत फैल गई थी। मामले में पुलिस ने होटल मालिक विपिन कुमार की तहरीर पर अज्ञात में प्राथमिकी दर्ज की थी। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह का कहना है कि होटल में लगे कैमरों की फुटेज से फायरिंग के आरोपियों की तलाश की जा रही है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# माह की अंतिम तिथि में मंडी अवकाश की मांग को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नवीन मंडी के मुंशियों ने माह की अंतिम तिथि में मंडी अवक. ाश किए जाने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी युवराज सिंह को ज्ञापन दिया।

मुजफ्फरनगर हाईवे स्थित नवीन मंडी के मुंशियों ने दीपक कुमार के नेतृत्व में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन में कहा कि वह फल आढ़तियों के यहां मुंशी का कार्य करते हैं। पूर्व में मंडी में माह की अंतिम तिथि में अवकाश रहता था। चार मार्च का फाग होने के कारण 28 फरवरी को मंडी खोली गई थी। जिसके बाद आढ़ती अब आगे भी माह की अंतिम तिथि में मंडी खोलने के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा कि श्रम कल्याण विभाग के अनुसार माह में एक छुट्टी लेबर का कानून एवं



विधिक अधिकार है। मुंशियों ने एसडीएम से माह के अंत में अवकाश कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में राज चौहान, पदम कुमार, मनीष, अफसर, सोना आदि शामिल रहे।

# केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण जनता परेशान

**देवबन्द।** कांग्रेस के पीसीसी सदस्य राहत खलील ने कहा कि देश की जनता केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण गैस सिलिंडर को लेकर परेशान है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी रैलियों को संबोधित करने में व्यस्थ हैं। मोहल्ला अब्दुलहक में आयोजित नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक में राहत खलील अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होने कहा कि पीएम को देश की जनता की नहीं बल्कि पार्टी की चिंता है। नगर अध्यक्ष अब्दुल्ला कुरैशी ने कहा कि देश में कालाबाजारी के चलते गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों पर लोग कतार में लगने को मजबूर हैं। मीडिया प्रभारी रिहान कुरैशी ने कहा कि सरकारी गैस और तेल की किल्लत से जनता को राहत देने में नाकाम साबित रही है। नगर में देवबंद गैस एजेंसी के उपभोक्ता सिलिंडर के मारे भटक रहे हैं। इस मौके पर अशरफ भारती, शहजाद उस्मानी, अफजाल कुरैशी, वरयाम खां, युसूफ, सोनू, अनवार सिद्दीकी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, देवबन्द जनपद सहारनपुर।

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद देवबन्द में निम्नलिखित सूची में दिए गए साक्ष्यों के आधार पर उनके सामने अंकित संपत्ति संख्या पर अपना बतौर स्वामी दर्ज करने हेतू प्रार्थना पत्र दिये हैं। उक्त के नामांतरण की कार्यवाही हेतू सूचना जारी की जाती है। यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस नोटिस के प्रकाशन के तीस दिन (30 दिन) के अंदर कार्यालय नगर पालिका परिषद देवबन्द में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र0 स0 | नाम दाखिल कराने वाले का नाम | कर पंजिका में दर्ज नाम | मौहल्ला/सम्पत्ति सं0 |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री मौ. अरशद पुत्र खुरशीद अहमद | श्रीमति जीनत पत्नी मुजम्मिल | दीवान नया |
| 2. | श्री मौ. साजिद व मौ. हुसैन पुत्रगण मौ. इस्लामईल | श्रीमति शाकिरा पत्नी शोएब | खानकाह नया |
| 3. | श्रीमति शमशिदा पत्नी मौ. सलीम | श्रीमति रिहाना पत्नी शकील | खानकाह नया |
| 4. | श्री मौ. वाजिद पुत्र शमशेर | श्री रियासत खां पुत्र सद्दीक | पठानपुरा .क .नया |
| 5. | श्री जितेंद्र कुमार कश्यप पुत्र स्व. प्रकाश चन्द | श्रीमति उषा रानी पत्नी स्व. प्रकाश चन्द | लहसवाड़ा . 783 |
| 6. | श्री नसीर खान पुत्र नूर मौहम्मद खां | श्री मौ. नवेद पुत्र मौ. जाहिद, जैद हुसैन पुत्र मौ. मुशर्रफ | पठानपुरा .क.नया |
| 7. | श्री मौ. मुनीर पुत्र मौ. हनीफ | श्री मुस्तफा पुत्र अलाउदीन | पठानपुरा .क.1145 |
| 8. | श्रीमति जीनत नाज पत्नी मौ. जावेद | श्री मौ. जावेद पुत्र मौ. कामिल | लहसवाड़ा . 1032 |
| 9. | श्री सलीम पुत्र महबूब | श्रीमति महताब पत्नी शहजाद | सरायपीरजादगान . नया |
| 10. | श्री मौ. इल्यास पुत्र मौ. यासीन | श्री अनस पुत्र मौ. शफीक | सरायकाहरान . 562/6 |
| 11. | श्रीमति कान्ता देवी पत्नी स्व. श्याम कुमार, लोकेश कुमार पुत्र स्व. श्याम कुमार व रजत कुमार पुत्र स्व. श्याम कुमार | श्री जगदीश प्रसाद पुत्र लोतीराम | कायस्थवाडा–क–317 |
| 12. | श्रीमति आशिया व आलिया पुत्रीगण अफजलुर रहमान | श्री अफजलुर रहमान पुत्र इरशादुर्रहमान | सरायपीरजादगान–418,419 |
| 13. | श्री अब्बास अलवी, नसीम व अजीम अलवी पुत्रगण इलयास | श्री मकसूद पुत्र हबीब | गुज्जरवाडा–618/2 |
| 14. | श्री वाजिद पुत्र मौ. इकबाल | श्रीमति रहीसा पत्नी शहीद अहमद | रविदास मार्ग– नया |
| 15. | श्री मौ. सुहैब पुत्र मौ. मकबूल | श्री सरफराज अहमद पुत्र रियाज अहमद | मण्डी – 511 |
| 16. | श्री सलीम अहमद पुत्र नसीम अहमद | श्री फरहान अली उर्फ मौ. जकी पुत्र स्व. नौशाद अली | नेचलगढ – 186, 186/8 |
| 17. | श्री ताहसीन पुत्र नूरू उर्फ नूर मौहम्मद | श्री इसलाम उर्फ मंगता पुत्र नूरू उर्फ नूर मौहम्मद | फौलादपुरा – 609 |
| 18. | श्रीमति कमलेश पत्नी राजू शर्मा | श्री राजू शर्मा पुत्र रघुवीर शर्मा | लहसवाडा – 835/69 |
| 19. | श्री मौ. इसलाम व मौ. असलम पुत्रगण मौ. इकराम | श्री जमील अहमद पुत्र अब्दुल हमीद | छिम्पीवाडा – 867 |
| 20. | श्री इकराम पुत्र नूर अहमद | श्री खुर्शीद पुत्र इस्माईल | शाहबुखारी – 873 |
| 21. | श्रीमति अंजुम प्रवीन पत्नी मौ. अशरफ | श्री अब्दुल वाहिद पुत्र हाजी अली हुसैन | पठानपुरा –क–2266 |
| 22. | श्रीमति कौसर जमाल पत्नी कलीमुलहक व मौ. शादाब पुत्र तनवीर | श्री अफ्फानुलहक पुत्र सोबानुलहक | खानकाह – 1254 |
| 23. | श्रीमति वरीसा बैगम पत्नी अहसान | श्री मौहम्मद वसीम पुत्र मौ. हनीफ | पठानपुरा –क–1957 |
| 24. | श्रीमति शारदा पत्नी धर्मपाल सिंह | श्री भंवर सिंह पुत्र लक्ष्मीराम | सडक रेल – नया |
| 25. | श्री मौ. नवेद पुत्र मौ. जाहिद | श्री मौ. आबिद अली पुत्र मौ. हनीफ | किला – 265 |
| 26. | श्री जॉद पुत्र मौ. रिजवान | श्री इरफान पुत्र नजीर हसन | पठानपुरा –क–नया |
| 27. | श्री इरफान अली पुत्र मौ. अली | श्री सुलतान अली उस्मानी पुत्र मौ. अली उस्मानी | अबुलबरकात–40,40/3 |
| 28. | श्री नीरज कुमार पुत्र स्व. इंद्रसैन | श्रीमति कान्ती देवी पत्नी इंद्रसैन | जनकपुरी –542 |
| 29. | श्री गुलजार पुत्र मौ. ताहसीन | श्री शफीक अहमद पुत्र हाजी यासीन अहमद | बैरून कोटला – 406 |
| 30. | श्री शमीम अहमद पुत्र नसीम अहमद | श्री सचिन कुमार गर्ग पुत्र राजेश्वर कुमार गर्ग | जनकपुरी – 457 का जुज भाग |
| 31. | श्री अरविन्द कुमार व अशोक कुमार पुत्रगण स्व. सुदेश कुमार | श्री सुदेश कुमार पुत्र बदरी प्रसाद, अरविन्द कुमार पुत्र सुदेश कुमार | रविदास मार्ग – 893 |
| 32. | श्री मौ . साजिद पुत्र मौ. ताहिर हसन | श्रीमति जिम्मू पुत्र अहमद हसन उफ मुन्ना | पठानपुरा –ख–754 |
| 33. | श्रीमति शहजादी पत्नी अब्दुल रहमान | श्री मौ. राशिद पुत्र मौ. इस्लाम | ख्वाजबख्श – 348 |
| 34. | श्रीमति तरन्नुम प्रवीन पत्नी फहीम | श्री शाहजमा पुत्र गफ्फार | फौलादपुरा – 457 |
| 35. | श्री अमित कुमार व राजीव पुत्रगण रमेश चन्द | श्री रमेश चन्द पुत्र नकली राम | दुध्धा – 255 |
| 36. | श्री अब्दुर्रहीम पुत्र मेहरबान | श्रीमति मुरशीदा पत्नी शाहिद हसन पुत्री मेहरबान | पठानपुरा –क– नया |
| 37. | श्री मौहम्मद नसीम पुत्र मौहम्मद यामीन | श्री यामीन पुत्र रहीम बख्श | बडजियाउलहक – 324 |
| 38. | श्रीमति राशिदा पत्नी इन्तजार | श्री सलाउददीन पुत्र अल्लारक्खा | अबुलमाली – 338 |

दैनिक शाह टाइम्स
समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें 9837487334

# डेल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी छात्रों को किया पुरूस्कृत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** वार्षिक वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठै।

स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ ही साल भर पढ़ाई, स्वच्छता, अनुशासन एवं उपस्थिति समेत अन्य गतिविधियों में अच्छे प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। चेयरमैन साद सिद्दीकी व अहमद सिद्दीकी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर छात्र-छात्राओं सहित स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा। **वहीं,** केएल जनता इंटर कालेज में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।



प्रबंधक दीपकराज सिंघल व प्रधानाचार्य राजकुमार आदि मौजूद रहे। ठा. फूल सिंह मैमोरियल इंटर कालेज में गृह परीक्षाओं का परिणाम घोषित हुआ। प्रधानाचार्य डा. अमरद. ीप सिंह समेत अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को मेडल, ट्राफी व प्रमाणपत्र दिए।

**उधर,** मेपल्स एकेडमी में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के साथ वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। इसमें मां शाकुंभरी विश्व. विद्यालय की चांसलर प्रोफेसर विमला और कैनरा बैंक ब्रांच मैनेजर पारुल किनरा व डॉ. मीनाक्षी त्यागी ने विद्यार्थियों को ट्राफी और प्रमाण पत्र वितरित किए। मेपल्स एकेडमी प्रांगण में आयोजित समारोह में प्रोफेसर विमला ने विद्यार्थियों को लगातार मेहनत, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कक्षा प्री-नर्सरी से 9 व 11 तक के विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितरित किए गए। शिक्षण व अन्य क्षेत्रों में स्वयं को पहले से बेहतर सिद्ध करने वाले विद्यार्थियों को वैलडन कीप इट अप पुरस्कार दिया गया। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्या डॉ. चित्रा जोशी, राहुल शर्मा, सानिया वकील, उत्कर्ष वत्स, शुभम शर्मा, सचिन त्यागी, अंकुश, शुभम शर्मा, संजय गर्ग, नीलम सिंघल आदि शामिल रहे।

## भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण

(सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

**सरसावा टोल प्लाजा पर दिनांक 01.04.2026 से निर्धारित संशोधित शुल्क दरों पर सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भा0रा0रा0प्रा0 द्वारा दिनांक 23.03.2026 के माध्यम से स्वीकृत संशोधित उपयोगकर्ता शुल्क दर, उत्तर प्रदेश राज्य में रा0रा0–344 (पुराना रा0रा0–73) के गागलहेड़ी–सहारनपुर–यमुनानगर–उ0प्र0/हरियाणा बोर्डर भाग के डिजाइन कि0मी0 35.400 से कि0मी0 86.855 तक **(सरसावा टोल प्लाजा कि0मी0 81.155)** हेतु निम्नलिखित उपयोगकर्ता शुल्क दर को संशोधित किया जा रहा है, जो कि दिनांक 01.04.2026 से लागू होगा:

| वाहन प्रकार | सिंगल यात्रा की फीस दर (रू0 में) | रिटर्न यात्रा एक दिन में की फीस दर (रू0 में) | मासिक पास 50 सिंगल यात्राओं के लिये एक माह हेतु फीस दर (रू0 में) | कमर्शियल वाहनों जो कि टोल प्लाजा जनपद के भीतर पंजीकृत हो एकल यात्रा हेतु फीस दर (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| कार, जीप, वैन या हल्के मोटर वाहन | 90 | 135 | 3045 | 45 |
| हल्के वाणिज्यिक वाहन, हल्के माल वाहन अथवा मिनी बस | 150 | 220 | 4920 | 75 |
| बस या ट्रक (दो धुरी वाले) | 310 | 465 | 10310 | 155 |
| तीन–धुरी वाले वाणिज्यिक वाहन | 335 | 505 | 11245 | 170 |
| भारी संनिर्माण मशीनरी (एच.सी.एम.) या अर्थ मूविंग उपस्कर (ई.एम.ई.) या बहुधुरीय वाहन (एम.ए.वी.) (चार से छह धुरी वाले) | 485 | 730 | 16165 | 245 |
| बड़े आकार वाले वाहन (सात या अधिक धूरी वाले) | 590 | 885 | 19680 | 295 |

1. वर्ष 2026–27 के लिये उपरोक्त टोल प्लाजा से बीस (20.00) कि.मी. की दूरी के भीतर आने वाले स्थानीय गैर–वाणिज्यिक वाहनों के लिये मासिक पास की दरें रू0 350.00 होगी।
2. वार्षिक पास राजमार्ग यात्रा एप के माध्यम से 3075/– रूपये में खरीदा जा सकता है। यह पास सभी निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन (गैर–वाणिज्यिक) के लिए उपलब्ध है। यह पास 1 वर्ष या 200 टोल प्लाजा पारियों तक वैध रहेगा, जो भी पहले हो। (दिनांक 01.04.2026 से वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए लागू)

2. उपरोक्त खण्ड का विकास सार्वजनिक निधियों से किया गया था उपरोक्त खण्ड का विकास दिनांक 27.05.2016 के रियायत समझौते के प्रावधानों के अनुसार HAM आधार पर किया गया था। वर्ष 2026–27 के लिए उपरोक्त उल्लेखित उपयोगकर्ता शुल्क दरें, दिनांक 06.10.2025 की प्रकाशित अधिसूचना S.O. 4591(E) के अनुसार निम्नलिखित विवरणों के आधार पर गणना की गई हैं, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

| अनुभाग का प्रकार | लम्बाई (कि0मी0) | समतुल्य लम्बाई (कि0मी0) जिसके लिए यूजर फी लगाया जाना है | लेन कॉन्फिगरेशन |
|---|---|---|---|
| सीधा अनुभाग | 6.006 | 6.006 | 4–लेन |
| बाईपास (लागत > रू 10.0 करोड़) | 27.582 | 41.373 | 4–लेन |
| संरचनाए (लम्बाई > 60 मीटर) | 1.240 | 12.40 | 4–लेन |

3. निम्नलिखित रियायत/छूट उपरोक्त टोल प्लाजा पर दी जायेगी:
   i. सभी श्रेणियों के वाहनों के लिए वापसी यात्रा का समय शुल्क भुगतान से 24 घंटे होगा (25% छूट)
   ii. सभी श्रेणियों के वाहनों के लिए शुल्क भुगतान की तिथि से 50 सिंगल यात्राओं के लिये एक माह हेतु फीस (33% छूट)
   iii. वर्ष 2026–27 के लिये उपरोक्त टोल प्लाजा से बीस (20.00) कि.मी. की दूरी के भीतर आने वाले स्थानीय गैर–वाणिज्यिक वाहनों के लिये प्रत्येक प्लाजा हेतु मासिक पास की दरें रू0 350.00 (तीन सौ पचास रूपए मात्र) होगी।
   iv. जिस जिले में टोल प्लाजा पडता है उस जिले में पंजीकृत वाणिज्यिक वाहन (राष्ट्रीय परमिट के अधीन चल रहे वाहनों को छोड़कर) के लिए शुल्क दर (50% छूट)
4. छूट प्राप्त वाहनों की सूची शुल्क नियमों में संशोधन के अनुसार जी0एस0आर0 950(अ) दिनांक 03.12.2010 में दी गयी है।
5. वाहन, जिनमें अनुमत लोड से अधिक लोड किया गया है, जी0एस0आर0 920(अ) दिनांक 25.09.2018 के अनुसार शुल्क नियमों में संशोधन के अनुसार भुगतान करेगा और राजमार्ग का उपयोग करने के लिए अतिरिक्त भार को हटाना होगा।
6. किसी भी जाँच और शिकायत/सुझाव देने के लिए कृपया निम्नलिखित पते पर सम्पर्क कर सकते है:

**परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, परियोजना कार्यान्वयन ईकाई–रूड़की, मकान नं0 181, शास्त्रीपुरम, गोदावरी होटल के समीप, दिल्ली रोड़, रूड़की–247656, जनपद–हरिद्वार, उत्तराखण्ड, ई–मेल: piuroorkee@nhai.org**

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

# ईपीएस 95 कमेटी ने पीएम के नाम ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

**मुजफ्फरनगर।** ईपीएस 95 पेंशनर्स की संस्था नेशनल एजिटेशन कमेटी की मुजफ्फरनगर इकाई ने प्रधानमंत्री मोदी के नाम एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि कमेटी की आठ साल से चली आ रही 7500 रुपये पेंशन व डीए तथा पति-पत्नी को निशुल्क चिकित्सा सुविधा की मांग को शीघ्र पूरा किया जाए।

यह भी बताया गया कि 9, 10 व 11 मार्च को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के बाद वित्त मंत्री ने कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक राउत को वार्ता के लिए बुलाया और उनकी



मांग को जल्द ही पूरा करने का आश्वासन भी दिया, लेकिन इसके बाद भी सरकार की ओर से अभी तक कोई सूचना नहीं आई है। इस मौके पर कमेटी के जिलाध्यक्ष रोहिताश सिंह, ओपी पाल, जसवीर सिंह, सुरेंद्र शर्मा, राजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# एस.डी. मैनेजमेंट में मीडिया कंजम्प्शन पर कार्यक्रम का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** आज एस।डी। कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में प्फ।ब सेल के अंतर्गत ब्रेनियॉक्स क्लब द्वारा एक शैक्षणिक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विषय ष्मीडिया कंजम्प्शन एंड प्रोडक्शन डायनेमिक्सश रखा गया, जो वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक एवं उपयोगी विषय है।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ। संदीप मित्तल एवं बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह द्वारा किया गया। दोनों ही गणमान्य व्यक्तियों ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में विद्यार्थियों को मीडिया के बदलते स्वरूप, उसकी उपयोगिता तथा जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग के बारे में महत्वपूर्ण जानक. ारी प्रदान की । इस कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक रोहन त्यागी रहे, जिन्होंने विषय ष्मीडिया कंजम्प्शन एंड प्रोडक्शन डायनेमिक्सष पर विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक जानक. ारी दी। उन्होंने आधुनिक मीडिया के विभिन्न आयामों, जैसे सोशल मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म, कंटेंट क्रिएशन, तथा सूचना के प्रसार के तरीकों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आज के समय में मीडिया केवल सूचना प्राप्त करने का माध्यन नहीं है, बल्कि यह एक सशक्त उपकरण बन चुका है, जो समाज को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रोहन त्यागी ने अपने प्रस्तुतीकरण को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए पीपीटी द्धच्वूमत च्वपदज त्तमेमदजंजपवदऋ का उपयोग किया, जिससे विद्यार्थियों को विषय को समझने में काफी आसानी हुई। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार मीडिया उपभोग द्धब्वदेनउचजपवदऋ और उत्पादन द्धच्तवकनबजपवदऋ के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने यह भी समझाया कि किस प्रकार जिम्मेदारीपूर्वक कंटेंट तैयार किया जाए ताकि समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़े। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी बड़ी उत्सुकता एवं सक्रियता के साथ भाग लिया। उन्होंने विषय से संबंधित प्रश्न पूछे तथा अपने विचार साझा किए, जिससे कार्यक्रम और भी रोचक एवं संवादात्मक बन गया। यह गतिविधि विद्यार्थियों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रही, बल्कि उनके अंदर मीडिया के प्रति जागरूकता और समझ विकसित करने में भी सहायक सिद्ध हुई ।

## खेल विशेष

### 31-सदस्यीय सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर की घोषणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने आगामी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए सोमवार को एक से नौ अप्रैल तक चलने वाले 31 सदस्ईय सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर की घोषणा की है। टीम हाल ही में हैदराबाद, तेलंगाना में संपन्न हुए एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर्स में शानदार प्रदर्शन करने के बाद इस कैंप में हिस्सा ले रही है। इस टूर्नामेंट में टीम ने रजत पदक हासिल किया था और आगामी एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 (बेल्जियम और नीदरलैंड्स में होने वाला) के लिए सफलतापूर्वक क्वालिफाई कर लिया था। इस शिविर का मुख्य जोर टीम के तालमेल को बेहतर बनाने, खिलाड़ियों की फिटनेस के स्तर को ऊपर उठाने और खेल के रणनीतिक पहलुओं को और अधिक पैना करने पर रहेगा। यह सब नई कोच सजोर्ड मारिजने की देखरेख में टीम को एक ठोस आकार देने की प्रक्रिया का हिस्सा है। यह महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि भारत जून में एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2026 में हिस्सा लेने वाला है। इसके बाद अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड्स में एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 होगा, और फिर 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर 2026 तक जापान में 2026 एशियाई खेलों का आयोजन किया जाएगा। गोलकीपिग यूनिट में सविता, माधुरी किडो, बंसरी सोलंकी और बिछू देवी खारीबाम शामिल हैं।

### एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप, भारत की 23 सदस्ईय टीम की घोषणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर 20 महिला टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडर्सन ने एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप थाईलैंड 2026 के लिए 'यंग टाइग्रेस' की 23 सदस्ईय टीम की घोषणा कर दी है। भारत ने 20 साल बाद इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया है। वह अपने अभियान की शुरुआत दो अप्रैल को थम्मासेट स्टेडियम में जापान के खिलाफ मैच से करेगा। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के साथ पांच अप्रैल, पाथुम थानी स्टेडियम में और चीनी ताइपे के खिलाफ (आठ अप्रैल पाथुम थानी स्टेडियम में मैच होगा। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और तीनों ग्रुप में से तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टरफाइनल में जगह बनाएंगी। इसके अलावा, क्वार्टर-फाइनल जीतने वाली चार टीमें फीफा अंडर 20 महिला विश्व कप पोलैंड 2026 के लिए क्वालिफाई करेंगी। भारतीय टीम 20 मार्च को बैंकॉक पहुंची थीं, और उन्हें वहां के स्थानीय माहौल में ढलने के लिए 13 दिन मिले। यात्रा करने वाले दल में 24 खिलाड़ी शामिल थे, जिसमें से अब डिफेंडर अल्का इंदवार को टीम से बाहर कर दिया गया है, क्योंकि एलेक्जेंडर्सन ने अंतिम टूर्नामेंट के लिए अपनी 23-खिलाड़ियों की टीम को अंतिम रूप दे दिया है।

# राजस्थान ने चेन्नई को 127 रन पर रोका

### जैमी ओवरटन ने सर्वाधिक 43 रन बनाए जडेजा, बर्गर व आर्चर को 2-2 विकेट




**गुवाहाटी, वार्ता।** आईपीएल के तीसरे मैच में राजस्थान रायल्स ने चेंन्नई सुपर किंग्स को 127 रन पर समेट दिया। गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में आरआर के कप्तान रियान पराग ने बालिंग चुनी थी। चेन्नई से जैमी ओवरटन टॉप स्कोरर रहे, उन्होंने 43 रन बनाए। डेब्यू मैच में कार्तिक शर्मा ने 18 और इम्पैक्ट प्लेयर बनकर उतरे सरफराज खान ने 17 रन बनाए। बाकी कोई भी बैटर 10 रन तक नहीं पहुंच सका। राजस्थान के लिए 17 साल बाद आईपीएल खेल रहे रवींद्र जडेजा ने 2 विकेट लिए।

जोफा आर्चर और नांद्रे बर्गर को भी 2-2 विकेट मिले। संदीप शर्मा, रवि बिश्नोई और डेब्यू कर रहे बृजेश शर्मा ने 1-1 विकेट लिया। 1 बैटर रन आउट भी हुआ। 20वें ओवर में जैमी ओवरटन 43 रन बनाकर रन आउट हो गए। उनके विकेट के साथ सीएसके 127 रन पर सिमट गई। ओवरटन के अलावा कार्तिक शर्मा ने 18 और सरफराज खान ने 17 रन बनाए। 16वें ओवर में चेन्नई ने 9वां विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल रवि बिश्नोई ने गुड लेंथ पर गूगली फेंकी। मैट हेनरी ने बिश्नोई को ही कैच दे दिया, वे 5 रन बनाकर आउट हुए। चेन्नई सुपर किंग्स ने 15 ओवर के बाद 8 विकेट खोकर 93 रन बना लिए। जैमी ओवरटन और मैट हेनरी ने टीम को 90 के पार पहुंचाया। टीम ने 82 रन पर 8वां विकेट गंवा दिया था। 13वें ओवर में चेन्नई ने 8वां विकेट भी गंवा दिया। जोफा आर्चर ने ओवर की पांचवीं बाल फुलर लेंथ फेंकी। नूर अहमद शाट खेलने गए, लेकिन काट बिहाइंड हो गए। वे 1 रन ही बना सके। आर्चर ने ऋतुराज गायकवाड को भी पवेलियन भेजा था। 11वें ओवर में चेन्नई ने 7वां विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल बृजेश शर्मा ने फुलर लेंथ इन स्विंगर फेंकी। कार्तिक शर्मा फ्लिक करने गए, लेकिन गेंद उनके पैड्स पर लग गई। राजस्थान ने स्टॅं की अपील की और अंपायर ने आउट का फैसला दे दिया। कार्तिक अपने डेब्यू मैच में 18 रन बनाकर आउट हुए। बृजेश ने भी डेब्यू मैच में पहला विकेट लिया। राजस्थान के लिए 17 साल बाद आईपीएल खेलने उतरे रवींद्र जडेजा ने अपने पहले ही ओवर में 2 विकेट ले लिए। 8वें ओवर की दूसरी बाल जडेजा ने गुड लेंथ पर फेंकी। सरफराज खान स्वीप शाट खेलने गए, लेकिन गेंद उनके पैड्स से लग गई।

राजस्थान ने अपील की और अंपायर ने पगबाधा आउट दे दिया। सरफराज 17 रन बनाकर आउट हुए। शिवम दुबे बैटिंग करने उतरे, उन्होंने पहली ही गेंद पर छक्का लगा दिया। जडेजा ने आखिरी गेंद पर हिसाब बराबर किया और दुबे को लान्ग आफ पर कैच करा दिया। दुबे 6 रन ही बना सके। चेन्नई ने 7वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली। डेब्यू कर रहे कार्तिक शर्मा ने रवि बिश्नोई के खिलाफ ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का लगाया और टीम की हाफ सेंचुरी पूरी करा दी। सरफराज खान भी पिच पर मौजूद रहे। संदीप शर्मा ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में विकेट लिया। चेन्नई ने पावरप्ले में चौथा विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल संदीप शर्मा ने स्लोअर फेंकी। मैट शार्ट बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन शार्ट मिड-विकेट पोजिशन पर यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच हो गए। शार्ट 2 रन ही बना सके। पावरप्ले में 3 विकेट गिरने के बाद सीएसके ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम का इस्तेमाल कर लिया।

# पंजाब की नजर घरेलू मैदान में वापसी पर

**मुल्लनपुर, वार्ता।** पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सीजन के चौथे मैच में मुल्लनपुर, न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ खेलेगी। पंजाब किंग्स जहां अपनी मजबूत बल्लेबाजी पर निर्भर है, वहीं गुजरात टाइटन्स संत. ुलन और संरचना पर ध्यान केंद्रित करती है, जहां व्यक्तिगत खिलाड़ी मैच का रुख बदल सकते हैं।

पंजाब किंग्स के लिए, अभियान एक स्पष्ट उद्देश्य के साथ शुरू होता है: घरेलू मैदान पर अपनी बादशाहत फिर से कायम करना। उनकी बल्लेबाजी इकाई, जो आक्रामक इरादे और गहराई के लिए बनाई गई है, इस महत्वाकांक्षा का केंद्र है। सबसे आगे कप्तान श्रेयस अय्यर हैं, जिनकी भूमिका केवल रन बनाने से कहीं अधिक है, उनसे उम्मीद की जाती है कि वे पारी को संभालें, दबाव झेलें, और मिली हुई शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलें, जो टीम के दबदबे के लिए एक मजबूत आधार तैयार करे। शीर्ष क्रम की जोड़ी, प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह, पारी की शुरुआत में ही आक्रामकता लाती है, जिसका लक्ष्य पावरप्ले का पूरा फायदा उठाना और विरोधी गेंदबा. जों को परेशान करना होता है। मध्य क्रम में, नेहल वढेरा परिस्थितियों के अनुसार ढलने की क्षमता प्रदान करते हैं, जबकि मार्कस स्टोइनिस एक गतिशील ऑलराउंडर के रूप में टीम में शामिल होते हैं, जो कुछ ही ओवरों में मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं। यह मुख्य टीम सुनिश्चित करती है कि पंजाब की पारी में आक्रामक इरादे और लचीलापन, दोनों ही बने रहें। पंजाब की 'घरेलू मैदान पर वापसी' की कहानी को जो बात और भी मजबूत बनाती है, वह है उनके निचले मध्य क्रम की गहराई। शशांक सिंह और अजमतुल्लाह ओमरजई में पारी को शानदार ढंग से समाप्त करने की क्षमता है, जिससे टीम बिना अपनी संरचना खोए, मैच के अंतिम क्षणों में तेजी से रन बना पाती है। ऐसी पिच पर, जिससे बल्लेबाजो को मदद मिलने की उम्मीद है, बल्लेबाजी की यह गहराई एक चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने या उसका पीछा करने में निर्णायक साबित हो सकती है। हालांकि, पंजाब के लिए सबसे बड़ी चुनौती गेंदबाजी में निरंतरता बनाए रखना है। अर्शदीप सिंह पावरप्ले और डेथ ओवरों में जिम्मेदारी के साथ गें. दबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जिन्हें लॉकी फर्ग्यूसन की तेज गेंदबाजी का भरपूर समर्थन मिलेगा।

युजवेंद्र चहल की अगुवाई में स्पिन गेंदबाजी विभाग मध्य ओवरों को नियंत्रित करने और विकेट लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इन दोनों टीमों का सामूहिक प्रदर्शन ही तय करेगा कि पंजाब अपनी बल्लेबाजी की ताकत को मैच में पूर्ण प्रभुत्व में बदल पाता है या नहीं। दूसरी ओर, गुजरात टाइटन्स कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई में अधिक संयमित और व्यवस्थित रणनीति के साथ मैदान में उतरेगी।

# गेंद से छेड़छाड़ मामले में फखर जमान पर लग सकता है प्रतिबंध

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2026 में गेंद से छेड़छाड़ मामले में पाकिस्तान के स्टार खिलाड़ी फखर जमान पर कम से कम एक मैच का प्रतिबंध लग सकता है।

फखर जमान ने रविवार को पीएसएल 2026 के मैच में लाहौर कलंदर्स की कराची किंग्स के हाथों चार विकेट की हार के दौरान गेंद से छेड़छा की यह घटना सामने आई थी।

यह घटना किंग्स के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान आखिरी ओवर की शुरुआत में हुई। उस समय मैदानी अंपायर फैसल अफरीदी ने हारिस रऊफ से गेंद निरीक्षण के लिए ले ली थी, क्योंकि गेंद शाहीन शाह अफरीदी और फखर के बीच एक-दूसरे को पास की गई थी।

फैसल ने दूसरे ऑन-फील्ड अंपायर शरफुद्दौला के साथ लंबी चर्चा की और दोनों ने गेंद से छेड़छाड़ होने का संदेह जताते हुए उसे बदलकर दूसरी गेंद लाने का फैसला किया। किंग्स को पांच पेनल्टी रन दिए गए और उनके बैट्समैन-खुशदिल शाह और आजम खान-को दूसरी गेंद चुनने की इजाजत दी गई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक बयान के अनुसार, कलंदर्स के इस खिलाड़ी पर लेवल-111 का अपराध करने का आरोप लगाया गया है।

# ग्रीन के गेंदबाजी ना करने पर रहाणे ने कहा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से पूछिए

**मुम्बई, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने कप्तान अजिक्य रहाणे ने कैमरुन ग्रीन के गेंदबाजी नहीं करने के सवाल पर कहा कि इस बारे में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) से पूछिए कि वह क्यों गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं।

ग्रीन ने टी-20 विश्व कप के बाद से ही गेंदबाजी नहीं की है। सोमवार को सीए ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि ग्रीन पीठ के निचले हिस्से की हल्की चोट से उबर रहे हैं और गेंदबाजी में वापसी की उनकी टाइमलाइन आईपीएल से पहले ही केकेआर को बता दी गई थी। सीए के प्रवक्ता ने कहा कि कैमरन के पीठ के निचले हिस्से में चोट है, जिसका ईलाज चल रहा है। उन्हें कुछ समय के लिए गेंदबाजी से दूर रहना होगा। वह इस समय भारत में धीरे-धीरे अपनी गेंदबाजी दबाव बढ़ा रहे हैं, ताकि करीब 10-12 दिनों में वापसी कर सकें। केकेआर को यह जानकारी दे दी गई है और वे इससे पूरी तरह वाकिफ हैं। उल्लेखनीय है कि ग्रीन ने सितम्बर 2024 से अक्तूबर 2025 तक 12 महीने तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में गेंदबाजी नहीं की थी,

क्योंकि उनकी पीठ में स्ट्रेस फैक्चर की सर्जरी हुई थी। कोलक. ाता नाइट राइडर्स ने ग्रीन को 25-20 करोड़ रुपये में खरीदा है। गेंदबाजी संयोजन के स्थिर न होने पर रहाणे ने कहा कि टीम अभी सही संतुलन तलाश रही है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है जब ग्रीन जल्द ही गेंदबाजी शुरू करेंगे, तो संयोजन थोड़ा अलग होगा। अभी हमें संतुलन देखना है और यह समझना है कि हमारे लिए कौन अच्छा गेंदबाजी कर सकता है। बल्लेबाजी में हमने अच्छा किया, लेकिन गेंद से सही संतुलन ढूंढना बहुत जरूरी है। उम्मीद है ग्रीन जल्द गेंदबाजी शुरू करेंगे, तब हम देख पाएंगे कि संयोजन सही बैठता है या नहीं। केकेआर की मुश्किलें कई मुख्य तेज गेंदबा. जो की गैरमौजूदगी से और बढ़ गई हैं, जिससे टीम को कम अनुभव वाले खिलाड़ियों पर निर्भर रहना पड़ा है। रहाणे ने इसे चुनौती भरा दौर बताया,

लेकिन इसे टीम के अन्य खिलाड़ियों के लिए मौका भी कहा। एमआई के खिलाफ छह विकेट की हार में उन्होंने ब्लेसिग मुजरबानी, कार्तिक त्यागी और वैभव अरोड़ा को तेज गेंदबाज के तौर पर खिलाया, जबकि स्पिन की जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती के साथ सुनील नारायण और अनुक. ूल रॉय ने संभाली। रहाणे ने कहा कि स्पिनर्स पर दबाव कम करने के लिए एक अतिरिक्त तेज गें. दबाज होना जरूरी है, और सही संतुलन तभी बनेगा जब ग्रीन पूरी तरह योगदान दे पाएंगे।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 90 रनों से हराया

**बासटेयर, वार्ता।** बेथ मूनी (65), फीबी लिचफील्ड (46) और जॉर्जिया वेयरहम (39 रन/तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 90 रन से शिकस्त दी। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। 270 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सके और उनकी पूरी टीम 46 ओवरों में 179 रन पर सिमट गई।




हेली मैथ्यूज ने सर्वाधिक 45 रनों की पारी खेली। किआना जोसेफ (29), स्टेफनी टेलर (18), शिनेल हेनरी (19) और करिश्मा रामहैक (14) रन बनाकर आउट हुई। ऐफी फ्लेचर ने 28 गेंदों में नाबाद 32 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए एश्ले गार्डनर और जॉर्जिया वेयरहम ने तीन-तीन विकेट लिए। तालिया मैग्रा को दो विकेट मिले। अलाना किंग ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसे पहले ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने रविवार रात खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में सात विकेट पर 269 रन का स्कोर बनाया। जॉर्जिया वॉल और फीबी लिचफील्ड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़े। 11वें ओवर में अशिमनी मुनिसार ने जॉर्जिया वॉल (23) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसी ओवर की अगली गेंद पर उन्होंने एलिस पेरी (शून्य) का भी शिकार कर लिया। 14वें ओवर में हेली मैथ्यूज ने फीबी लिचफील्ड (46) को आउट किया। तालिया मैग्रा (24), जॉर्जिया वेयरहम (39) रन बनाए। बेथ मूनी ने सर्वाधिक 65 रनों की पारी खेली। निकोला कैरी (30) और अलाना किंग (26) रन बनाकर नाबाद रही। वेस्टइंडीज के लिए हेली मैथ्यूज ने तीन विकेट लिए।

# तीरंदाज कोमालिका बारी दमदार प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त

**रायपुर, वार्ता।** वर्ष 2021 में जब कोमालिका बारी ने अपने राज्य की साथी दीपिका कुमारी की बराबरी करते हुए विश्व कैडेट और विश्व जूनियर दोनों खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज बनने का गौरव हासिल किया, तब से जमशेदपुर की इस खिलाड़ी से काफी सारी उम्मीदें जुड़ गई थीं। हालांकि, जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बाद सीनियर सर्किट में उनका सफर उतना आसान नहीं रहा।



कोमालिका एशियाई खेलों और 2028 ओलंपिक जैसे बड़े टूर्नामेंट्स के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन अभी तक वह पूरी तरह अपनी जगह पक्की नहीं कर पाई हैं। अब 2026 एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चयन की दौड़ अंतिम चरण में पहुंच चुकी है, ऐसे में कोमालिका ने अपनी तैयारियों को और तेज कर दिया है। पुणे में चल रहे प्रशिक्षण शिविर में वह अपनी तकनीक को निखारने के साथ-साथ मानसिक मजबूती और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने पर भी खास ध्यान दे रही हैं। झारखंड की यह प्रतिभाशाली तीरंदाज यहां जारी पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में तीरंदाजी प्रतियोगिता की प्रमुख आकर्षण हैं। कोमालिका ने साई मीडिया से बातचीत में कहा कि मैं फिलहाल टॉप-16 में हूं और राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा हूं। एशियाई खेलों के चयन को लेकर मैं गंभीरता से तैयारी कर रही हूं। साथ ही, मैं ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अनुभव हासिल करना चाहती हूं, जबकि अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी बनाए रख रही हूं। मेरा अंतिम लक्ष्य (2028) ओलंपिक है। इस समय मेरा प्रशिक्षण काफी अच्छा चल रहा है और मैं कड़ी मेहनत कर रही हूं। सबसे ज्यादा ध्यान मानसिक रूप से मजबूत रहने पर है, क्योंकि प्रदर्शन में इसकी बहुत बड़ी भूमिका होती है। मेरी यात्रा ने मुझे सिखाया है कि उतार-चढ़ाव आते रहेंगे, लेकिन कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से उन्हें पार कर आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि मैच अनुभव हासिल करने के अलावा वह अधिक से अधिक जनजातीय बच्चों को इस खेल को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहती हैं।

कोमालिका ने 12 साल की उम्र में पहली बार धनुष-बाण उठाया। उन्हें उनकी मां, जो एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हैं, का पूरा समर्थन मिला। उनकी मां ही उन्हें बिरसानगर में स्थानीय तीरंदाजी कोच के पास लेकर गईं, जहां से उनके करियर की शुरुआत हुई। साल 2012 में कोमालिका ने अपने शुरुआती संघर्षों का सामना करना शुरू किया। शुरुआती दिनों में उनके परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत नहीं थी कि वे अभ्यास के लिए धनुष खरीद सकें, इसलिए उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान बांस से बने अस्थाई धनुष का सहारा लिया। प्रशिक्षण शुरू करने के चार साल बाद कोमालि. का ने जमशेदपुर स्थित टाटा आर्चरी अकादमी में प्रवेश लिया और कोच धर्मेंद्र तिवारी तथा पूर्णिमा महतो के मार्गदर्शन में अभ्यास शुरू किया। लेकिन देश की इस प्रतिष्ठित अकादमी तक पहुंचने का सफर आसान नहीं था, क्योंकि उन्हें अपने बिरसानगर स्थित घर से रोजाना 18 किलोमीटर साइकिल चलाकर वहां पहुंचना पड़ता था। वह कहती हैं, ष्जब मैंने तीरंदाजी शुरू की थी, तब मेरे कई सीनियर खिलाड़ी थे जिन्हें मैं रोल मॉडल मानती थी। हमें उन्हें आमतौर पर सिर्फ प्रतियोगिताओं के दौरान देखने का मौका मिलता था और इससे हमें काफी प्रेरणा मिलती थी। यही एक बड़ा कारण है कि मैं खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में हिस्सा ले रही हूं।

# जिरी को हराकर यानिक सिनर ने जीता मियामी ओपन का खिताब

**फ्लोरिडा/अमेरिका, वार्ता।** यानिक सिनर ने जिरि लेहे. का को 6- 4, 6- 4 से हराकर मियामी ओपन पुरूष एकल खिताब अपने नाम कर लिया है। इस जीत के साथ ही सिनर पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए है जिन्होंने 'सनशाइन डबल' पूरा किया। उन्होंने कैलिफोर्निया में इंडियन वेल्स और फ्लोरिडा के हार्ड कोर्ट पर बिना कोई सेट हारे दोनों ट्रॉफियां जीती हैं।



इटली के सिनर ने वर्षा बाधित मियामी फाइनल में चेक गणराज्य के 21वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जिरी लेहेका पर सिनर की 6-4, 6-4 की शानदार जीत ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वह और अल्काराज बाकी खिलाड़ियों से कितने आगे हैं। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने अब मास्टर्स टूर्नामेंट में लगातार 34 सेट जीते हैं। इसके साथ ही वह नोवाक जोकोविच और राफेल नडाल के साथ उन चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं,

जिन्होंने ग्रैंड स्लैम के बाद के स्तर के टूर्नामेंट में लगातार तीन खिताब जीते हैं। खिताब जीतने के बाद सिनर ने कहा कि यह मेरे लिए एक शानदार दौर रहा है और मैं इस मुकाम तक पहुंचने के लिए हमने जो मेहनत की है, उससे मैं बेहद खुश हूं। इंडियन वेल्स से पहले हमने अभ्यास के लिए कुछ अच्छे दिन बिताए थे। इस तरह के नतीजे देखकर मुझे बहुत खुशी होती है, और साथ ही जिस स्तर का खेल हम दिखाने की कोशिश कर रहे हैं और जिस तरह का खिलाड़ी हम बनने की कोशिश कर रहे हैं, उसे देखकर भी मुझे खुशी होती है।

# 60 सहायिकाओं को किए नियुक्ति पत्र वितरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र, मोबाइल फोन और ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस वितरित किए गए। कार्यक्रम में विधायक गंगोह किरत सिंह, विधायक नकुड़ मुकेश चौधरी एवं पूर्व विधायक नरेश सैनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

इस दौरान लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किए गए संबोधन और नियुक्ति पत्र वितरण का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। जनपद की 60 नव चयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए, जबकि 60 कार्यकत्रियों को मोबाइल फोन और 10 को ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस प्रदान किए गए। साथ ही 31 आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास व लोकार्पण किया गया।



विधायक किरत सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों को सशक्त और आधुनिक बनाया जा रहा है, जहां एलईडी स्क्रीन, आरओ, पोषण वाटिका व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विधायक मुकेश चौधरी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के प्रयासों से कुपोषण में कमी आने की बात कही।

जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में इस वर्ष 665 सहायिकाओं की नियुक्ति की गई है, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। पिछले वर्ष 53 केंद्रों का निर्माण पूरा हुआ, जबकि 117 केंद्र निर्माणाधीन हैं।

कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी प्रदीप कुमार द्विवेदी सहित विभिन्न अधिकारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

# युवा समाज की सबसे बड़ी शक्तिः शालू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्व. विद्यालय के अतिरिक्त कुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन और प्रोफेसर डॉ. ओम कुमार हर्ष की प्रेरणा, कुलपति डॉ मंजू गुप्ता और कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की अनुप्रेरणा से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नगर पंचायत बेहट क्षेत्र में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ शोभा त्रिपाठी के निर्देशन में किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुल रहमान शालू भैया ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि युवा समाज की सबसे बड़ी शक्ति हैं, और जब यही युवा जागरूकता के कार्यों में आगे आते हैं, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन निश्चित होता है। सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है, वहीं नशा न केवल व्यक्ति बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। ऐसे में एन.एस.एस. का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है।



कार्यक्रम के अंतर्गत एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों ने टीमों में विभाजित होकर क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों में जनसंपर्क किया और लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने तथा नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने नुक्कड़ संवाद और जागरूकता अभियान के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित किया।

इस अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें मुदस्सिर पटेल, अलीना राशिद, समसुद्दीन, कोमल, सौरभ कुमार, विनीता, मुस्तहाब, परवेज और सलमा ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के अंत मे डॉ शोभा त्रिपाठी ने सभी प्रतिभागियों एवं मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया।

## बीम गिरने से राजमिस्त्री की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** क्षेत्र के गांव घैर कलिया में रविवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां मकान की मरम्मत के दौरान बिम गिरने से एक राजमिस्त्री की जान चली गई।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी कुशल काबोज ने अपने पुराने मकान की मरम्मत के लिए राजमिस्त्री प्रताप सिंह निवासी बिहारीगढ़ को ठेका दिया था। काम के दौरान राजमिस्त्री मकान का बिम तोड़ रहा था। इसी बीच अचानक पिलर गिर गया और वह उसकी चपेट में आ गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल राजमिस्त्री को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।

# मजबूती से लड़ेंगे चुनावःचौ.नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं रालोद उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय लोकदल पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगी इसके लिए पार्टी ने रणनीति बनानी शुरू कर दी है।

चौ.नीरपाल ने यह बात खेल प्रकोष्ठ के उत्तराखंड प्रदेश उपाध्यक्ष रूपिन चौधरी के कार्यालय बल्लू चौक पर रालोद कार्यकर्ताओं की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि राला. ेद के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी के निर्देश पर उत्तराखंड में लगभग 100 सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम बनाई जाएगी जो पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के नेतृत्व में चुनावी माहौल बनाएगी।

प्रदेश उपाध्यक्ष रूपिन चौधरी ने कहा कि हम सब जयंत चौधरी के कार्यकर्ता है, जयंत चौधरी के लिए अपनी जान लड़ा देंगे। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की विचारधारा का प्रचार प्रसार करेंगे पार्टी के लिए मेहनत करेंगे।

इस अवसर पर चौ विवेक पंवार, रोहित राणा, हरदीप पंवार, मनु तोमर, जितेंद्र तोमर, ब्रह्मपाल सिंह, प्रवीण तोमर, अमित गुलिया, ममता सिंह, राजदीप ढाका, संजय बालियान, अरविंद आदि उपस्थित रहे।

# क्रिसेंट पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल घोषित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैलाशपुर।** क्रिसेंट पब्लिक स्कूल ने वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया।

प्ले ग्रुप में सूरत फातिमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रिशभ द्वितीय एवं नियति तृतीय स्थान पर रहीं। नर्सरी वर्ग में नर्सरी '।' से सुहाना, नर्सरी से अलीजा तथा नर्सरी से तैमूर खान ने अपने-अपने वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। एलकेजी वर्ग में रूही, जन्नत सिद्दीकी एवं अली तथा मानविक तलवार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यूकेजी वर्ग में अविक, रुमिशा तथा बाबर अपने-अपने वर्गों में अव्वल रहे। प्राथमिक कक्षाओं में हादिया खान, मोहम्मद अली एवं अक्षु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 2 में अलवीरा पुंडीर एवं अरहम पुंडीर प्रथम स्थान पर रहे। कक्षा 3 में अक्षा एवं उजैफने शीर्ष स्थान हासिल किया। मध्य वर्ग में हबीबा तथा आलिया प्रथम रहीं। कक्षा 5 में मरियम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 में शिफा एवं मोहम्मद अदनान ने अपने-अपने वर्गों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7 में सना परवीन एवं अबूजर प्रथम रहे। कक्षा 8 में जैनब फातिमा एवं आतिफने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यालय संस्थापक साद अली खान और चेयरमैन डॉ अजमत अली खान ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पुस्तक नीला आसमान का किया भव्य विमोचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ अधिवक्ता एवं जनसेवा के प्रतीक बाबू बिसंबर सिंह पुंडीर के जीवन, दृढ़ता, निष्ठा और समर्पण पर आधारित पुस्तक नीला आसमान का विमोचन समारोह संपन्न हुआ।

बेहट रोड स्थित किसान कॉलेज के हॉल में आयोजित समारोह में परिवार के सदस्य दुष्यंत पुंडीर, विश्वजीत सिंह पुंडीर, अमरेश पुंडीर व संजय पुंडीर के साथ-साथ गणमान्य लोग मौजूद रहे। मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि मैं आपकी अभिमान रहित निस्वार्थ सेवा को नमन करता हूँ। मंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि जन सामान्य को न्याय दिलाने के आपके संकल्प को नमन करता हूँ। सांसद इमरान मसूद ने कहा कि बाबू जी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे हमेशा गरीब और दुखी व्यक्ति की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं। सांसद इकरा हसन ने कहा कि मैं बाबू जी के व्यवहार और जनकल्याण भावना से बहुत प्रभावित हूँ। विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहाँ बाबू जी ने सेवा को साकार रूप न दिया हो। महापौर



डॉ. अजय सिंह ने कहा दूसरों के प्रति सहयोग और स्नेह का नाम है बाबू बिसंबर सिंह पुंडीर। विधायक मुकेश चौधरी ने कहा कि जीवन के हर अवसर और विपरीत परिस्थिति में आपका स्नेहिल आशीर्वाद मिला।

एमएलसी शाहनवाज खान ने कहा कि आप बिना भेदभाव के सभी को सेवा, प्यार और आशीर्वाद देते हैं। विधायक किरत सिंह ने कहा कि बाबू जी जनहित की भावनाओं से ओत-प्रोत सरल हृदय व्यक्तित्व के धनी हैं। विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि बाबू जी सबके सहयोगी, शुभचिंतक और मार्गदर्शक हैं।

## मरणोपरांत नेत्रदान

**गंगोह।** मन में मानव सेवा का भाव रखकर नेत्रदान का संकल्प भरने वाले 79 वर्षीय विशंदा राम के परिजनों ने उनके मरणोपरांत नेत्रदान कर पुनीत कार्य किया है। अब उनकी आंखों से दो नेत्रहीनों के जीवन की कालिमा दूर हो सकेगी।

योगेश सरदाना ने अपने पिताश्री की इच्छा के अनुरुप दृष्टि एक प्रयास संस्था सदस्यों से सम्पर्क किया। जिसके अनुपालन में रोशनी आई बैंक चिकित्सालय सोसाइटी सहारनपुर की चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ श्वेता सिंह व सूरज जैन ने बीतीरात लगभग 3 बजे कॉर्निया निकालकर उनका प्रत्यारोपण करा दो नेत्रहीनों को रोशनी देने का पुनीत कार्य किया।

इस दौरान अमित गर्ग, गगन गर्ग के अलावा पारिवारिक सदस्य योगेश, अनोखी, संतोष रानी, आर्ची, ऋषभ, सोनम, चंचल, अमीरचंद, कमल आदि रहे।

# मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** क्षेत्र के गांव हुसैनपुर स्थित बाला देवी जूनियर हाईस्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ घोषित किया गया। प्रियांशी ने पूरा स्कूल टॉप किया जबकि लगन ने दूसरा और वंशिका महलियान ने तीसरा स्थान हासिल किया।

विद्यालय के विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं में नर्सरी कक्षा में रो. कशन ने प्रथम, शिवांश ने द्वितीय तथा विहान सहगल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एलकेजी में सुखमीत प्रथम, शिवन्या द्वितीय और जोया तृतीय स्थान पर रहीं। यूकेजी में लगन ने प्रथम, सानवी ने द्वितीय तथा हनी महिलियान ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के



रूप में जिला पंचायत सदस्य रामकिशन उर्फ रामू चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख विश्वास चौधरी उपस्थित रहे। इसके अलावा ग्राम प्रधान मुकर्रम चौधरी, आबिद चौधरी, शमशाद चौधरी, शेखघ परवेज आलम पत्रकार, सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्य पंकज देवी, वाइस प्रिंसिपल सचिन, मैनेजर योगेश कुमार चौधरी एवं उप प्रबंधक अशोक कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत कर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# धूल के गुबार से फ्लाई ओवर निर्माण बना मुसीबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** कस्बे में पिछले कई वर्षों से चल रहा फ्लाईओवर निर्माण कार्य अब स्थानीय व्यापारियों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। निर्माण कार्य की धीमी गति और अधूरी व्यवस्था के चलते व्यापारी खासे नाराज दिखाई दे रहे हैं।

बताया जा रहा है कि फ्लाईओवर के नीचे नेशनल हाईवे निर्माण कंपनी द्वारा मिट्टी डाली जा रही है, जिससे पूरे क्षेत्र में धूल का गुबार फैल रहा है। हवा के चलते यह धूल दुकानों तक पहुंच रही है, जिससे व्यापारियों का सामान खराब हो रहा है और ग्राहकों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। विशेष रूप से हाईवे किनारे लगने वाली फल रेडी और पकौड़ी बाजार के व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। धूल के बारीक कण खाद्य पदार्थों को दूषित कर रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार उड़ती धूल से सांस और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है, लेकिन निर्माण संस्था इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार ने समस्या को और गंभीर बना दिया है।

कस्बे के व्यापारियों ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि जल्द से जल्द निर्माण कार्य को पूरा कराया जाने की मांग की।

# भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आस्था की लहरों और भक्तिमय जयघोष के बीच जैन बाग स्थित प्राचीन जैन मंदिर में 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2625 वाँ जन्म कल्याणक महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, उल्लास एवं वैदिक विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ।

महोत्सव की शुरुआत प्रातःकाल की मंगल बेला में सर्राफा बाजार स्थित जैन मंदिर में हुई, जहाँ मंगलाभिषेक के पात्रों का चयन किया गया। खवासी पद के लिए राममोहन जैन, दाएँ इंद्र के रूप में नक्ष्य जैन, बाएँ इंद्र के रूप में सक्षम जैन तथा खजांची के रूप में राकेश जैन को मनोनीत किया गया। भगवान के रथ के सारथी जैन समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन, संरक्षक राकेश जैन, महामंत्री संजीव जैन, उपाध्यक्ष विपिन जैन सहित कमेटी के अन्य पदाधिकारी बने। कबाड़ी बाजार स्थित मंदिर जी से भव्य शोभायात्रा निकली, जो पारंपरिक ध्वज-पताकाओं, बैंड-बाजों और भजन-कीर्तन



के साथ जैन बाग मंदिर पहुँची। नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि भगवान महावीर का संदेश 'अहिंसा परमो धर्मः' केवल जैन समाज नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्व का मार्गदर्शक सिद्धांत है। मेयर डा.अजय सिंह ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने हमें सत्य, अहिंसा, करुणा और सादगी का मार्ग दिखाया। अध्यक्ष राजेश कुमार जैन ने कहा कि यह अतिशयकारी मंदिर अपनी स्थापना के 72 वे वर्ष में अगले वर्ष प्रवेश कर रहा है, और यह संयोग भी अत्यंत विशेष है कि भगवान महावीर स्वामी की आयु भी 72 वर्ष थी।

जैन समाज के संरक्षक एवं पूर्व महानगर भाजपा अध्यक्ष राकेश जैन ने बताया कि जैन मिलन चेलना द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महोत्सव में अनिल जैन, सुभाष जैन, देव कुमार जैन, राजीव-संजीव जैन, चंद्र मोहन जैन, विपिन जैन, जयदीप जैन, पुनीत जैन, संजीव जैन, अरुण जैन, अनुज जैन, गौरव जैन, चौधरी अनुज जैन, उपचौधरी संदीप जैन, चौधरी अवनीश जैन राजा, चौधरी अनिल जैन मंटू, अरविंद जैन, प्रवीण जैन, श्रवण जैन, मुकेश जैन, मनोज जैन, अशोक जैन, विपिन जैन, नितिन जैन, अजय जैन, पंकज जैन, विनोद जैन, आदित्य जैन, चौधरी विनय जैन बिन्नी, मान सिंह जैन, मनोज जैन, संजय जैन छोटा, राजीव जैन, अमित जैन, चिन्मय-चिद्रूप जैन, पंकज जैन, रवि जैन सहित सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएँ शामिल थीं।

## भोजपुर तगा निवासी व्यक्ति की पंजाब में हादसे के दौरान मौत

**चिलकाना।** भोजपुर तगा निवासी एक व्यक्ति की पंजाब के गुरदासपुर में हादसे के दौरान ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दबने से मौत हो गयी।

ग्राम भोजपुर तगा निवासी दयाराम (57 वर्ष) कुछ दिन पहले ही अपने गांव के कुछ लोगों के साथ पंजाब राज्य के गुरदासपुर जिले में किसी फैक्ट्री में मजदूरी करने के लिए गया था। शनिवार को दयाराम अपने कुछ मजदूर साथियों के साथ ट्रैक्टर ट्राली में सीमेंट तथा सरिया लेकर फैक्ट्री में जा रहा था कि रास्ते में ट्रैक्टर ट्राली कुंडा टूटने से ट्रॉली पलट गयी और दयाराम सरिया तथा सीमेंट के नीचे दब गया। लोगों ने दयाराम को सरिया तथा सीमेंट के नीचे से निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# बच्चों ने निबंध से बताया बड़े बुजुर्गों का जीवन में महत्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारत सरकार की अटल अभ्युदय योजना के अन्तर्गत् सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी द्वारा समाज कल्याण विभाग के निर्देशन में चलाये जा रहे संवेदीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत् स्कूली छात्रों के लिये एक विशेष निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

ज्वाला नगर स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित परिवारों में दादा-दादी नाना-नानी का महत्व विषयक प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने अपने अनुभवों के आधार पर अपने विचार प्रस्तुत किये।

प्रतियोगिता में प्रथम आने वाली कक्षा 7 की छात्रा आईशा नूर ने लिखा कि दादा दादी उस वृक्ष के समान है जो भले ही समय के साथ फल नही देता पर अपनी छांव अपने अंत समय तक देता है। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली कक्षा 6 की छात्रा अनन्या ने



लिखा कि दादा-दादी परिवार में वृक्ष की जड के समान होते हैं। तृतीय स्थान पर कक्षा 8 की छात्रा पावनी बजाज ने लिखा कि जब माता-पिता बच्चों की गलतियों पर उन्हे डांट देते हैं तो नाना-नानी उन्हे प्यार करतें है।

संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के एल अरोड़ा ने कहा कि आज बच्चों के द्वारा अपने अपने परिवारों में दादा-दादी, नाना-नानी का महत्व दर्शाने हेतू यह प्रतियोगिता निश्चित रूप से बच्चों और बुजुर्गो के मध्य प्रेम बढायेगी। पं. अनिल कोदण्ड ने प्रभु श्रीराम से जुडा एक वृतांत छात्रों को सुनाया। विद्यालय के प्रबंधक सुरेन्द्र चौहान ने भी अपने अनुभव साझा किये।

संस्था अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, संरक्षक यशपाल मलिक, विजय अरोडा, आर के जैन, प्रेम छोकरा, कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक अरूण सूरी, अजय अत्री, अरूण प्रकाश शर्मा, उषा गुप्ता, सुमन बाला गुप्ता तथा छात्र-छात्राओं में तानिया, अंशिका, गगन, उज्जवल, रिधिमा, आरती, अवनी, सिमर, वंशिका, विधि, अर्पिता, अनन्या, जिया सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे।

# पंचायत में प्रेमी संग कराया निकाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** प्रेमी के बजाय किसी और से निकाह करने का दबाव बनाने पर जनपद शामली निवासी युवती गांव लखनौती में प्रेमी के घर पहुंच गई। बाद में पंचायत में दोनो का निकाह करा दिया गया। हालांकि युवती के परिजन उससे नाता तोडकर वापस लौट गए।

परिजनों ने बताया कि लखनौती निवासी नौशाद और शामली जनपद के बसी क्षेत्र की रहने वाली साइमा का रिश्ता करीब तीन वर्ष पहले तय हुआ था। इस दौरान दोनों के बीच लगातार बातचीत होती रही और संबंध प्रगाढ़ होते गए। हालांकि कुछ समय बाद युवती के परिजनों ने यह रिश्ता तोड़ दिया। नौशाद ने कई बार अपने परिजनों के साथ जाकर बात करने का प्रयास किया, लेकिन लड़की पक्ष तैयार नहीं हुआ। इसी बीच साइमा के परिवार ने उसकी शादी कहीं और तय कर दी, जिसका



उसने विरोध किया। वह नौशाद से ही शादी करने की जिद पर अड गई। शनिवार सुबह करीब चार बजे साइमा ने नौशाद को फोन कर घर से निकलने की जानकारी दी, जिसके बाद वह गंगोह पहुंची और नौशाद उसे अपने घर ले आया। नौशाद के परिजनों ने युवती के परिवार को अवगत कराया। इसके बाद समाजस. ेवी हाजी सलीम कुरैशी के आवास पर दोनों पक्षों की पंचायत आयोजित की गई, जहां दोनों परिवारों की बात सुनी गई। अंततः लड़की पक्ष ने निर्णय हाजी सलीम कुरैशी पर छोड़ दिया। हाजी सलीम कुरैशी ने दोनों की इच्छा और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अपने निवास पर ही नौशाद और साइमा का निकाह संपन्न कराया इस अवसर पर हाजी नदीम, अरफात मलिक, हाजी सकील, सभासद फुरकान मंसूरी, मुस्तफा नाजिम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ईसी के द्वार भाजपा

पांच राज्यों असम, तमिलनाडु, केरल, पुड्डुचेरी, पश्चिमी बंगाल में चुनाव होने जा रहे हैं। इनमें पुड्डुचेरी केंद्रशासित प्रदेश है। यहां यह कहना जरूरी है कि सबसे ज्यादा घमासान पश्चिमी बंगाल में देखने में आ रहा है। वहां भाजपा और वहां की सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी बेहद आक्रामक अंदाज में चुनाव प्रचार को हवा दे रहे हैं। प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चुनाव आयोग को सीधे निशाने पर ले रही हैं। वह यहां तक कह रही हैं कि भाजपा के साथ साठगांठ कर चुनाव आयोग किसी भी तरह से टीएमसी को हराने में लगा है। वह धमकी देती भी दिखाई देती हैं जिसमें कहती हैं कि सरकार टीएमसी की ही बन रही है। भाजपा भी टीएमसी पर जमकर बरस रही है और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मतदाताओं को धमकाने का सीधे आरोप लगा रही है। अपनी बात को सिद्ध करने के लिए सोमवार को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और किरेन रिजिजू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल भी चुनाव आयोग से मिला है, जिसमें बाकायदा शिकायत दर्ज कराई गई है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लोगों के घरों में जाकर धमका रही हैं और उन्होंने प्रशासन और पुलिस की मदद से पूरे चुनाव को हाईजैक कर लिया। भाजपा नेताओं का यहां तक कहना है कि पिछले चुनाव में भी सत्ताधारी दल ने दबाव और दादागिरी से सत्ता हासिल की थी। भाजपा के नेता चाहते हैं कि चुनाव आयोग पश्चिमी बंगाल के प्रशासन और पुलिस तंत्र को अपने नियंत्रण में लेकर निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराए। बताया जाता है कि चुनाव आयोग ने भाजपा प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है कि निष्पक्ष व शांति से चुनाव कराने के लिए सभी कदम उठाए जाएंगे। जैसाकि हम जानते हैं कि यह चुनाव ऐसे समय में हो रहे हैं जब पूरे देश में एसआईआर कराया जा रहा है और बड़े पैमाने पर वोटों की छंटनी दिखाई देती है। पश्चिमी बंगाल भी इससे अछूता नहीं है। वहां भी लगभग 70 लाख मतदाता मतों से वंचित कर दिए गए हैं। ऐसा टीएमसी का आरोप है। जबकि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ऐसा नहीं मानते। उन्होंने कहा है कि बड़ी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ एसआईआर किया गया है। चुनाव आयोग के दावे कुछ भी हों, लेकिन एक बात साफ है कि तमाम विपक्षी दल एसआईआर को लेकर आश्वस्त नहीं दिखते और ममता बनर्जी तो एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर बेहद आक्रामक रही हैं और वह सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई हैं और खुद ही वकालत कर डाली। जाहिर है यह तमाम बातें बताने के लिए काफी हैं कि चुनाव आयोग के सामने इस समय साख का बड़ा संकट है और यदि उसको अपनी साख बचानी है, तो वह निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव कराकर ही बचाई जा सकती है। चुनाव आयोग को इन आरोपों से बचना होगा, जो उस पर भाजपा की निकटता को लेकर लगते रहे हैं।

## नीतिगत सुधार किए जाने चाहिएं



देश के संस्थानों में बहुजन समाज की बड़े पदों पर हिस्सेदारी कम है और उनकी उचित भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण से आगे बढ़कर नीतिगत सुधार किए जाने चाहिएं, उनसे मिलने जब भी किसी संस्थान या संगठन के लोग आते हैं, तो सबकी शिकायत यही रहती है कि उनके संस्थान में वरिष्ठ पदों पर कमजोर वर्ग के लोगों की हिस्सेदारी नहीं के बराबर है, हाल ही में जनसंसद में ग्रामीण बैंक के एससी- एसटी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान भी यह बात सामने आई कि प्रोन्नति में रोस्टर नियम होने के बावजूद दलित और आदिवासी कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जाता है।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# अहिंसा का शाश्वत संदेश : क्यों आज भी प्रासंगिक हैं महावीर



**योगेश कुमार गोयल**



अहिंसा परमो धर्म: का उद्घोष करने वाले भगवान महावीर का जीवन और दर्शन केवल एक धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं है बल्कि यह सम्पूर्ण मानवता के लिए शाश्वत मार्गदर्शक सिद्धांतों का स्रोत है। आज का युग विज्ञान, तकनीक और भौतिक उपलब्धियों के शिखर पर अवश्य पहुंच गया है लेकिन इसके साथ ही मानवता नैतिक, मानसिक और पर्यावरणीय संकटों से भी जूझ रही है।

ऐसे समय में भगवान महावीर के उपदेश और अमृतवाणी पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठती है। आधुनिक जीवन की आपाधापी में मनुष्य अपने स्वार्थ, लोभ और अहंकार के वशीभूत होकर ऐसे निर्णय लेने लगा है, जो न केवल उसके अपने जीवन को प्रभावित करते हैं बल्कि समाज और प्रकृति के संतुलन को भी बिगाड़ देते हैं। हिंसा आज केवल शारीरिक रूप तक सीमित नहीं रही बल्कि विचारों, शब्दों और व्यवहार में भी व्याप्त हो चुकी है। प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ में व्यक्ति संवेदनहीन होता जा रहा है। ऐसे परिदृश्य में महावीर स्वामी का अहिंसा दर्शन मानवता को करुणा, सहिष्णुता और आत्मसंयम की ओर लौटने का आह्वान करता है।

भगवान महावीर का दर्शन इस मूल विचार पर आधारित है कि संसार का प्रत्येक जीव समान है और सभी में आत्मा का वास है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि किसी भी जीव को पीड़ा देना स्वयं अपने अस्तित्व को आहत करना है। आज जब पर्यावरण संकट, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के विनाश जैसी समस्याएं हमारे सामने खड़ी हैं, तब महावीर का यह सिद्धांत अत्यंत सार्थक प्रतीत होता है कि पेड़-पौधे, जल, वायु और अग्नि भी चेतन तत्व हैं और उनके प्रति भी संवेदनशीलता आवश्यक है। महावीर स्वामी ने केवल उपदेश ही नहीं दिए बल्कि अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि संयम, तप और आत्मानुशासन के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर की अशुद्धियों को दूर कर सकता है। उन्होंने कर्म के सिद्धांत को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्मों के लिए स्वयं उत्तरदाई है। कर्म ही जीवन की दिशा निर्धारित करते हैं और उसी के अनुसार जीव विभिन्न योनियों में भ्रमण करता है। यह विचार आज के समय में व्यक्ति को अपने आचरण के प्रति सजग और जिम्मेदार बनने की प्रेरणा देता है। उनकी अमृतवाणी में जीवन के हर पहलू के लिए मार्गदर्शन निहित है। वे कहते हैं कि संसार के सभी प्राणी बराबर हैं, इसलिए 'जीओ और जीने दो' का सिद्धांत अपनाना चाहिए। यह केवल एक नैतिक उपदेश नहीं बल्कि सामाजिक सद्भाव और शांति का आधार है। यदि समाज में हर व्यक्ति इस सिद्धांत को आत्मसात कर ले तो हिंसा, द्वेष और संघर्ष स्वत: समाप्त हो सकते हैं। महावीर स्वामी ने यह भी कहा कि अहिंसा से बड़ा कोई व्रत नहीं है। आज जब युद्ध, आतंकवाद और सामाजिक हिंसा विश्व के विभिन्न हिस्सों में व्याप्त हैं, तब यह संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति स्वयं हिंसा करता है, दूसरों से करवाता है या हिंसा का समर्थन करता है, वह अपने लिए शत्रुता और दु:ख का बीज बोता है। यह विचार आधुनिक समाज में नैतिक जिम्मेदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सु.ढ़ करता है।

उनका धर्म केवल कर्मकांड तक सीमित नहीं था बल्कि आंतरिक शुद्धता पर आधारित था। उन्होंने कहा कि धर्म का स्थान आत्मा की पवित्रता में है, बाहरी आडंबर उसमें सहायक तो हो सकते हैं परंतु अनिवार्य नहीं। यह विचार आज के समय में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जब धर्म का स्वरूप कई बार बाहरी प्रदर्शन तक सीमित हो जाता है। महावीर का संदेश हमें सच्चे धर्म की ओर लौटने का मार्ग दिखाता है, जहां आत्मा की शुद्धता और आचरण की पवित्रता ही सर्वोपरि है। महावीर स्वामी ने मानव मन के चार प्रमुख दोषों (क्रोध, मान, माया और लोभ) को जीवन के पतन का कारण बताया। उन्होंने कहा कि क्रोध प्रेम को नष्ट करता है, अहंकार ज्ञान को, छल मित्रता को और लोभ सभी गुणों को समाप्त कर देता है। आज के तनावपूर्ण जीवन में यह शिक्षाएं अत्यंत उपयोगी हैं। यदि व्यक्ति इन दोषों पर नियंत्रण कर ले तो उसका जीवन संतुलित और सुखमय बन सकता है। उनकी वाणी में सामाजिक समानता का भी स्पष्ट संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि जन्म से नहीं बल्कि कर्म से व्यक्ति महान बनता है। यह विचार सामाजिक न्याय और समानता की भावना को मजबूत करता है।

आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों के संदर्भ में भी यह सिद्धांत अत्यंत प्रासंगिक है। महावीर स्वामी ने सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया। उन्होंने कहा कि रोगियों और पीड़ितों की सेवा करना प्रभु की सेवा से भी बढ़कर है। आज जब समाज में संवेदनहीनता बढ़ती जा रही है, तब यह संदेश मानवता को पुन: जागृत करने का कार्य करता है। कोरोना महामारी जैसे संकटों के दौरान हमने देखा कि सेवा और सहानुभूति ही समाज को संभालने का सबसे बड़ा आधार बनी। उनकी शिक्षाओं में स्त्री-पुरुष समानता का भी उल्लेख मिलता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुक्ति पाने का अधिकार सभी को समान रूप से है। यह विचार आज के समय में लैंगिक समानता के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। महावीर स्वामी का दर्शन हमें यह भी सिखाता है कि धैर्य और सहनशीलता के बिना अहिंसा का पालन संभव नहीं है। जो व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में अपना धैर्य खो देता है, वह सच्चे अर्थों में अहिंसक नहीं हो सकता। यह शिक्षा आज के तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक जीवन में मानसिक संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देती है। उनकी अमृतवाणी का सार यह है कि मन, वचन और कर्म से किसी भी प्राणी को कष्ट न पहुंचाया जाए। यही सच्चा धर्म है और यही जीवन की सर्वोच्च साधना है। उन्होंने यह भी कहा कि आत्मा अमर है, शरीर नश्वर है और जीवन का अंतिम लक्ष्य आत्मा की मुक्ति है। यह विचार व्यक्ति को आध्यात्मिक दृष्टि प्रदान करता है और जीवन के वास्तविक उद्देश्य को समझने में सहायता करता है। आज के समय में, जब मानवता अनेक चुनौतियों से जूझ रही है, चाहे वह नैतिक पतन हो, पर्यावरणीय संकट हो या मानसिक अशांति, भगवान महावीर की शिक्षाएं एक प्रकाश स्तंभ की तरह मार्गदर्शन करती हैं। उनका दर्शन न केवल व्यक्तिगत जीवन को सुधारने का मार्ग दिखाता है बल्कि समाज और विश्व में शांति, सद्भाव और संतुलन स्थापित करने की प्रेरणा भी देता है। महावीर जयंती केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि आत्ममंथन और आत्मसुधार का अवसर है।

यह हमें अपने भीतर झांकने और यह विचार करने का अवसर देती है कि क्या हम वास्तव में अहिंसा, सत्य, संयम और करुणा के मार्ग पर चल रहे हैं। यदि हम भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन सार्थक होगा बल्कि समाज और विश्व भी अधिक शांतिपूर्ण और मानवीय बन सकेगा। अत: यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भगवान महावीर की अमृतवाणी सदैव प्रासंगिक रहेगी। यह मानवता के लिए एक ऐसी अमूल्य धरोहर है, जो समय, परिस्थिति और युग की सीमाओं से परे जाकर हर युग में मार्गदर्शन करती रहेगी।

# गाजर के डंठल-छिलकों से खाद्य सामग्री का निर्माण

**पौधों के विपरीत, कवक प्रकाश संश्लेषण नहीं करते। उनमें जड़ें भी नहीं होतीं कि जिनकी मदद से वे बढ़ सकें। बल्कि कवक तो बाहरी स्रोतों से अपना भोजन-पोषण प्राप्त करते हैं और तो और, जंतुओं से उलट, कवक पाचन के पहले भोजन ग्रहण नहीं करते, बल्कि वे जैविक चीजों को तोड़ने पचाने के लिए अपने आसपास शक्तिशाली एंजाइम छोड़ते हैं और फिर मायसेलिया की मदद से अपने आसपास मौजूद पोषण अवशोषित करते हैं।**

जैसे-जैसे दुनिया की आबादी बढ़ रही है, ज्यादा दिन चलने वाले और पौष्टिक खाद्य की जरूरत भी बढ़ रही है। इस सम्बंध में, 2024 में लुबिस एवं साथियों द्वारा संपादित पुस्तक बायोमास कन्वर्जन एंड सस्टेनेबल बायोरिफाइनरी पठनीय है। यह किताब जैविक पदार्थ बायोमास अपशिष्ट का अन्य रूप में उपयोगी इस्तेमाल और बायोरिफाइनरी इस्तेमाल में हुई हालिया तरक्की पर प्रकाश डालती है, और प्रबंधित पुनर्उपयोग से जैविक अपशिष्ट और उप-उत्पादों को कम करने के तरीकों पर चर्चा करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि जैसे-जैसे आबादी बढ़ रही है, जैविक कचरे को खाद्य उत्पादों में तब्दील करने के तरीके खोजना आवश्यक होता जा रहा है।

हमारे भोजन में कई तरह की सब्जियां, अंडे और मांस शामिल होते हैं। इनको पकाने के लिए काटते या साफ करते समय हम इनका अखाद्य हिस्सा छीलकर या छांटकर अलग करते हैं और कचरे की तरह फेंक देते हैं। गाजर के साथ भी हम यही करते हैं, इसका छिलका, ऊपरी नोंक और डंठल तरफ का हिस्सा हम छील-काटकर अलग कर देते हैं। गाजर के कुछ हिस्सों से हम मिठाई भी बनाते हैं और बाकी हिस्सा खाने लायक न होने के कारण फेंक देते हैं, जो बर्बाद ही जाता है। उपरोक्त पुस्तक में गगन जे। कौर और साथियों का आलेख इस मुद्दे पर विस्तार से बात करता हैय शीर्षक है 'असेसमेंट ऑफ कैरट रिजेक्ट्स एंड वेस्ट्स फॉर फूड प्रोडक्ट एंड एज ए बायोफ्यूल'। इसी संदर्भ में, दिसंबर 2025 में जर्नल ऑफ एग्रीकल्चरल एंड फूड केमिस्ट्री में जर्मनी की गीसेन यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ फूड केमिस्ट्री के मार्टिन गैंड के नेतृत्व में एक अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक दल का शोध पत्र छपा था। यह अध्ययन गाजर के कचरे से कवक पनपाने की बात करता है। कवकों फफूंद के पोषण प्राप्त करने के तरीके पौधों और जंतुओं से सर्वथा अलग हैं।

पौधों के विपरीत, कवक प्रकाश संश्लेषण नहीं करते। उनमें जड़ें भी नहीं होतीं कि जिनकी मदद से वे बढ़ सकें। बल्कि कवक तो बाहरी स्रोतों से अपना भोजन-पोषण प्राप्त करते हैं। और तो और, जंतुओं से उलट, कवक पाचन के पहले भोजन ग्रहण नहीं करते, बल्कि वे जैविक चीजों को तोड़ने पचाने के लिए अपने आसपास शक्तिशाली एंजाइम छोड़ते हैं और फिर मायसेलिया की मदद से अपने आसपास मौजूद पोषण अवशोषित करते हैं। बताते चलें कि मायसेलिया कवक में जड़ जैसी संरचना होती है जो तंतुनुमा जाल बनाती है। पोषण हासिल करने का अनोखा तरीका उन्हें विभिन्न पर्यावरणों में पनपने के काबिल बनाता है और उनकी पारिस्थितिक भूमिकाओं को मजबूत करता है। कवक में लगभग हर जैविक चीज को अपघटित करने की जबरदस्त क्षमता भी होती है, जिसमें वह खाद्य कचरा भी शामिल है जिसे हम पचा नहीं पाते। कवक का एक आम उदाहरण मशरूम है, जिसका इस्तेमाल शोरबा, तरी, पास्ता और पिज्जा बनाने में किया जाता है।

यह पूरी तरह से शाकाहारी खाद्य है और इसमें विटामिन तथा एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। मशरूम ऐसे कवक हैं जो उपलब्ध बाहरी पोषक तत्वों का इस्तेमाल करके पनपते हैं, जिनमें खाद्य कचरा भी शामिल है। हमारे आहार में भी मशरूम शामिल हो सकते हैं। दिसंबर 2025 में एक शोध समूह ने विभिन्न देशों के 100 से ज्यादा तरह के मशरूम का परीक्षण किया और पाया कि वे गैर-खाद्य कचरे को उपयोगी बनाने में काफी असरदार हैं। शोधकर्ताओं ने गाजर के कचरे पर अध्ययन केंद्रित किया, और देखा कि कवक उन्हें कैसे पचाते हैं और उससे खाने लायक चीजें बनाते हैं। उदाहरण के लिए, टीम ने गाजर के छिलके वगैरह पर पनपाए गुलाबी ओइस्टर मशरूम के मायसेलिया से वीगन पैटीज बनाई। ए वीगन पैटीज कुछ व्यंजनों में सोया की जगह इस्तेमाल की जा सकती हैं। हममें से कई लोग अपने भोजन में कई तरह से गाजर खाते हैंय जैसे सब्जी बनाकर, सलाद में या गाजर का हलवा वगैरह बनाकर। लेकिन रसोइए और आहारविद सलाह देंगे कि हमें इन व्यंजनों में मशरूम का ज्यादा इस्तेमाल करना चाहिए क्योंकि ए सेहत के लिए फायदेमंद हैं। कवक की मदद से खाद्य कचरे को प्रोटीन और विटामिन युक्त खाद्य में बदलकर भविष्य में शायद खाद्य सुरक्षा हासिल की जा सकती है।

**स्रोत फीचर्स**
**डॉ. डी. बालसुब्रमण्यन**

# शाहजहांपुर में क्यों हुआ शहीदों का अपमान?



**रोहित कौशिक**

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में शहीदों की प्रतिमाओं को ध्वस्त कर डंपिंग ग्राउंड में फेंक दिया गया। जब इस मुद्दे पर हंगामा हुआ तो प्रशासन ने पुन: इन प्रतिमाओं को स्थापित करा दिया। शहीदों के इस अपमान से कई सवाल खड़े हो गए है। क्या इस देश में देश पर मर-मिटने वाले क्रान्तिकारियों के साथ न्याय हो पाया है ? क्या इस देश ने आजादी की लड़ाई लड़ने वाले क्रान्तिकारियों को वह सम्मान दिया है, जिसके वे हकदार थे? एक तरफ सरकारें क्रांतिकारियों का नाम जपती रहीं तो दूसरी तरफ जनता क्रान्तिकारियों के गीत गाती रही लेकिन न ही सरकारों ने और न ही जनता ने क्रान्तिकारियों के जज्बे के साथ न्याय किया। एक तरफ क्रान्तिकारियों के लिए भाषणों में बड़ी-बड़ी बातें की जाती रहीं तो दूसरी क्रान्तिकारियों को याद करना सिर्फ औपचारिकता रह गई। सरकारें राष्ट्रभक्ति, देशभक्ति और देशद्रोह का पाठ पढ़ाती रहीं लेकिन स्वयं ही देशभक्त क्रान्तिकारियों का अपमान करती रहीं। राष्ट्रभक्ति का नारा लगाने वाली सरकार में आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले क्रान्तिकारियों का सम्मान तार-तार कर दिया गया। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस यानी 23 मार्च की रात्रि में उत्तर प्रदेश सरकार ने क्रान्तिकारियों का ऐसा अपमान किया कि एक सच्चे देशभक्त का खून खौल जाए। लेकिन जब इस दौर में देशभक्ति भी नकली हो और खून पानी हो तो सत्ता के सामने देशभक्तों की आवाज कैसे निकल सकती है ? इस दौर में जबकि देशभक्ति का अर्थ मुसलमानों को गाली देना ही रह गया हो, सच्ची देशभक्ति की भावना कहां दिखाई देती है ? शहाजहांपुर में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार ने शहाजहांपुर के तीन क्रान्तिकारियों को फांसी दे दी। उत्तर प्रदेश सरकार के बुलडोजर ने शहाजहांपुर में शहाजहांपुर के तीन क्रान्तिकारियों रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमाओं को मलबे में तब्दील कर दिया। बेशर्मी देखिए कि रात के अंधेरे में ध्वस्त किए गए इन अवशेषों को शहर के बाहर डंपिंग ग्राउंड में फेंक दिया गया। जब मैंने इस मुद्दे पर क्रान्तिकारियों पर प्रामाणित लेखने करने वाले प्रख्यात लेखक सुधीर विद्यार्थी से बात की तो उन्होंने बहुत ही दुखी मन से कहा कि काकोरी शहीदों को उनके शहर में फिर मृत्युदंड दे दिया गया। सुधीर विद्यार्थी भी मूल रूप से शहाजहांपुर के रहने वाले ही है। उन्होंने बताया जब शहाजहांपुर में ए प्रतिमाए लगी थी तो मैं छात्र था और मेरे सामने ही ये प्रतिमाएं लगी थीं। 9 अगस्त 1925 को हुए काकोरी ट्रेन कांड में शहाजहांपुर के सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह को 19 दिसम्बर। 1927 को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जेलों में फांसी पर लटकाया गया था। कितना शर्मनाक है उत्तर प्रदेश सरकार ने इन क्रान्तिकारियों को एक बार फिर न केवल फांसी पर लटकाया बल्कि इनके अंगों को भी काट कर मलबे को फेंक दिया गया। सवाल यह है शासन और प्रशासन ने इन क्रान्तिकारियों की प्रतिमाओं पर रात को ही क्यों बुलडोजर चलाया गया? दिन में इन्हें क्यों ध्वस्त नहीं किया गया ? स्पष्ट है कि इस मुद्दे पर शासन और प्रशासन ने छिप कर खेल खेला। बाद इस मुद्दे पर लीपापोती कर कार्रवाई की बात की गई। सवाल यह है कि कार्रवाई किस पर होगी ? क्या उत्तर प्रदेश में सरकार की हरी झंडी के बिना कुछ हो सकता है ? प्रतिमाओं के ध्वस्त होने के बाद जब हंगामा बढ़ा तो कहा जा गया कि नई प्रतिमाए लगाई जाएंगी। सवाल यह है कि नई प्रतिमाएं लगाने की जरूरत ही क्या थी ? प्रख्यात लेखक सुधीर विद्यार्थी का कहना कि इन प्रतिमाओं का कलात्मक पक्ष भी बहुत मजबूत था। तो फिर इन प्रतिमाओं को ध्वस्त करने की क्या जरूरत थी? अगर ये प्रतिमाए ध्वस्त करनी ही थीं तो इन्हें सम्मान के साथ ध्वस्त क्यों नहीं किया गया? क्यों इन प्रतिमाओं के ध्वस्त अवशेषों को शहर के बाहर डंपिंग ग्राउन्ड में फेंक दिया गया ?

> जब मैंने इस मुद्दे पर क्रान्तिकारियों पर प्रामाणित लेखने करने वाले प्रख्यात लेखक सुधीर विद्यार्थी से बात की तो उन्होंने बहुत ही दुखी मन से कहा कि काकोरी शहीदों को उनके शहर में फिर मृत्युदंड दे दिया गया। सुधीर विद्यार्थी भी मूल रूप से शहाजहांपुर के रहने वाले ही है। उन्होंने बताया जब शहाजहांपुर में ए प्रतिमाए लगी थी तो मैं छात्र था और मेरे सामने ही ये प्रतिमाएं लगी थीं। 9 अगस्त 1925 को हुए काकोरी ट्रेन कांड में शहाजहांपुर के सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह को 19 दिसम्बर। 1927 को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जेलों में फांसी पर लटकाया गया था। कितना शर्मनाक है उत्तर प्रदेश सरकार ने इन क्रान्तिकारियों को एक बार फिर न केवल फांसी पर लटकाया बल्कि इनके अंगों को भी काट कर मलबे को फेंक दिया गया। सवाल यह है शासन और प्रशासन ने इन क्रान्तिकारियों की प्रतिमाओं पर रात को ही क्यों बुलडोजर चलाया गया?

विद्यार्थी जी ने बताया कि ये तीनों प्रतिमाएं स्वतंत्रता के रजत जयंती वर्ष यानी 1972 में तत्कालीन नगरपालिका अध्यक्ष वासुदेव गुप्ता ने स्थापित कराई थी जो 1942 के आन्दोलन में जेल भी गए थे। उसी समय इन शहीद प्रतिमाओं के दक्षिण की ओर मैदान में शहीद द्वार का निर्माण कराकर स्वतंत्रता सेनानी और साथी साप्ताहिक के संपादक श्याम सिंह बागी ने शहीद मेला का आयोजन किया, जिसका उदघाटन पेशावर क्रांति के नायक चंद्र सिंह गढ़वाल ने किया था। क्या सौंदईकरण के नाम पर शहीदों का इस तरह अपमान किया जाएगा ? इस दौर में सौंदईकरण के नाम अनेक शहरों के पुराने और ऐतिहासिक महत्व के भवनों और मंदिरों को ध्वस्त किया जा रहा है। वाराणसी में सौंदईकरण के नाम पर अनेक मंदिरों को तोड़ दिया गया। निश्चित रूप से सौंदईकरण होना चाहिए लेकिन सरकारों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि विकास की प्रक्रिया में देश के लिए मर मिटने वालो शहीदों की प्रतिमाओं और ऐतिहासिक इमारतों को भी संरक्षित किया जाए। विकास के नाम अपने अतीत को भूलना ठीक नहीं है। इस दौर में नई पीढ़ी सोशल मीडिया की गिरफ्त में है। नई पीढ़ी को सोशल मीडिया की गिरफ्त से बाहर निकालने और अपने इतिहास की भूली कड़ियों की याद दिलाने के लिए ऐतिहासिक महत्व की चीजें काफी मददगार हो सकती हैं। लेकिन इस दौर में इतिहास की चिंता सिर्फ राजनीति के लिए की जा रही है। जरूरत इस बात की है आज इतिहास की चिंता नई पीढ़ी में सच्ची देशभक्ति पैदा करने के लिए होनी चाहिए। सिर्फ नारे लगाकर देशभक्ति नहीं की जा सकती। सच्ची देशभक्ति के लिए जरूरी है कि नई पीढ़ी आजादी की लड़ाई लड़ने वाले क्रान्तिकारियों की सच्ची विरासत को समझे। विकास की इस प्रक्रिया में क्रान्तिकारियों की सच्ची विरासत को भुलाने की कोशिश की जा रही है। विडम्बना यह है कि शहीदों को यह अपमान राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रभक्त जैसे शब्दो का रोज इस्तेमाल करने वाली सरकार में किया जा रहा है। हमारे देश में बहुत पहले से ही क्रान्तिकारियों को वह सम्मान नहीं मिल पाया जिसके वे हकदार थे लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार में तो हद ही हो गई। अब तो खुले आम क्रान्तिकारियों को जमीन में गाड़ दिया गया। हालांकि इस मुद्दे पर हंगामा बढ़ने के बाद इन प्रतिमाओं को पुन: स्थापित कर दिया गया है, लेकिन शहाजहांपुर में शहीदों का अपमान क्यों हुआ? यह सवाल तो अपनी जगह बना ही रहेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अफगान-पाक में फिर संघर्ष, एक की मौत, 12 घायल

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान की सरकार ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तान की सेना ने रविवार को देश के कुनार प्रांत के असदाबाद शहर के बाहरी इलाकों पर गोलाबारी की, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 12 से ज्यादा लोग घायल हो गए। दोनों देशों के बीच फरवरी से टकराव बढ़ा हुआ है। इसे पिछले कई दशकों में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सबसे गंभीर टकराव माना जा रहा है। पाकिस्तान का आरोप है कि अफगानिस्तान अपनी जमीन पर आतंकवादियों को पनाह दे रहा है, जो पाकिस्तान के अंदर हमले करते हैं।

### नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ धन शोधन की जांच तेज

**नई दिल्ली।** नेपाल के धन शोधन जांच विभाग के अधिका. रियों ने तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों और दो पूर्व मंत्रियों से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच तेज कर दी है। 'द काठमांडू पोस्ट' की एक रिपोर्ट के अनुसार यह कार्रवाई प्रारंभिक पूछताछ में उनके वित्तीय रिकॉर्ड और संपत्तियों में विसंगतियां पाए जाने के बाद की गई है। डीएमएलआई ने नेपाल पुलिस के केंद्रीय जांच ब्यूरो के सहयोग से पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली और पुष्प कमल दहल के साथ-साथ पूर्व मंत्री आरजू राणा देउबा और दीपक खड़का के खिलाफ विस्तृत जांच शुरू की है।

### सोशल मीडिया के दबाव में मत आइए, खुद को अपनाइए: कुब्रा सैत

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कुब्रा सैत ने हाल ही में सोशल मीडिया पर दिखने वाले परफेक्ट बॉडी स्टैंडर्ड्स पर अपनी बात रखते हुए बताया है कि किस तरह से सोशल मीडिया का दखल व्यक्तिगत जीवन में बढ़ गया है। कुब्रा ने लोगों को सलाह भी दी है कि इन चीजों के लिए सोशल मीडिया को दोष देने के बजाय खुद के अंदर झांकना चाहिए। कुब्रा सैत ने कहा कि असली समस्या सोशल मीडिया नहीं, बल्कि हमारी अपनी असुरक्षाएं हैं।



**मुंबई। आपूर्ति वितरण के दौरान खाली एलपीजी गैस सिलेंडरों के साथ भरे हुए सिलेंडर प्राप्त करने के लिए कतार में इंतजार करते लोग।**

## इजरायली सेना का तेहरान में सैन्य ठिकानों पर नए हमलों का दावा

**यरूशलेम।** इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा है कि वह तेहरान पर लक्ष्य साधकर उसके सैन्य ठिकानों पर नए हमले कर रहा है।आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, ष्इजरायली रक्षा बल वर्तमान में पूरे तेहरान ईरानी आतंकी शासन के बुनियादी सैन्य ढांचों पर हमले कर रहा है। गौरतलब है कि अमेरिका-इजरायल ने 28 फरवरी को तेहरान सहित ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे भारी क्षति हुई और नागरिक हताहत हुए। इसके बाद ईरान ने इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले किए।

# अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता की मध्यस्थता को पाक तैयार: डार

## इशाक डार की इसको लेकर मिस्र, सऊदी अरब और तुर्की के शीर्ष राजनयिकों के साथ बातचीत हुई है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान जल्द ही ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता वार्ता की मेजबा. नी करने के लिए तैयार है। विदेश मंत्री एवं उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने रविवार को इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि इसको लेकर मिस्र, सऊदी अरब और तुर्की के शीर्ष राजनयिकों के साथ बातचीत हुई है।

ये बातचीत ऐसे समय में हुई जब ईरान ने अमेरिका को जमीनी हमला करने के खिलाफ चेतावनी दी थी और अमेरिका- इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग के चलते वैश्विक तेल की कीमतें बढ़ गई हैं। डार ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि बातचीत सीधी होगी या परोक्ष, या यह कब और कहां होगी लेकिन उन्होंने कहा कि यह आने वाले दिनों में होगी। पाकिस्तानी विदेश मंत्री के दावों के बाद अमेरिका या ईरान,



■ पाकिस्तानी विदेश मंत्री के दावों के बाद अमेरिका या ईरान, किसी ने भी तत्काल कोई टिप्पणी जारी नहीं की

किसी ने भी तत्काल कोई टिप्पणी जारी नहीं की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान बहुत खुश है कि ईरान और अमेरिका दोनों ने बातचीत में पाकिस्तान की मध्यस्थता पर अपना भरोसा जताया है, जो आने वाले दिनों में होगी। राजनयिकों से मुलाकात के बाद डार ने दावा किया कि उन्होंने मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान के प्रयासों का सक्रिय रूप से समर्थन किया है और पाकिस्तान से अपील की है कि वह शामिल पक्षों के बीच व्यवस्थित बातचीत के लिए माहौल तैयार करे। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, डार ने बढ़ते तनाव के बीच शांति तक पहुंचने के एकमात्र व्यावहारिक रास्ते के रूप में कूटनीति की वकालत की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस संघर्ष को समाप्त करने के सभी प्रयासों और पहलों में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। उन्होंने कहा कि हम स्थिति को शांत करने और संघर्ष का समाधान खोजने के अपने प्रयासों में अमेरिकी नेतृत्व के साथ भी सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि मंत्री चतुष्पक्षीय बैठक समाप्त होने के बाद पाकिस्तान से रवाना हो गए हैं। डार ने बताया कि इस बैठक के बाद प्रत्येक मंत्री के साथ अलग-अलग बहुत ही सार्थक द्विपक्षीय बैठकें भी हुईं। एक प्रमुख मध्यस्थ के रूप में उभरते हुए, पाकिस्तान उन चुनिंदा देशों में से एक है जिनके अमेरिका और ईरान दोनों के साथ कूटनीतिक रूप से अच्छे संबंध हैं। पाकिस्तान के अधिकारियों का कहना है कि उनके ये सार्वजनिक प्रयास हफ्तों की खामोश कूटनीति के बाद सामने आए हैं, हालांकि अब तक न तो ईरान और न ही अमेरिका ने बात. चीत करने में बहुत ज्यादा इच्छा दिखाई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अब तक कूटनीति और बातचीत करने के प्रयासों को लेकर अमेरिका की गंभीरता के बारे में मिले-जुले संकेत दिए हैं।

# जल्द समझौता नहीं हुआ, तो तबाह कर देंगे खर्ग द्वीप

## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान को चेतावनी, ईरान के खिलाफ जमीनी कार्रवाई करने का दे सकते है आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि उनका देश ईरान में अपने सैन्य अभियानों को समाप्त करने के लिए एक और अधिक समझदार शासन के साथ गंभीरता से बात. चीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में काफी प्रगति हुई है, लेकिन अगर किसी भी वजह जल्द ही कोई समझौता नहीं हो पाता है (जिसकी बहुत अधिक संभावना है)और अगर होर्मुजलडमरूमध्य व्यापार के लिए नहीं खुलता है, तो हम उनके सभी बिजली उत्पादन संयंत्रों, तेल कुओं और खर्ग द्वीप को पूरी तरह तबाह कर देंगे, जिन्हें हमने जानबूझकर अभी तक छुआ नहीं है।

उन्होंने लिखा, यह उन असंख्य सैनिकों और अन्य लोगों का बदला होगा, जिन्हें ईरान ने पिछले शासन के 47 वर्षों के आतंक के दौरान बेरहमी से मार डाला था। इस मामले पर ध्यान देने के धन्यवाद। अमे. रिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान के खिलाफ जमीनी कार्रवाई करने का आदेश दे सकते हैं। अमेरिकी अखबार द वाल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ईरान के पास मौजूद यूरेनियम को अपने कब्जे में लेना चाहते हैं। इस बीच, अमेरिका मिडिल ईस्ट में करीब 10000 अतिरिक्त सैनिक भेजने की योजना बना रहा है। इनमें से 3500 से ज्यादा सैनिक पहले ही वहां पहुंच चुके हैं। 3500 से ज्यादा अमेरिकी सैनिक 28 मार्च को मिडिल ईस्ट पहुंचे। इसमें से 2500 मरीन सैनिक थे। यूरेनियम एक ऐसा पदार्थ है, जिससे परमाणु ऊर्जा भी बनाई जा सकती है और परमाणु बम भी। फर्क सिर्फ इस बात से पड़ता है कि उसे कितना एनरिच यानि कि शुद्ध किया गया है। प्राकृतिक यूरेनियम में काम का हिस्सा बहुत कम होता है, इसलिए उसे मशीनों (सेंट्रीफ्यूज) के जरिए धीरे-धीरे शुद्ध किया जाता है। इसी प्रक्रिया को 'यूरेनियम एनरिचमेंट' कहते हैं। माना जा रहा है कि ईरान का बड़ा परमाणु भंडार उन पहाड़ी ठिकानों के मलबे के नीचे दबा है, जिन्हें अमेरिका ने बमबारी में निशाना बनाया था। आईएईए प्रमुख राफेल ग्रोसी के मुताबिक, यह यूरेनियम इस्फहान की अंडरग्राउंड टनल और नतांज जैसे ठिकानों पर हो सकता है।

ट्रम्प ने पहले दावा किया था कि हमलों में ईरान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह तबाह हो गया, लेकिन अब माना जा रहा है कि काफी यूरेनियम नष्ट नहीं हुआ, बल्कि मलबे के नीचे दब गया है। ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि ज्यादातर यूरेनियम मलबे के नीचे दबा है और अभी उसे निकालने का कोई प्लान नहीं है। साथ ही, ईरान के पास अभी भी ऐसी मशीनें हैं, जिनसे वह यूरेनियम को और शुद्ध बना सकता है और नए गुप्त ठिकाने भी बना सकता है। ईरान के विदेश मंत्री ने भी कहा था कि लगभग सारा 60 प्रतिशत समृद्ध यूरेनियम मलबे के नीचे दबा हुआ है और अभी उसे निकालने की कोई योजना नहीं है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ईरान के पास अभी भी यूरेनियम को और समृद्ध करने के लिए सेंट्रीफ्यूज मशीनें हैं और वह नए अंडरग्राउंड ठिकाने भी बना सकता है। ट्रम्प और उनके कुछ सहयोगियों का मानना है कि एक सीमित और टारगेटेड आपरेशन के जरिए इस परमाणु सामग्री को कब्जे में लिया जा सकता है, जिससे युद्ध लंबा नहीं खिंचेगा और अप्रैल के मध्य तक इसे खत्म किया जा सकता है। ट्रम्प खुद भी लंबे युद्ध से बचना चाहते हैं, क्योंकि उनके कुछ सहयोगी चाहते हैं कि वे ध्यान घरेलू मुद्दों और आने वाले चुनावों पर दें, जहां रिपब्लिकन पार्टी को नुकसान का खतरा बताया जा रहा है। एक्सपर्ट ट्रम्प के यूरेनियम हासिल करने के लिए जमीनी आपरेशन शुरू करने की योजना को मुश्किल और खतरनाक मानते हैं। उनका कहना है कि इसके लिए बड़ी संख्या में अमेरिकी सैनिकों को ईरान के अंदर भेजना पड़ेगा।



■ ट्रम्प ईरान के पास मौजूद यूरेनियम को अपने कब्जे में लेना चाहते हैं
■ अमेरिका मिडिल ईस्ट में करीब 10000 अतिरिक्त सैनिक भेजने की योजना बना रहा है
■ 3500 से ज्यादा अमेरिकी सैनिक 28 मार्च को मिडिल ईस्ट पहुंचे

### ईरान के कई महत्वपूर्ण ठिकानों को किया गया नष्ट: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को दावा किया कि अमे. रिकी सेना ने ईरान के कई महत्वपूर्ण ठिकानों को 'खत्म या फिर पूरी तरह से नष्ट' कर दिया है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर कहा कि ईरान में बड़ा दिन। हमारी महान सेना ने कई लंबे समय से वांछित लक्ष्यों को खत्म और नष्ट कर दिया गया है। हालांकि, उन्होंने न तो विस्तार से जानकारी दी और न ही लक्ष्यों की पहचान की। एक संबंधित घटनाक्रम में, लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) ने सोमवार को घोषणा की कि 29-30 मार्च की रात को अदचित अल कुसैर में एक गोला फटने से संयुक्त राष्ट्र का एक शांति रक्षक मारा गया और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यूएनआईएफआईएल ने शांति रक्षक की राष्ट्रीयता का उल्लेख नहीं किया। इसने यह भी नहीं बताया कि गोला किसने दागा था। एजेंसी ने कहा कि हमें गोले के स्रोत का पता नहीं है। हमने सभी परिस्थितियों का निर्धारण करने के लिए जांच शुरू कर दी है।

### ईरान के साथ प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष बातचीत कर रहे हैं: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि हम ईरान के साथ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह से बातचीत कर रहे है। उन्होंने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत का जक्रि करते हुए पत्रकारों से कहा कि हम उनके साथ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह से बातचीत कर रहे हैं। ट्रम्प ने आगे कहा कि बैठक के दौरान दोनों पक्ष बहुत जरूरी मुद्दों पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि ईरान अमेरिका के शांति समझौते की ज्यादातर शर्तो सहमत हो गया है, लेकिन हम इससे ज्यादा चाहते है। गौरतलब है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमला करना शुरू कर दिया। ईरान इजरायली इलाके के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर भी जवाबी हमले कर रहा है।

### भारतीय राजदूत ने कुवैती अधिकारियों से की मुलाकात

**कुवैत सिटी।** कुवैत की भारतीय राजदूत परिमिता त्रिपाठी ने सोमवार को कुवैत के केंद्रीय शवगृह का दौरा किया। जल शोधन इकाई पर हुए हमले में जान गंवाने वाले एक भारतीय नागरिक का यहां पार्थिव शरीर रखा गया है। राजदूत ने यहां जनरल डिपार्टमेंट ऑफ क्रिमिनल एविडेंस के जनरल मैनेजर ब्रिगेडियर अब्दुल रहीम अल-अवधी से मुलाकात की। उन्होंने कुवैती अधिकारियों से मिली त्वरित और संवेदनशील सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। भारतीय दूतावास मृतक के परिवार के साथ निरंतर संपर्क में है और पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत भेजने के लिए कुवैती अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है। कुवैत सरकार के अनुसार, सोमवार (30 मार्च) को कुवैत के एक विद्युत एवं जल शोधन ईकाई पर हुए ईरानी हमले में एक भारतीय कर्मचारी की मौत हो गई। विद्युत एवं जल मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि इस हमले में संयंत्र के सेवा भवन को भी नुकसान पहुंचा है। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक कम से कम सात भारतीय नागरिकों के मारे जाने की पुष्टि हुई है और एक के लापता होने की खबर है।

## ईरान के हैवी वॉटर उत्पादन संयंत्र गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त: आईएईए

■ ईरान ने 28 मार्च को आईएईए को सूचित किया था कि 27 मार्च को खोंदाब स्थित इस संयंत्र पर हमला हुआ था

**वियना।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने सोमवार को पुष्टि की कि ईरान में खोंदाब स्थित 'हैवी वाटर' उत्पादन संयंत्र गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है और अब चालू हालत में नहीं है।

उल्लेखनीय है कि हैवी वाटर (ड्यूटेरियम ऑक्साइड) का इस्तेमाल परमाणु संयंत्रों में परमाणु विखंडन प्रक्रिया को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। यह परमाणु रिएक्टर में न्यूट्रॉन को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आईएईए ने कहा कि इस संयंत्र में कोई घोषित परमाणु सामग्री मौजूद नहीं है। एजेंसी के अनुसार, 'उपग्रह चित्रों के स्वतंत्र विश्लेषण और संयंत्र की जानकारी के आधार पर यह पुष्टि हुई है कि खोंदाब स्थित 'हैवी वाटर' उत्पादन संयंत्र को भारी नुकसान पहुंचा है और यह अब कार्य करने की स्थिति में नहीं है। ईरान ने 28 मार्च को आईएईए को सूचित किया था कि 27 मार्च को खोंदाब स्थित इस संयंत्र पर हमला हुआ था। चूंकि वहां कोई घोषित परमाणु सामग्री नहीं थी, इसलिए विकिरण का कोई खतरा नहीं देखा गया। खोंदाब संयंत्र मध्य ईरान के मरकजी प्रांत में अराक शहर से 55 किमी उत्तर-पश्चिम में स्थित है और यह अराक परमाणु परिसर (जिसे आईआर-40 सुविधा के रूप में भी जाना जाता है) का हिस्सा है। ईरान ने यह भी बताया कि खुजेस्तान स्टील उत्पादन कारखाने पर भी हमले हुए, जहां सीलबंद कोबाल्ट-60 (सीओ 60) और सीजयिम-137 (सीएस 137) जैसे रेडियोधर्मी तत्वों का उपयोग किया जाता है, हालांकि वहां से भी कोई विकिरण नहीं फैला। इसके अलावा, बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के क्षेत्र में भी हमले की सूचना मिली है, जो 10 दिनों में ऐसी तीसरी घटना है। आईएईए के मुताबिक, चालू रिएक्टर को कोई नुकसान नहीं हुआ है और संयंत्र की स्थिति सामान्य है।

## दक्षिणी सूडान में सोने की खदान में झड़प

■ अज्ञात हमलावरों ने 70 से ज्यादा लोगों की हत्या की

**जुबा।** दक्षिणी सूडान की राजधानी जुबा के बाहरी इलाके में स्थित एक सोने की खदान पर हुए हमले में 70 से अधिक लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को इस घटना की पुष्टि की। बताया जा रहा है, यह हमला खदान के अंदर हुए विवाद के बाद किया गया था।

घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें खुले मैदान में कई शव दिखाई दे रहे हैं। एक स्थानीय पत्रकार के मुताबिक, कई अन्य लोग जान बचाने के लिए जंगलों की ओर भाग गए हैं। बताया जा रहा है कि सेंट्रल इक्वेटोरिया राज्य के जेबेल इराक इलाके में स्थित यह खदान पहले भी अवैध खनिकों और खनन कंपनियों के बीच हिंसक झड़पों का केंद्र रही है। पुलिस प्रवक्ता क्वाजिज्वोक डोमिनिक अमोंडोक ने कहा कि हमले के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने कहा, अभी तक मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात बंदूकधारियों ने जेबेल इराक स्थित सोने की खदान पर हमला किया। 70 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और कई अन्य घायल हैं। वहीं, सूडान पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने इस हमले की निंदा की है और इसके लिए सरक. ारी बलों को जिम्मेदार ठहराया है।

## लेबनान में 3,70,000 बच्चों समेत 10 लाख ने छोड़ा घर: यूनिसेफ

**बेरूत।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक ओर सेना को दक्षिणी लेबनान में आक्रमण का विस्तार करने का निर्देश दिया है, वहीं दूसरी ओर यूनिसेफ ने चेता. वनी दी है कि लेबनान में तेजी से बढ़ते संघर्ष ने बड़ा मानवीय संकट पैदा कर दिया है। मात्र तीन हफ्तों के भीतर देश की लगभग 20 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई है।

प्रभावित लोगों में 370000 से अधिक बच्चे शामिल हैं। यूनिसेफ के अनुसार, हर दिन औसतन 19000 बच्चे अपना घर छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने रविवार को नॉर्दर्न कमांड से जारी वीडियो संदेश में कहा है कि मैंने अभी मौजूदा सुरक्षा बफर जोन का और विस्तार करने का निर्देश दिया है। हम इजरायल के उत्तर की स्थिति को मौलिक रूप से बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही उन्होंने कब्जे वाले 'गाजा मॉडल' को दो. हराने के अपने देश के घोषित प्रयास को आगे बढ़ाया। यूनिसेफ के अधिकारियों का कहना है कि विस्थापन की गति और पैमाना हाल के वर्षों में अभूतपूर्व है। पूरे देश में 10 लाख से अधिक लोग अपने घरों से भागने को मजबूर हुए हैं। इनमें से कई दूसरी, तीसरी या चौथी बार विस्थापित हुए हैं। सहायता समूहों ने इस स्थिति को बेहद अराजक और अस्थिर करने वाला बताया है।



■ मात्र तीन हफ्तों के भीतर देश की लगभग 20 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई है।

## इजरायल ने सीएनएन पत्रकारों से बदसलूकी पर बटालियन को किया सस्पेंड

**तेल अवीव।** वेस्ट बैंक में सीएनएन पत्रकारों से बदसलूकी और हिरासत मामले में इजरायली सेना ने पूरी बटालियन को सस्पेंड किया और रिजर्व बटालियन की आपरेशनल गतिविधियां भी रोक दीं। यह बटालियन नेत्जाह यूनिट का हिस्सा है। सेना के मुताबिक बटालियन को तुरंत वेस्ट बैंक से हटाकर ट्रेनिंग पर भेजा गया है और जांच पूरी होने तक यह किसी आपरेशन में शामिल नहीं होगी। यह घटना पिछले हफ्ते फलस्तीनी गांव तायासिर में हुई, जहां सीएनएन टीम रिपोर्टिंग कर रही थी। आरोप है कि सैनिकों ने टीम को हिरासत में लिया और एक फोटो जर्नलिस्ट से मारपीट की, जिससे उसका कैमरा टूट गया।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

S.D. COLLEGE OF COMMERCE
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
BHOPA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Invites Application for
APPOINTMENT OF ASSTT. PROFESSOR
In The Following Courses:
B.Sc. (Computer Science)
B.A. (Economics) B.Sc. (Botany)
M.Com. B.Com.
Eligibility & Salary :- As per UGC & University Norms
Interested candidates can mail their resume within 15 days of publishing of the advertisement to :
sdccmzn819@gmail.com
or Contact at- 9897690116

S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
Bhopa Road, Muzaffarnagar
Invites Application for
APPOINTMENT OF ASSTT. PROFESSOR
In The Following Courses:
BBA BCA
BFA B.Sc (Comp.Science)
Eligibility & Salary :- As per UGC & University Norms
Interested candidates can mail their resume within 15 days of publishing of the advertisement to :
sdcmsug236@gmail.com
Or Contact: 8937095006

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108